राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 352 लखनऊ, गुरुवार 14 अगस्त, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





बर्ड फ्लू के दृष्टिगत प्राणी उद्यानों में बरती जाए कड़ी निगरानी व सतर्कता : योगी 03

राजकीय महाविद्यालय के तत्वावधान में निकली तिरंगा रैली 12


**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| सोना | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|
| 24 कैरेट | = 1,01,550/ |
| 22 कैरेट | = 93,100/ |
| 18 कैरेट | = 76,180/ |
| चांदी | प्रति किलो |
| | = 1,15,000/ |



# सीएजी रिपोर्ट में अनियमितताओं का खुलासा

## नगर निगम में ठोस कचरा प्रबंधन व घर-घर कचरा संग्रह में खामियां, इकोग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड को अनुचित लाभ पहुंचाने का मामला उजागर

▸ खनन में इस्तेमाल हुआ शव वाहन व एम्बुलेंस, सड़क निर्माण में धांधली

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** विधानसभा के मानसून सत्र में पेश अलग-अलग विभागों की नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक सीएजी रिपोर्ट में कई विभागों में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का खुलासा किया है। खनन, ठोस कचरा प्रबंधन और सड़क निर्माण जैसे क्षेत्रों में हुई धांधलियों ने सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

कांग्रेस नेता अराधना मिश्रा मोना ने विजन डॉक्यूमेंट 2047 पर चर्चा के दौरान कहा कि ऑडिट रिपोर्ट में खनन के लिए इस्तेमाल की गई गाड़ियों में शव वाहन और एम्बुलेंस तक शामिल होने का चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। सीएजी रिपोर्ट के अनुसार लखनऊ नगर निगम में ठोस कचरा प्रबंधन और घर-घर कचरा संग्रह में अनियमितताएं पाई गईं। महापौर संयुक्ता भाटिया के कार्यकाल



में मेसर्स इकोग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड को अनुचित लाभ पहुंचाने का मामला उजागर हुआ है। जनवरी 2018 से मार्च 2022 तक फर्म ने 215.89 करोड़ रुपये के बिल पेश किए, लेकिन सत्यापन के बाद पर्यावरण अभियंता ने केवल 169.21 करोड़ रुपये का भुगतान किया। सीएजी ने पाया कि बिलों में कचरे की मात्रा को मनमाने ढंग से बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया। शिवरी लखनऊ में अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र सितंबर 2019 और अक्टूबर 2020 के बीच 409 दिन तक बंद रहा। इस दौरान फर्म पर 39.74 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया, लेकिन निगम ने फर्म को 5.28 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया। सीएजी ने इस गलत भुगतान के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की सिफारिश की है। रिपोर्ट के अनुसार देश में सड़कों की लंबाई के मामले में उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर है, जहां 4,42,907 किलोमीटर सड़कों का नेटवर्क है। इनमें से 2,98,242 किलोमीटर सड़कें जनवरी 2023 तक लोक निर्माण विभाग के अधीन थीं।2016-17 से 2022-23 तक केंद्रीय सड़क निधि से सड़क विकास पर 7,257.86 करोड़ रुपये खर्च किए गए, लेकिन 78 फीसदी कार्य निर्धारित समय से 59 से 1,474 दिन तक देरी से पूरे हुए। पीडब्ल्यूडी ने यातायात सर्वेक्षण और योजना के अभाव में सड़कों की पहचान और प्राथमिकता तय करने में लापरवाही बरती। यातायात गणना भारतीय सड़क कांग्रेस के मानकों के अनुसार नहीं की गई, बल्कि सांकेतिक मानकों पर आधारित थी। वित्तीय प्रबंधन में भी खामियां मिलीं। टेंडर प्रक्रिया में नियमों का उल्लंघन हुआ। कार्यों की स्वीकृति से पहले ही टेंडर आमंत्रित किए गए और अल्पकालीन सूचनाएं जारी की गई. 111 में से 15 टेंडरों के बिलों को पुनरीक्षित कर 50 फीसदी से अधिक बढ़ाया गया, जिससे ठेकेदारों को अनुचित लाभ पहुंचा। सीएजी ने ठोस कचरा प्रबंधन के लिए जनजागरूकता बढ़ाने, बजट का समय पर और उचित उपयोग करने और अपशिष्ट प्रबंधन के लिए निर्धारित बजट को न रोकने की सिफारिश की है। सड़क निर्माण में पारदर्शिता और यातायात सर्वेक्षण को अनिवार्य करने पर जोर दिया गया है।

### विकसित उत्तर प्रदेश हमारा लक्ष्य : केशव प्रसाद मौर्य



**लखनऊ।** मानसून सत्र के तीसरे दिन विधान परिषद में नियम 105 के अन्तर्गत समाजवादी पार्टी के सदस्यों द्वारा शिक्षा,स्वास्थ्य व बेरोजगारी से जुड़े विषयों पर दी गई सूचना पर नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने सदन को अवगत कराया। कई विषयों पर विपक्ष के सदस्य संतुष्ट भी हुए। भोजनावकाश के बाद विधान परिषद के दूसरे सत्र में विपक्षी सदस्यों ने तारांकित प्रश्न पूछे। इसके बाद तारंकित प्रश्नों का उत्तर भी नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने दिया। केशव प्रसाद मौर्य ने विधान परिषद में 'विकसित भारत- विकसित उत्तर प्रदेश 2047' पर बोलते हुए कहा कि विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश एक रथ के दो पहिए हैं। विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश हमारा लक्ष्य है। 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य है। इस दिशा में सभी लोग योगदान देने का काम करें। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आजादी के तत्काल बाद विकसित भारत बनाने का लक्ष्य क्यों नहीं लिया गया। भ्रष्टाचार की अम्मा कांग्रेस ने अगर भ्रष्टाचार का रास्ता नहीं खोला होता तो देश बहुत पहले विकसित बन जाता। नेता सदन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। दुनिया के सबसे अधिक देशों के सर्वोच्च सम्मान उन्होंने प्राप्त किया है। वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी सबसे अधिक समय तक मुख्यमंत्री रहने का रिकार्ड बनाया है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है।

### श्री बांके बिहारी मंदिर न्यास गठन के अध्यादेश को मंजूरी

चढ़ावा, संपत्ति और प्रशासन का मिला हक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन बांके बिहारी मंदिर निर्माण आर्डिनेंस को मंजूरी मिल गई। सदन में बुधवार सुबह 11 बजे विकसित भारत, विकसित यूपी विजन डॉक्यूमेंट 2047 पर 24 घंटे की चर्चा शुरू हो गई है ।इसमें सरकार विभागवार उपलब्धियां और विजन रख रही है, जबकि विपक्ष के सवालों का दौर भी जारी है। इस दौरान सत्र में बांके बिहारी कॉरिडोर आर्डिनेंस विधेयक भी पास हो गया है। अध्यादेश स्पष्ट करता है कि मंदिर के चढ़ावे, दान और सभी चल-अचल संपत्तियों पर न्यास का अधिकार होगा। इसमें मंदिर में स्थापित मूर्तियां, मंदिर परिसर और प्रसीमा के भीतर देवताओं के लिए दी गई भें,उपहार, किसी भी पूजा-सेवा-कर्मकांड-समारोह-धार्मिक अनुष्ठान के समर्थन में दी गई संपत्ति, नकद या वस्तु रूपी अर्पण, तथा मंदिर परिसर के उपयोग के लिए डाक तार से भेजे गए बैंक ड्राफ्ट और चेक तक शामिल हैं। मंदिर की संपत्तियों में आभूषण, अनुदान, योगदान, हुंडी संग्रह सहित श्री बांके बिहारी जी मंदिर की सभी चल एवं अचल संपत्तियां सम्मिलित मानी जाएंगी। सरकार ने कहा है कि न्यास का गठन स्वामी हरिदास की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए किया गया है। स्वामी हरिदास के समय से चली आ रही रीति-रिवाज, त्योहार, समारोह और अनुष्ठान बिना किसी हस्तक्षेप या परिवर्तन के जारी रहेंगे। न्यास दर्शन का समय तय करेगा, पुजारियों की नियुक्ति करेगा और वेतन, भत्ते प्रतिकर निर्धारित करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में क्रिकेटर सुरेश रैना ईडी के समक्ष पेश

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना कथित अवैध सट्टेबाजी ऐप से जुड़े मनी लॉन्?ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए बुधवार को नई दिल?ली स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी एक 'अवैध' सट्टेबाजी ऐप से जुड़े जांच के सिलसिले में धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत उनका बयान दर्ज करेगी। पूर्व भारतीय क्रिकेटर कुछ विज्ञापनों के जरिए इस ऐप से जुड़े हुए हैं। ईडी इस ऐप से उनके संबंधों के बारे में पूछताछ करना चाहती है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने 38 वर्षीय सुरेश रैना को 13 अगस्त को 1×बीईटी नामक ऐप से जुड़े एक अवैध सट्टेबाजी मामले में पूछताछ के लिए समन जारी करके पूछताछ के लिए आज बुलाया था।

### कुल्लू में दो जगह बादल फटे खाली करवाए गांव, सड़कें बंद

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मॉनसून का प्रकोप एक बार फिर तेज हो गया है। कुल्लू जिला के बंजार व आनी-निरमंड उपमंडल में बुधवार को दो अलग-अलग जगह ऊंची पहाड़ियों पर बादल फटने की घटनाएं हुईं। पहली घटना बठाहड़ क्षेत्र में और दूसरी श्रीखंड महादेव भीम डवारी इलाके में दर्ज की गई। इनसे तीर्थन घाटी एवं आसपास के कई निचले ग्रामीण इलाकों में पानी और मलबा भर गया। प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से कई गांव खाली करवाए हैं। आनी के कुर्पण खड्ड में बाढ़ आने से पैदल पुल क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि राहत की बात है कि अभी तक किसी तरह के जानी नुकसान की सूचना नहीं है।

### नियंत्रण रेखा के पास गोलीबारी में सैनिक शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा के पास हुयी मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों ने बताया कि उरी सेक्टर के चुरंडा इलाके में बुधवार तड़के लगभग साढ़े तीन बजे गोलीबारी हुई। इस मुठभेड़ में एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसकी मौत हो गयी। यह अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है कि यह बॉर्डर एक्शन टीम का हमला था या चुरंडा इलाके में घुसपैठ की नाकाम कोशिश थी। इस घटना पर सेना या पुलिस की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक विस्तृत बयान नहीं आया है।

### भारत के 89वें ग्रैंडमास्टर बने रोहित कृष्ण एस

**नई दिल्ली।** रोहित कृष्ण एस मंगलवार को कजाकिस्तान में अल्माटी मास्टर्स कोनाएव कप में भारत के 89वें ग्रैंडमास्टर बने। 20 वर्षीय रोहित ने आखिरी राउंड में अर्मेनियाई आईएम आर्टुर दावत्यान को हराकर नौ में से छह अंक हासिल किए और इस तरह अपना तीसरा और आखिरी जीएम नॉर्म हासिल किया। के. विश्वेश्वरन के कोच रोहित ने इस साल मार्च में होटल स्टॉकहोम नॉर्थ जीएम राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट जीतकर अपना पहला जीएम नॉर्म हासिल किया।

## भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज बैठक में सरकार व उद्योग जगत के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और सिंगापुर के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को गति प्रदान करने के उद्देश्य से आज नई दिल्ली में दोनों देशों की तीसरी मंत्रिस्तरीय गोलमेज बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों देशों ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के संकल्प की पुष्टि की। इस दौरान सरकार और उद्योग जगत के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया।

बैठक में भारत की ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, इलेक्ट्रोनिक एवं आईटी मंत्री अश्वनी वैष्णव ने भाग



लिया। वहीं सिंगापुर की ओर से उप प्रधानमंत्री गम किन योंग, राष्ट्रीय सुरक्षा एवं गृह मामलों के समन्वयक मंत्री के. शन्मुगम, विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णन, डिजिटल विकास एवं सूचना मंत्री जोसेफिन टीओ, श्रम मंत्री डॉ. तन सी लेंग और परिवहन के कार्यवाहक मंत्री जेफ्री सिओ ने भाग लिया। बैठक के बारे में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मंत्रियों ने आईएसएमआर के छह स्तंभों- डिजिटलीकरण, कौशल विकास, स्थिरता, स्वास्थ्य सेवा, कनेक्टिविटी और उन्नत विनिर्माण के तहत भारत और सिंगापुर के बीच द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पर कहा कि सरकार और उद्योग के बीच तालमेल दोनों देशों के रिश्तों के अगले चरण को खोलने की कुंजी है।

### सुप्रीम कोर्ट ने की ओलंपियन सुशील की जमानत रद्द आत्मसमर्पण का आदेश

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सागर धनखड़ हत्याकांड के आरोपी ओलंपियन पहलवान सुशील कुमार की जमानत रद्द करते हुए उसे एक सप्ताह में आत्मसमर्पण करने का बुधवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने सागर के पिता अशोक धनखड़ की याचिका पर यह आदेश पारित किया। श्री धनखड़ ने सुशील को दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से मार्च में दी गयी जमानत के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत में अपील की थी। उन्होंने मामले के गवाहों को धमकाने का आरोप लगाते हुए जमानत रद्द करने की गुहार लगाई थी।

## दर्शन कर लौट रहे 11 श्रद्धालुओं की हादसे में मौत

▸ सभी यूपी के कासगंज (एटा) के रहने वाले

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान के दौसा जिले में बुधवार तड़के करीब चार बजे भीषण सड़क हादसे में 11 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। दौसा-मनोहपुर रोड पर बापी के पास एक कंटेनर और यात्री पिकअप की जोरदार भिड़ंत में 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक महिला श्रद्धालु ने जयपुर के एसएमएस अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

सभी उत्तर प्रदेश के कासगंज (एटा) के रहने वाले हैं। यह लोग खाटूश्याम के दर्शन कर लौट रहे थे।



दौसा जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, बापी के पास हुए एक हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई है। नौ लोगों को इलाज के लिए रेफर किया गया है और तीन का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। यह दुर्घटना एक यात्री पिकअप और कंटेनर के बीच हुई है। दौसा पुलिस ने बताया कि सभी श्रद्धालु खाटूश्याम और सालासर दर्शन के बाद उत्तर प्रदेश अपने घर जा रहे थे। शुरुआती जांच में सामने आया है कि कंटेनर ने पिकअप को पीछे से टक्कर मारी। पिकअप में 22 से ज्यादा श्रद्धालु थे। इनमें दस की मौत दौसा में हुई है। वहीं, एक गंभीर घायल ने जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में दम तोड़ा है। हादसे में सात बच्चे और चार महिलाओं की मौत हुई है।

### पीड़ितों को राहत की घोषणा

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के दौसा में एक हादसे में हुए जान माल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएँगे।

### मिश्रिख नगर पालिका उप चुनाव में भाजपा की प्रत्याशी सीमा भार्गव विजयी

**लखनऊ ।** सीतापुर की नगर पालिका मिश्रिख व महमूदाबाद में बुधवार को मतगणना हुई। मिश्रिख नगर पालिका उपचुनाव में भाजपा की प्रत्याशी सीमा भार्गव को विजयी घोषित किया गया। भाजपा की सीमा भार्गव ने 3148 मतों से जीत हासिल की। भाजपा प्रत्याशी सीमा भार्गव को 6512 और सपा की रामदेवी को 3365 वोट मिले हैं। नगर पालिका के अध्यक्ष के दो पदों के लिए बुधवार को मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू हुई। मतगणना स्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है। 25 मतगणना दलों ने मतों की गिनती की है। महमूदाबाद नगर पालिका परिषद के पालिका अध्यक्ष के उपचुनाव के लिए 11 अगस्त को मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था।

## ईडी की कार्रवाई : यूपी के रियल्टी समूह के 10 परिसरों में पड़ा छापा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** प्रवर्तन निदेशालय ने निवेशकों से 248 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में धनशोधन की जांच के तहत उत्तर प्रदेश स्थित एक रियल्टी समूह के खिलाफ बुधवार को छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि 'रोहतास प्रोजेक्ट्स लिमिटेड' के खिलाफ मामले में लखनऊ में कम से कम आठ और दिल्ली में दो परिसरों पर छापे मारे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही है। धन शोधन का यह मामला 2021 से घर व्यावसायिक स्थान खरीदने वालों द्वारा दर्ज कराई गई 87 प्राथमिकियों से जुड़ा है। इन प्राथमिकियों में आरोप लगाया गया है कि खरीदारों के साथ धोखाधड़ी की गई और उन्हें उनकी संपत्तियां नहीं दी गई। सूत्रों ने बताया कि 'यूपी रेरा' द्वारा किए गए फोरेंसिक ऑडिट के अनुसार, इस मामले में ''अपराध से अर्जित आय'' 248 करोड़ रुपये है।

उन्होंने दावा किया कि सबूत जुटाने और प्रवर्तकों की संपत्ति जब्त करने के उद्देश्य से यह छापेमारी की जा रही है क्योंकि वे पिछले चार वर्षों से ''फरार'' हैं। कंपनी के प्रवर्तकों की पहचान पीयूष रस्तोगी, परेश रस्तोगी और दीपक रस्तोगी के रूप में की गई है।

## शिक्षक या स्कूल स्टाफ को नहीं होगी छात्र-छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार, मारपीट या प्रताड़ना की अनुमति

▸ डीजी स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने सभी बीएसए को दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के सरकारी और निजी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों की सुरक्षा एवं गरिमा के लिए शिक्षा विभाग ने अहम कदम उठाए हैं। अब किसी भी शिक्षक या स्कूल स्टाफ को छात्र-छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार, मारपीट या मानसिक प्रताड़ना करने की अनुमति नहीं होगी।

विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि बच्चों को न तो डांटना, न ही थप्पड़ मारना, चिकोटी काटना या शारीरिक दंड देना वैध होगा। बेसिक शिक्षा




विभाग ने यह आदेश जारी करते हुए कहा है कि स्कूलों, छात्रावासों, जेजे होम्स और बाल संरक्षण गृहों में किसी भी बच्चे को शारीरिक या मानसिक रूप से प्रताड़ित नहीं किया जा सकता।

डीजी स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने प्रदेश के सभी बीएसए को निर्देशित किया है कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार हर संस्थान में शिकायत निवारण की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए। हर स्कूल व बाल संरक्षण संस्थान में शिकायत पेटिका लगाना अनिवार्य होगा ताकि बच्चों की आवाज सुनी जा सके। यदि जरूरत पड़ी तो इस कार्य में गैर-सरकारी संगठनों की भी मदद ली जा सकती है। बच्चों को यह जानकारी भी दी जाएगी कि वे किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की स्थिति में अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

शिक्षा विभाग ने एक निःशुल्क हेल्पलाइन नंबर 1800-889-3277 जारी किया है, जिस पर बच्चे या उनके अभिभावक शिकायत दर्ज कर सकते हैं। शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### आय प्रमाणपत्र निरस्त करने से पहले सुनवाई का मौका देना जरूरी : हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा कि आय प्रमाण पत्र निरस्त करने से पहले सुनवाई का मौका देना जरूरी है। ऐसा न करना नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत का उल्लंघन है। कोर्ट ने तहसीलदार के आय प्रमाणपत्र निरस्त करने के आदेश को अवैध करार देते हुए रद्द कर दिया और नये सिरे से सत्यापन करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि तहसीलदार याची को नोटिस जारी करेंगे। याची को इसमें मदद करनी होगी। यदि प्रमाण पत्र निरस्त करने का कोई कारण मिलता है तो याची का पक्ष अवश्य सुना जाना चाहिए। यह आदेश न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा तथा न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने अंजली दुबे की याचिका पर दिया। याची गाजीपुर, तहसील जखनिया की निवासी हैं।

## जम्मू व कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाली की याचिका पर सुनवाई आज

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की याचिका पर गुरुवार सुनवाई करेगा।

मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई की अध्यक्षता वाली एक पीठ इस मामले में हस्तक्षेपकर्ताओं में से एक द्वारा संविधान के अनुच्छेद 370 के संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत में 14 अगस्त को सुनवाई के लिए जारी वाद सूची में इसका जिक्र किया गया है। अदालत उस याचिका पर सुनवाई करेगी जिसमें केंद्र सरकार द्वारा अदालत को दिए गए आश्वासन के अनुसार, उसे (केंद्र को) दो महीने के भीतर समयबद्ध तरीके से जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने का निर्देश देने की मांग की गई है। इसजज़हूर अहमद भट और अन्य ने अक्टूबर, 2024 में अदालत में आवेदन दायर किया था। एक अन्य याचिका इरफान हाफिज लोन ने दायर की थी। याचिका में दावा किया गया था कि समयबद्ध तरीके से जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे की बहाली न करना संघवाद के विचार का उल्लंघन है, जो संविधान के मूल ढांचे का एक हिस्सा है। याचिका में कहा गया है, ÷यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि राज्य का दर्जा बहाल किया जाए ताकि लोग अपनी व्यक्तिगत पहचान में स्वायत्तता का आनंद ले सकें और देश के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

### वर्ष 2027 तक भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के कोच बने खालिद जमील

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को खालिद जमील को भारतीय सीनियर पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। जमील का कार्यकाल दो साल का होगा। जिसमें एक और वर्ष के लिए विस्तार का विकल्प भी शामिल है। जमील पूर्णकालिक आधार पर राष्ट्रीय टीम के साथ काम करेंगे और 15 अगस्त को बेंगलुरु के द्रविड़-पादुकोण सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में अपना पहला प्रशिक्षण शिविर शुरू करेंगे। संभावित खिलाड़ियों की सूची जल्द ही घोषित की जाएगी। उनका पहला टूर्नामेंट नेशंस कप होगा, जहां भारत ग्रुप बी में मेज़बान ताजिकिस्तान (29 अगस्त), ईरान (1 सितंबर) और अफ़ग़ानिस्तान (4 सितंबर) से भिड़ेगा।

**सत्र** | लोहिया संस्थान व केजीएमयू जैसे बड़े स्वास्थ्य संस्थानों में गम्भीर मरीजों का नहीं हो पा रहा इलाज

## स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में उत्तर प्रदेश का स्थान सबसे नीचे

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मानसून सत्र के तीसरे दिन उत्तर प्रदेश विधान परिषद में समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने स्वास्थ विषय पर सदन की कार्यवाही रोककर चर्चा कराए जाने की मांग की। सपा के सदस्य मुकुल यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश की वर्तमान सरकार के आठ वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है।

नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में उत्तर प्रदेश का स्थान सबसे नीचे है। उन्होंने कहा कि लोहिया संस्थान लखनऊ और केजीएमयू लखनऊ जैसे बड़े



स्वास्थ्य संस्थानों में गम्भीर मरीजों का इलाज नहीं हो पा रहा है। इन संस्थानों से गम्भीर मरीजों को निजी अस्पतालों मे दलालों के माध्यम से इलाज हेतु भेज दिया जाता है। आज जिला चिकित्सालय भ्रष्टाचार के केन्द्र बन गये है । जिला चिकित्सालयों मे उच्चीकरण / सुदृढ़ीकरण हेतु उपकरणों / साज सज्जा खरीद में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है । सपा के सदस्य बलराम यादव ने कहा कि अमर शहीद राजा जयपाल सिंह 100 शैय्या संयुक्त जिला चिकित्सालय अतरौलिया जनपद आजमगढ़ के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 सुरेन्द्र कुमार ध्रुव द्वारा वर्ष 2023-24 में उक्त चिकित्सालय के उच्चीकृत हेतु जेम निविदा द्वारा मनमाने तरीके से 01 करोड़ 76 लाख रुपए की खरीदारी की गयी है। जिसकी शिकायत शासन में हुई, इसके तहत तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा त्रि-सदस्यीय समिति (मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी, आजमगढ) गठित की गयी जिसमें समिति द्वारा डॉ0 सुरेन्द्र कुमार ध्रुव दोषी पाये गये और दिनांक 02 फरवरी, 2024 को जांच आख्या शासन को प्रेषित की गई। इसके बाद निदेशक, प्रशासन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ द्वारा दिनांक 29.06.2024 को डॉ0 सुरेन्द्र कुमार ध्रुव को आरोप प्रत्र दिया गया, परन्तु एक वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के उपरान्त भी उनके विरूद्ध अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी है। वह उसी अस्पताल में तैनात है जिससे उनके खिलाफ जाँच भी प्रभावित हो रही है। स्वास्थ्य सेवाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार से स्वास्थ्य सेवाएं दिन-प्रतिदिन चरमरा रही है, जिससे स्थिति विस्फोटक होती जा रही है।सपा के सदस्य मोहम्मद जास्मीर अंसारी ने कहा कि केजीएमयू व एसजीपीजीआई में वेंटिलेटर आईसीयू बढ़ाए जाएं। गुड्डू जमाली ने कहा कि केजीएमयू व सीपीजीआई पूरे विश्व में विख्यात है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व स्वास्थ्य को भी विजन डॉक्यूमेंट में शामिल करें।

# तिरंगा ट्रैक्टर रैली निकालकर किसानों ने एसडीएम को सौंपा तीन सूत्रीय ज्ञापन

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) व सहयोगी संगठनों के बैनर तले बुधवार को किसानों ने भव्य तिरंगा ट्रैक्टर रैली निकालकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। रैली नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंची, जहां किसानों ने तीन सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम निघासन को सौंपा। ज्ञापन जिलाधिकारी के नाम प्रेषित किया गया, जिसमें खेती, बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी ज्वलंत समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की गई। किसानों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में रासायनिक उर्वरकों की समय पर उपलब्धता न होने से धान सहित खरीफ की फसलें बर्बादी के कगार पर पहुंच गई। उनका कहना था कि यदि प्रशासन समय रहते ठोस कदम उठाता तो हालात इतने गंभीर न होते। दूसरी मांग में किसानों ने तिकुनियां विद्युत उपकेंद्र की बदहाली का मुद्दा उठाते हुए बताया कि यहां 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर वर्ष 2024 में ही लग जाना चाहिए था। इसके लिए 70 लाख रुपये भी समय से स्वीकृत हो चुके हैं, लेकिन अब तक ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया, जिससे विद्युत आपूर्ति लगातार बाधित हो रही है। तीसरे बिंदु में तिकुनियां स्वास्थ्य उपकेंद्र की दयनीय स्थिति पर नाराजगी जताई गई। किसानों ने कहा कि उपकेंद्र के बाहर जलभराव और कूड़े के ढेर आम बात हो गई है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह उदासीन है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि तय समय सीमा में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए निघासन कोतवाल महेशचंद पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।

## रास्ते के विवाद में मारपीट, चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** कोतवाली क्षेत्र में रास्ते के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम कुसमौरी निवासी जयशंकर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि गांव के ही शिवम, सियाराम, वेद प्रकाश और उसकी पत्नी रामदेवी ने रास्ते में धान लगा रखा था, जिससे ऑटो नहीं निकल पा रहा था। जब जयशंकर ने धान हटाने के लिए कहा, तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट की। जयशंकर का आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

# लालपुर में लाखों की लागत से बना बांध काटने का प्रयास, किसानों ने बनाया वीडियो

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



ग्राम पंचायत लालपुर में बहतिया नाले पर ग्राम पंचायत की ओर से लाखों रुपये की लागत ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राहुल यादव की काफी मेहनत व अधिकारियों से मांग करने के 15 साल बाद बन्धे का निर्माण कराया गया था निर्मित बांध को कुछ लोगों ने काटने का प्रयास किया। घटना मंगलवार रात करीब एक बजे की है। आरोप है कि जीतपुरवा निवासी कौशली, नेतराम, नेतराम का लडका, रामबिलास समेत 10-15 अज्ञात लोग चोरी-छिपे बांध काटने लगे। इसी दौरान खेत पर फसल की रखवाली कर रहे किसानों ने आरोपियों का वीडियो बना लिया। किसानों का कहना है कि वीडियो बनते देख आरोपी मौके से भाग गए, लेकिन जाते-जाते भविष्य में बांध को पूरी तरह क्षतिग्रस्त करने की धमकी दे डाली। किसानों का कहना है कि यदि बांध टूट गया तो ग्राम पंचायत लालपुर में बाढ़ का खतरा बढ़ जाएगा, जिससे आमजन को भारी नुकसान झेलना पड़ेगा और खेतों में खड़ी फसल बर्बाद हो सकती है। ग्रामीणों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और बांध की मरम्मत की मांग की है। प्रधान प्रतिनिधि राहुल यादव ने इस संबंध में उपजिलाधिकारी सहित निघासन कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# अद्वित सक्सेना ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर लहराया परचम, ड्राइंग में हासिल किया दूसरा स्थान

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती, यह सिद्ध कर दिखाया है लखीमपुर खीरी से संबंध रखने वाले अद्वित सक्सेना ने। सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, लखनऊ में कक्षा 6 के छात्र अद्वित ने हाल ही में आयोजित दसवीं इंटरनेशनल इंटरफेथ कॉन्फ्रेंस में भाग लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया और अपनी कला प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया। इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अद्वित ने अपनी प्रस्तुति में न केवल रचनात्मकता का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया, बल्कि संदेशपूर्ण चित्रों के माध्यम से सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे का सुंदर चित्रण किया। कार्यक्रम के समापन पर उन्हें द्वितीय स्थान का प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अद्वित इन दिनों अपने नाना-नानी के घर लखीमपुर आए हुए हैं। उनके नाना सुनील बरतरिया ने गर्व व्यक्त करते हुए बताया, अद्वित को बचपन से ही ड्राइंग और पेंटिंग में विशेष रुचि रही है। वह घंटों रंगों और रेखाओं के साथ प्रयोग करता है और हर बार कुछ नया रचता है। उसकी यही लगन और मेहनत आज उसे इस मुकाम तक लाई है। परिवारजन, रिश्तेदार और मित्रगण अद्वित की इस उपलब्धि से बेहद प्रसन्न हैं। स्कूल शिक्षकों ने भी उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। अद्वित का मानना है कि किसी भी क्षेत्र में सफलता पाने के लिए निरंतर अभ्यास, धैर्य और जुनून जरूरी है। यह उपलब्धि न केवल अद्वित के परिवार के लिए गर्व का विषय है, बल्कि लखीमपुर खीरी के लिए भी गौरवपूर्ण क्षण है, जहां की मिट्टी में हमेशा से प्रतिभाएं पनपती रही हैं। अद्वित की यह सफलता आने वाले समय में अन्य बच्चों को भी प्रेरणा देगी कि यदि मन में लगन हो, तो बड़ी से बड़ी मंज़िल भी हासिल की जा सकती है।

## महिला पर जानलेवा हमला, तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** कोतवाली क्षेत्र में एक महिला पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम कुशमौरी निवासी रामदेवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह घर की सफाई कर रही थी, तभी जयशंकर, अरुण और रघुवर ने धारदार हथियार और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। रामदेवी के अनुसार, हमलावरों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी और गंदी गालियां दीं। हमले में रामदेवी के हाथ पर चोट आई है। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

## नवनियुक्त बीडीओ धन प्राप्त यादव ने कार्यशैली से जीता जनमानस का विश्वास




**ईसानगर, खीरी।** नव नियुक्त खंड विकास अधिकारी ईसानगर धन प्राप्त यादव के नेतृत्व में विकास खंड ईसानगर में बेहतर कार्य कराने के प्रयास तेज हो गए हैं। समाधान अब सुगम और सुरक्षित तरीके से होते दिख रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व अधिकारियों की तुलना में इनकी कार्यशैली अधिक पारदर्शी और जनता के हित में है। समय से कार्यालय पहुंचना और कुर्सी की जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वहन करना इनकी पहचान बन गया है। उनके समय पर आने से अन्य कर्मचारियों को भी समय का पालन करना पड़ रहा है। जनता से जुड़ाव और समस्याओं का त्वरित निस्तारण, उनकी लोकप्रियता को लगातार बढ़ा रहा है। ग्रामीणों का मानना है कि ऐसे ईमानदार और सक्रिय अधिकारी विकास कार्यों को नई दिशा दे सकते हैं।

# घर के सामने पशुओं को भगा रहे वृद्ध को कार ने मारी टक्कर, मौत

**निघासन खीरी।** निघासन हाईवे पर मंगलवार देर शाम तेज रफ्तार अज्ञात कार की टक्कर से घर के सामने छुट्टा पशुओं को भगा रहे वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में मातम पसर गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, गांव लखाही निवासी 65 वर्षीय सोबरन लाल भार्गव मंगलवार शाम अपने घर के सामने बेसहारा गोवंशीय पशुओं के झुंड को हटा रहे थे। इसी दौरान निघासन की ओर से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वृद्ध सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वेसड़क हादसे में वृद्ध की मौत से जहां परिवार में कोहराम मच गया, वहीं ग्रामीणों ने घटनास्थल पर वर्षों से हो रहे हादसों पर रोष जताया। उनका कहना था कि आबादी के निकट गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) न होने के कारण आए दिन जानलेवा हादसे हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठा पाया है।

## खबरें एक नजर में

### युवती जेवरात और नकदी संग प्रेमी के साथ फरार, पिता ने युवक समेत तीन पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** क्षेत्र के एक गांव से प्रेम-प्रसंग के चलते एक 21 वर्षीय युवती अपने घर से नकदी व जेवरात लेकर प्रेमी संग फरार हो गई। युवती के परिजनों ने गांव आलियापुर निवासी युवक समेत तीन लोगों के खिलाफ कोतवाली में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवती के पिता द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार, मंगलवार को उसकी पुत्री एक जोड़ी पायल, सोने का पैंडिल और 2500 रुपये नकद लेकर घर से निकल गई। परिजनों को शक है कि उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर गांव आलियापुर निवासी शोभित कुमार पुत्र महेश कुमार अपने साथ भगा ले गया है। घटना के बाद जब युवती का भाई शोभित की बहन नितेशा देवी और बहनोई कुलदीप कुमार से पूछताछ करने उनके घर पहुंचा, तो उन्होंने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की कोशिश की। युवती के पिता का आरोप है कि इस पूरी साजिश में शोभित की बहन नितेशा देवी, बहनोई कुलदीप कुमार के साथ-साथ उसकी मां पुष्पा देवी भी शामिल हैं। पुलिस ने पिता की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है, आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### मिर्जापुर क्षेत्र में गंगा की बाढ़ से हालत खराब, बाढ़ पीड़ित पलायन करने को मजबूर



**मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।** क्षेत्र में गंगा की बाढ़ से त्राहि त्राहि मची हुई है। गंगा के खादर में बसे तीन दर्जन से अधिक गांव न केवल पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं, बल्कि इन गांवों के आवागमन के लिए बनी सड़कें,स्टेट हाइवे के जगह जगह बह जाने से बाढ़ पीड़ितों की दिनचर्या थम सी गई हैं। जिससे बाढ़ग्रस्त गांवों में जाने व इमरजेंसी में गांवों से बाहर आने के लिए नाव का ही एकमात्र सहारा रह गया है। तहसील प्रशासन की नजर में सिर्फ ग्राम पंचायत पैलानी उत्तर,भरतपुर व गुटेटी उत्तर के मजरों में ही बाढ़ दिखाई दे रही है। जबकि इन ग्राम पंचायतों के निकटम ग्राम निविया नगला, एत्मादपुर, चक, पिंडरिया, मोती नगला, बांसखेड़ा, मुस्तफा नगर, कछियन नगला, मुड़िया खेड़ा, भौंरा नगला आदि गांवों के हालत भी बाढ़ से बदतर हैं। इन गांवों को जाने वाले बलदेवपुर - हेतमपुर मार्ग पर ग्राम एत्मादपुर के समीप दो से तीन फिट गहराई में बाढ़ का पानी बह रहा है। बाढ़पीड़ित अपनी गृहस्थी का सामान बैलगाड़ी में भरकर सुरक्षित स्थानों या रिश्तेदारियों में पलायन कर रहे हैं। जलालाबाद - ढाईघाट, शमशाबाद हाइवे पर ग्राम ढाई के आगे ग्राम बलदेवपुर से लेकर लगभग दस किलोमीटर ढाईघाट तक जगह जगह दो से तीन फिट की गहराई में बाढ़ का पानी तेजी से बह रहा है। जिससे हाइवे जगह जगह कट गया है। जिसमें दुर्घटनाओं का अंदेशा बढ़ गया है। प्रशासन ने ग्राम गुटेटी के निकट डिप पर पुलिस का बैरियर लगाकर आमजन का आवागमन रोक दिया है। आने जाने वालों को रोकने के लिए पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी लगा दी गई है। बाढ़ क्षेत्र के अधिकांश स्कूल कॉलेज भवन जलमग्न हो जाने तथा आवागमन के रास्तों पर जलभराव होने से बंद कर दिए गए हैं। बाढ़पीड़ितों की स्वास्थ्य रक्षा के लिए सीएचसी जरियनपुर के प्रभारी डॉ आदेश रस्तोगी के नेतृत्व में मेडिकल टीम को इस्लाम नगर में कैंप लगाने के लिए स्टीमर से भेजा गया है। नायब तहसीलदार अमित कुमार राजस्व निरीक्षक अनुराग शर्मा, उमेश कटियार, रामकुमार श्रीवास्तव, लेखपाल योगेश कुमार, हिमांशु रंजन आदि बाढ़ क्षेत्र में नाव से भ्रमण कर स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। किंतु अभी तक किसी बाढ़पीड़ित को बाढ़ राहत के नाम पर अंधेरी रात में रोशनी के लिए एक एक माचिस और कैंडल तक मुहैया नहीं करवाई गई है।

## पत्नी के मायके में आकर पति ने भाई को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

एक अनोखे मामले में पति ने अपनी पत्नी के मायके में आकर उसके भाई को पीट दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम दलेलनगर निवासी निधि ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका पति राहुल 11 अगस्त को उसके मायके आया और उसके भाई परशुराम को लात-घूसों और लोहे की रॉड से मारा। निधि का आरोप है कि उसके पति ने भाई को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने इस मामले में राहुल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बजरंग दल के विभाग अध्यक्ष देव जुनेजा के समर्थन में कार्यकर्ताओं का जेल भरो आंदोलन शुरू

- गोला गोकर्णनाथ कोतवाली में सैकड़ों कार्यकर्ताओं का जुटाव, निष्पक्ष जांच की मांग



**गोला गोकर्णनाथ, लखीमपुर।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को गोला कोतवाली के बाहर प्रदर्शन कर जेल भरो आंदोलन की शुरुआत की। संगठन के कार्यकर्ताओं ने विभाग अध्यक्ष देव जुनेजा के खिलाफ दर्ज किए गए मुकदमे को झूठा और निराधार बताते हुए, मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। जानकारी के अनुसार, 8 अगस्त 2025 को एक स्थानीय ढाबे पर हुई मारपीट की घटना में देव जुनेजा को बेवजह फंसाए जाने का आरोप कार्यकर्ताओं द्वारा लगाया गया है। इस संबंध में बजरंग दल की जिला इकाई द्वारा पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन भी सौंपा गया है, जिसमें मांग की गई है कि किसी सक्षम अधिकारी द्वारा इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। जिला अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने कहा, देव जुनेजा निर्दोष हैं। उनका नाम साजिश के तहत मामले में जोड़ा गया है। यदि जल्द न्याय नहीं मिला, तो संगठन प्रदेश स्तर पर आंदोलन करेगा। हम जेल जाने के लिए तैयार हैं। वहीं, जिला उपाध्यक्ष आकाश जायसवाल ने कहा कि यह केवल देव जुनेजा का नहीं, बल्कि समस्त राष्ट्रवादी कार्यकर्ताओं के सम्मान का प्रश्न है। उन्होंने कहा कि पुलिस को जल्द निष्पक्ष कार्रवाई करनी चाहिए, अन्यथा संगठन सड़कों पर उतरने को बाध्य होगा। आंदोलन शांतिपूर्ण रहा और संगठन के नेताओं ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य केवल न्याय की मांग है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल, उपाध्यक्ष आकाश जायसवाल, मंत्री अखिलेश जायसवाल, और अन्य दर्जनों कार्यकर्ताओं के हस्ताक्षर मौजूद हैं। इनमें राहुल शर्मा, सुनील, महंत चेतराज, शिवम, गगन सहित कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पिकअप व बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत

- बाइक व पिकअप में आमने-सामने से हुई टक्कर



**शाहजहांपुर/मीरानपुर कटरा।** तीब्र गति से आ रही पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी जिसमे बाइक चालक की इलाज के दौरान मौत हो गयी । हादसा दोपहर लगभग 12 बजे का है जब जलालाबाद स्टेट हाइवे स्थित गांव फिलनगर के सामने जलालाबाद की ओर से आ रहे तीन बाइक सबार जब मोड़ पर पहुंचे तभी गलत दिशा से आ रही एक पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवक उछल कर दूर जा गिरे। जबकि पिकअप चालक पिकअप छोड़कर फरार हो गया। हादसा होते ही भीड़ जमा हो गयी और आनन फानन में लोगो ने तीनों की स्थिति देखते हुए इलाज के लिए बरेली भेज दिया। इस दौरान एक बताया कि वह कटरा के गांव रमपुरा रिश्तेदारी में आ रहे थे। बाइक फरुखाबाद निवासी संदीप पुत्र प्रेमपाल चला रहा जबकि विपिन पुत्र भन्तु व एक अन्य पीछे बैठे थे। जिसमें संदीप की इलाज के दौरान मौत हो गयी और दोनों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है।

# दारुल उलूम सरकारी आसी, सादुल्लानगर के छात्र-छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा अभियान के तहत दारुल उलूम सरकारी आसी, सादुल्लानगर के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को विशाल तिरंगा यात्रा निकाली। हाथों में तिरंगा लिए छात्र-छात्राएं राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ नगर के इलाही बाबा कुटी होते हुए अहिरौली व सादुल्लाहनगर मुख्य मार्गो से गुजरे।

छात्र छात्राओं ने भारत माता के जय घोष के भारत के जयघोष और हिंदुस्तान जिंदाबाद की आवाज बुलंद करते लोग हाथों में तिरंगा लेकर आगे बढ़ रहे थे । प्रधानाचार्य इसरार अहमद ने कहाँ कि भारत देश हमारा महान है इसकी शान तिरंगा है । इस झंडे का शान कभी शान कम नही होने देना चाहिए हर हर लोगों यह भावना होना चाहिए । इस अवसर पर प्रधानाचार्य , इसरार अहमद, मोहम्मद अकलीम हाशमी, खान मोहम्मद, मोहम्मद वकास हाशमी, सैय्यद इरफान, सैय्यद फरहान, मोनिस हाशमी, तैय्यब हाशमी, दिलदार हुसैन, शाकिर अली, सैय्यद जफर सहित विद्यालय के शिक्षक, छात्र और स्थानीय लोग मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना और राष्ट्रीय एकता का संदेश देना रहा।

# डीएम-एसपी की अध्यक्षता में आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने को लेकर बैठक आयोजित

- त्योहारों के दौरान चप्पे-चप्पे पर होगी पुलिस एवं प्रशासन की नजर

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**




जिलाधिकारी पवन अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में आगामी त्यौहार को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में एसडीएम, सीओ , सभी थानों के संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओ के साथ सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मीटिंग में मौजूद धर्मगुरुओं और संभ्रांत नागरिकों के साथ संवाद किया गया। उन्होंने कहा कि सभी आगामी त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाए। कोई भी ऐसा कार्य न करे जिससे किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचे। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि त्योहारों के दृष्टिगत पूरी सतर्कता रखी जा रही हैं। त्योहारों के दौरान यदि कोई भी व्यक्ति धार्मिक भावनाएं भड़काने या दुष्प्रचार करने का प्रयास करेगा, तो उसके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। सभी लोगों से अपील किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाह की सूचना तुरंत पुलिस दें। इसके अलावा उन्होंने कहा कि युवा या अन्य कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर इस प्रकार की पोस्ट ना करें जिससे कि आपसी माहौल बिगड़े। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा अभियानः तिरंगा महोत्सव एवं देशभक्ति से ओतप्रीत म्यूजिकल कंसर्ट आयोजित

- डीएम ने छात्र-छात्राओं को आकर्षक प्रस्तुति पर दिया मेडल एवं प्रशस्ति पत्र

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**






आजादी के अमृत काल की श्रृंखला में हर घर तिरंगा अभियान के तहत जनपदस्तर पर कलेक्ट्रेट परिसर में तिरंगा महोत्सव एवं देशभक्ति से ओतप्रीत भव्य म्यूजिकल कंसर्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम पवन अग्रवाल , जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, सीडीओ हिमांशु गुप्त द्वारा दीपप्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रीत भव्य एवं आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सभी अतिथिगण द्वारा छात्र छात्राओं के उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में व्यापक जनसहभागिता रहीं। सभी विद्यालयों के छात्र छात्राओं एवं शिक्षककगण को डीएम एवं सीडीओ द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनमानस द्वारा सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा अभियान लिंक पर लोड करने को उत्साह देखा गया, सभी के द्वारा सेल्फी अपलोड कर अभियान जुड़ा गया।

इस दौरान परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास विभाग, जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक पर्यटन अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# शहर से लेकर गांव तक 'हर घर तिरंगा' की धूम, रेहरा बाजार में निकाली तिरंगा यात्रा

**रेहराबाजार/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



आजादी के अमृत महोत्सव के तहत शहर से लेकर गांव तक 'हर घर तिरंगा' अभियान का उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में रेहरा बाजार ब्लॉक परिसर से हनुमानगढ़ी मंदिर तक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। ब्लॉक प्रमुख पंकज सिंह चौहान की अगुवाई में निकली इस यात्रा में भारत माता की जय और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

हाथों में तिरंगा थामे, देशभक्ति के जोश से लबरेज़ लोग पूरे उत्साह के साथ आगे बढ़ते रहे। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख पंकज सिंह चौहान ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम के वीर बलिदानियों की गौरव गाथा को याद करना और उन्हें नमन करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से देशभक्ति का जज्बा जन-जन में जागृत होता है। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' का उल्लेख करते हुए कहा कि इसने पूरे देश को गौरवान्वित किया है और हमें अपने देश की सेवा पर गर्व है। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी विमला चौधरी, भाजपा कार्यकर्ता भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम करन मिश्र, अनिल सिंह, अवनीश सिंह, अनुराग सिंह, महेश वर्मा, अरविद प्रजापति जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। पूरा माहौल देशभक्ति के रंग में सराबोर रहा।

# बर्ड फ्लू के दृष्टिगत प्राणी उद्यानों में बरती जाए कड़ी निगरानी व सतर्कता : योगी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ** । एच-5 एवियनइन्फ्लूएंजा बर्ड फ्लू के संभावित खतरे को गंभीरता से लेते हुए चीफ मिनिस्टर योगी ने आज संबंधित विभागों को त्वरित और समन्वित कार्रवाई के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि संरक्षित पशु-पक्षियों की सुरक्षा प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

सीएम योगी ने स्पष्ट किया कि प्रदेश के प्राणी उद्यानों, पक्षी विहारों, नेशनल पार्कों, वेटलैंड क्षेत्रों और गो-आश्रय स्थलों में सुरक्षा उपायों को और मजबूत किया जाए।उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की गाइडलाइनों के अनुरूप कदम तत्परता से लागू करने के निर्देश दिए।

प्राणी उद्यान परिसरों को नियमित रूप से सेनेटाइज किया जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर ब्लो टॉचिंग की प्रक्रिया भी अपनाई जाए. सभी वन्य जीवों और पक्षियों की स्वास्थ्य जांच अनिवार्य रूप से हो और उनके आहार की गहन जांच के बाद ही भोजन उपलब्ध कराया जाए।

सीएम ने इस बात पर भी जोर दिया कि बाड़ों में नियुक्त कर्मचारियों की ड्यूटी जोखिम के स्तर को देखते हुए तय की जाए, ताकि सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन हो सके। सभी पोल्ट्री फार्मों की मानकों के अनुरूप कड़ी निगरानी की जाए और पोल्ट्री उत्पादों के आवागमन पर निरंतर नियंत्रण रखा जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को यह भी निर्देश दिया कि एच-5 एवियन इन्फ्लूएंजा के मानव स्वास्थ्य पर संभावित प्रभावों का गहन अध्ययन कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, ताकि संक्रमण की कोई श्रृंखला मानव समाज तक न पहुंच सके।केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण नई दिल्ली राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, स्वास्थ्य मंत्रालय, मत्स्य पालन एवं डेयरी विभाग तथा भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर बरेली सहित अन्य राष्ट्रीय संस्थानों के साथ सतत संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि इन संस्थानों से प्राप्त सुझावों का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

## 15 अगस्त को बंद रहेगा इमामबाड़ा, स्वतंत्रता दिवस और चेहल्लुम एक ही दिन

**लखनऊ** । राजधानी लखनऊ में 15 अगस्त को पुराने लखनऊ की इमारत को देखने वाले पर्यटकों को मायूसी होगी। आगामी शुक्रवार को चेहलुम है जिसकी वजह से बड़ा इमामबाड़ा, पिक्चर गैलरी पर्यटकों के लिए रहेंगे बंद।

जिला प्रशासन और हुसैनाबाद ट्रस्ट की ओर से नोटिस जारी करके यह सूचना दी गई। जारी किए गए नोटिस में बताया गया कि 15 अगस्त को अरबी कैलेंडर के हिसाब से 20 सफर की तारीख है। इसी दिन चेहलुम मनाया जाता है जिसको ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने निर्देश जारी किया है।

# लाल किले पर दिखेगा यूपी की लखपति दीदियों का उत्साह, डिप्टी सीएम ने बस को किया रवाना

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ** । स्वतंत्रता दिवस के मौके पर नई दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले पर आयोजित ध्वजारोहण समारोह में इस बार उत्तर प्रदेश की 14 चयनित 'लखपति दीदियां' भी शामिल होंगी। ये महिलाएं राज्य के विभिन्न जनपदों से उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत चयनित हुई हैं। अपने-अपने क्षेत्र में महिला स्वावलंबन की मिसाल बनी हैं। राज्य के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को 7-कालिदास मार्ग स्थित अपने कैंप कार्यालय से सभी लखपति दीदियों को नई दिल्ली के लिए रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह महिलाएं ग्रामीण अंचल में स्वरोजगार और आर्थिक आत्मनिर्भरता का प्रतीक हैं। लाल किले के कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय होगी। एनआरएलएम के तहत 'लखपति दीदी' वे महिलाएं हैं जिन्होंने स्वरोजगार से सालाना एक लाख रुपए या उससे अधिक की आय हासिल की है। इनके प्रयासों से न केवल परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि गांवों में अन्य महिलाओं को भी प्रेरणा मिली है।

## उत्तर प्रदेश को रामराज्य के वैभव तक पहुंचाने का है हमारा संकल्प : एके शर्मा

**लखनऊ**। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए उत्तर प्रदेश तेजी से काम कर रहा है। उन्होंने 2017 से पहले की बिजली व्यवस्था की बदहाली का जिक्र करते हुए बताया कि गांवों में न खंभे थे, न तार, और बिजली बिलों में घोटाले होते थे। लेकिन अब प्रदेश में 32,000 मेगावाट की पीक डिमांड पूरी की जा रही है, जो 2012-17 के 13,000 मेगावाट से कहीं अधिक है। पिछले सात दशकों में केवल साढ़े आठ लाख किसानों को नलकूप दिए गए थे, जबकि वर्तमान सरकार ने बीते आठ साल में 15 लाख किसानों को नलकूप प्रदान किए हैं। 1.5 लाख मजरों का विद्युतीकरण किया गया है।

# भाजपा के विजन में सिर्फ बेरोजगारी, महंगाई व भ्रष्टाचार

**स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार चरम पर : कांग्रेस**

समृद्ध न्यूज



**लखनऊ।** कांग्रेस नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा मोना ने योगी सरकार पर प्रदेश के विजन को लेकर हो रही चर्चा पर निशाना साधा और इसे मात्र दिखावा और इवेंट करार दिया है, विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान बोलते हुए मोना ने कहा कि देश के विकास के लिए अगर सबसे बड़ा कोई विजन देखा और उसे पूरा किया तो कांग्रेस सरकारों ने और हमारे नेताओं ने इसे पूरा किया,इस देश के विकास के विजन की नींव देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने रखी। आज प्रदेश के विकास के विजन 2047 पर चर्चा हो रही है और होनी भी चाहिए। हम चाहते थे कि इतने महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा के समय को और बढ़ाया जाय,

मोना ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार के पास विकास के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति की कमी दिखती है और उसका प्रमाण 10 साल की भाजपा योगी सरकार के कार्यकाल के आंकड़े हैं। सरकार को 10 साल बाद विकास के विजन की बात याद आई है, 10 साल हो गए प्रदेश के लिए जो बुनियादी ज़रूरतें हैं स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क और रोजगार के साथ साथ कृषि, अगर आंकड़ों को उठाकर देख लिया जाए तो सरकार के पास उस पर जवाब नहीं है।

श्रीमती मोना ने कहा की उत्तर प्रदेश कृषि प्रधान प्रदेश है, तो हमारी सरकारों में कृषि पर विशेष काम किया, ध्यान दिया लेकिन उत्तर प्रदेश में कृषि को जो बजट आवंटित हुआ वह मात्र 3.2 प्रतिशत है और दूसरे राज्यों में 6 प्रतिशत से ज्यादा, सरकार एक तरफ करती है कि हम किसानों की आय दोगुनी करेंगे ,जब बजट ही आधा है तो आय दुगनी कैसे करेंगे? प्रदेश में सड़कों का यही हाल है, आवंटित बजट का 50 प्रतिशत भी खर्च नहीं हो पाता परिणाम सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटना से मौतें उत्तर प्रदेश में हो रहीं हैं। भाजपा सरकार के फ्लैगशिप कार्यक्रम नमामि गंगे जल जीवन मिशन जिसके लिए बजट में 14823 करोड़ रुपए दिए गए थे, 2014 में नमामि गंगे प्रोजेक्ट की शुरुआत हुई थी।

## 4.7 किलो गांजा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ** । नगराम थाना पुलिस ने नहर मार्ग पर से तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया। आरोपियों से 4 किलो 700 ग्राम गांजा और ई-रिक्शा बरामद किया है। तीनों को मजिस्ट्रेट के सामने पेश कर ज्यूडिशियल कस्टडी में जेल भेज दिया गया। नगराम थाना प्रभारी विवेक कुमार चौधरी ने बताया-पकड़े गए आरोपियों में सरोजनी नगर का रहने वाला मनीष यादव, कांशीराम कॉलोनी का रहने वाला देव रावत उर्फ देवेश रावत और नगराम के खेड़ा गांव का रहने वाला जगदीप यादव उर्फ बबलू यादव शामिल हैं। उन्होंने बताया देव रावत पर घ्मानक नगर थाने में 10 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। मनीष यादव यादव पर सरोजनी नगर थाने में दो मामले दर्ज हैं। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे ई-रिक्शे को भी जब्त कर लिया है।


आपरेशन सिन्दूर की सफलता एवं 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधायी।



घनश्याम गुप्ता
रायबरेली हरिओम ट्रान्सपोर्ट कम्पनी
डेली सर्विस कानपुर से रायबरेली
113/162 ट्रान्सपोर्ट नगर,कानपुर
मो0नं0 9628572767

आपरेशन सिन्दूर की सफलता एवं 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधायी।



शिव सहाय गुप्ता
संरक्षक उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापर मंडल रायबरेली
लक्ष्मी काम्प्लेक्स चक अहमद पुर नजूल रायबरेली
मो0नं0 9838435333

आपरेशन सिन्दूर की सफलता एवं 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधायी।
चंद्र शेखर
मुख्य लिपिक
रायबरेली विकाश प्राधिकरण रायबरेली
मो0नं0 7311148724

ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता एवं 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें



निवेदक
एडवोकेट अचिन मेहरोत्रा
निवर्तमान जिला अध्यक्ष
भाजपा, सीतापुर
सीमा भार्गव
(नवनिर्वाचित अध्यक्ष)
नगर पालिका परिषद,
मिश्रिख, जनपद-सीतापुर

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




राकेश यादव
विधायक
गैसड़ी बलरामपुर

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



हेमन्त जायसवाल
ब्लाक प्रमुख
श्रीदत्तगंज
बलरामपुर

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



राधेश्याम वर्मा
वरिष्ठ भाजपा नेता,
चेयरमैन
आरएसवी हॉस्पिटल
उतरौला बलरामपुर

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



पलटू राम
सदर विधायक
बलरामपुर

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मनोज तिवारी
ब्लॉक प्रमुख
गैसड़ी, बलरामपुर

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



पंकज सिंह चौहान
ब्लाक प्रमुख
रेहरा बाजार, बलरामपुर

कार्यालय नगर पंचायत तुलसीपुर जनपद बलरामपुर

पत्रांक-307/न.प.तु./विज्ञप्ति/2025-26
दिनांक- 07.08.2025

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनायें

नगर पंचायत तुलसीपुर आप सभी नगर वासियों से निम्न बिन्दुओं पर सहयोग की अपेक्षा करती है-

1. पेयजल अमूल्य है इसे बर्बाद न करें।
2. अतिक्रमण का प्रयास न करें।
3. नगर पंचायत के देयों का समय से स्व कार्यालम में उपस्थित होकर भुगतान करें और असुविधा से बचें।
4. सार्वजनिक नल पथ प्रकाश उपकरण आपकी सुविधा के लिए है कृपया इनकी सुरक्षा करे।
5. जन्म-मृत्यु की सूचना समय से दर्ज कराये।
6. समस्त व्यापारी बन्धुओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने दुकान के सागने कूड़ा पात्र रखे तथा कूड़ा उसी में जाले, इधर-उधर सड़क पर न फेके। इससे गंदगी फैलती है।
7. घर अथवा दुकान में जनित्र (generate) होने वाले गीला एवं सूखा कूड़ा अगल-अगल डस्टबिन मे रखें।
8. किसी प्रकार के शिकायत एवं सुझाव हेतु DCCC के टोल फ्री नम्बर 1533 पर सम्पर्क करें।
9. सेप्टिक टैंक की सफाई हेतु टोल फ्री नम्बर 14420 पर सम्पर्क करें।

नगर आपका है इसे स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में हमारा सहयोग करें।

(प्रवीण कुमार दूबे)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत तुलसीपुर
जनपद-बलरामपुर

(कहकशॉ फिरोज)
अध्यक्ष
नगर पंचायत तुलसीपुर
जनपद-बलरामपुर

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं





आइये! गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर हम संविधान में निहित आदर्शों और मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता सुनिश्चित कर देश व लोकतंत्र की प्रगति में योगदान दें?



राम प्रताप वर्मा
भाजपा विधायक, उतरौला,
बलरामपुर

# एनसीसी कैडेटों ने निकाली हर घर तिरंगा साईकिल रैली

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** बुधवार को 78 वीं स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य में गोरखपुर ग्रुप एससीसी मुख्यालय के निर्देश पर 48 यूपी वाहिनी द्वारा हर घर तिरंगा साईकिल रैली एनसीसी कैडेटों द्वारा निकाली गयी। रैली का आयोजन पूरे गोरखपुर ग्रुप में स्थापित 11 बटालियन में कमान अधिकारी एनसीसी गोण्डा कर्नल सूनील कपूर ने रैली के आयोजन की स्वीकृति दी। बटालियन प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल रणयोद्ध सिंह के कुशल रणनीति से यह रैली संपन्न हुयी।

साईकिल रैली का शुभारम्भ कर्नल सुनील कपूर के साथ जिलाधिकारी महोदया गोण्डा प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन एंव पुलिस उप महानिरीक्षक देवीपाटन मण्डल एंव अन्य बटालियन अधिकारियों द्वारा किया गया। रैली में गोण्डा जनपद के 15 विद्यालयों के 210 एनसीसी कैडेटों ने प्रतिभाग किया। यह आयोजन गोण्डा शहर में किया गया कैडेटों ने 21 किलोमीटर साईकिल चलाकर देशभक्ति का संदेश दिया। जगह-जगह पर कैडेटों का भरपूर स्वागत किया गया। साईकिल रैली 48 यूपी वाहिनी एनसीसी से प्रारम्भ होकर लखनऊ रोड, मनकापुर बस स्टैण्ड, कटहाघाट, जेल रोड होते हुए बटालियन मुख्यालय पर समापन हुआ। साईकिल रैली मनकापुर बस स्टैण्ड पर पहुँचने के बाद कैडेटों द्वारा देश भक्ति एंव स्वतंत्रता दिवस पर गाना और भाषण दिया गया, शहीद स्मारक पर अमर शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी के योगदान और बलिदान सहित भारत की स्वतंत्रता में उनके संघर्ष की चर्चा करते हुए कमान अधिकारी कर्नल सुनील कपूर द्वारा पुष्पाजंलि अर्पित किया गया। इसके साथ ही डिग्री कालेज के कैडेटों द्वारा 18 वर्ष के ऊपर कैडेटों द्वारा मोटर साईकिल रैली भी निकाली गयी। गोण्डा एनसीसी बटालियन के कमान अधिकारी द्वारा हमेशा वृहद कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है और एनसीसी को नयी दिशा एंव दशा देने में कर्नल सुनील कपूर का वृहद योगदान चल रहा है। कर्नल सुनील कपूर ने कहा कि यह साईकिल रैली तिरंगा यात्रा एक वृहद संदेश पहुँचाने में सहायक सिद्ध होगी और गोण्डा जनपद गोरखपुर ग्रुप में अग्रणी स्थान बनायेगा। रैली को सफल बनाने में बटालियन के सैन्य अधिकारी, कर्मचारियों सहित विभिन्न विद्यालयों से नियुक्त एनसीसी अधिकारी एंव केयरटेकर का योगदान रहा है।






## जनपद के सभी मेडिकल स्टोरों पर लहराएगा तिरंगा



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जिले के लगभग पांच हजार मेडिकल स्टोरों पर स्वतंत्रता दिवस पहले ही तिरंगा लगा दिया जाएगा इसके साथ ही हर मेडिकल स्टोर संचालकों को आजादी के नायकों के बारे में जानकारी दी। गोंडा ड्रग इंस्पेक्टर सुमित वर्मा के नेतृत्व में बुधवार को तिरंगा देकर यह अभियान चलाया जा रहा है। फार्मासिस्ट फेडरेशन के जिला अध्यक्ष सुधांशु मिश्र के अगुवाई यूथ फार्मासिस्ट फाउंडेशन के महामंत्री रोहित मिश्र को तिरंगा अभियान का प्रभारी बनाया गया तथा सनत कुमार पांडे को सह प्रभारी बनाया गया। तिरंगा अभियान के कार्यक्रम राकेश शुक्ला, विपुल कुमार, सत्यम, सोनू, राकेश शुक्ला, शमशाद खान, इम्तियाज, आदर्श शुक्ला उपस्थित रहे।

## दहेज के लिए पहली शादी को छिपाकर की दूसरी शादी

**गोंडा।** बलराम पुर जिले के उतरौला थाना क्षेत्र के गजपुर ग्रट निवासी कोमल पुत्री राधे कौशल उर्फ पप्पू ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत किया कि उसकी शादी गोंडा जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र के साहब गंज निवासी रजत कौशल से 12 दिसंबर 2021 को हुआ था। शादी में उनके पिता ने 21 लाख रुपए नगद और 9 लाख का जेवरात और सामान दिया था। शादी के कुछ दिनों बाद उस दहेज के लिए उस को प्रताड़ित करने लगे और 20 लाख रुपए की मांग करने लगे। बाद में मुझे जानकारी हुई कि पति रजत कौशल ने 15 अक्टूबर 2020 को मुस्लिम लड़की शबाना पुत्री अजीम निवासी मलाह नगला अली गढ़ से भी शादी किया था। उसका नाम बिना किसी आधिकारिक की ही घर वालो ने बदल कर ईशा कौशल कर दिया। मुझे 28 जुलाई 2022 को जेवर पैसा छीन कर मार पीट के भगा दिया गया । बीते 5 अगस्त को मै अपने पिता राधे कौशल के साथ पति रजत कौशल के यहां आई थी मेरे पैसा 21 लाख और जेवर समान वापस कर के संबंध खत्म कर दे।

# फार्मासिस्ट ने नाम सुधारने के लिए ली रिश्वत, वीडियो हुआ वायरल

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** जिला महिला अस्पताल में एक फार्मासि स्ट के द्वारा रिश्वत लेने का वीडियो सामने आया है जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.फा र्मासिस्ट प्रत्यूष मणि त्रिपाठी ने जन्म प्रमाण प त्र में पिता का नाम सुधारने के लिए महिला से एक कागज के नीचे रख क़र तीन सौ रुपए की रिश्वत ली है। 12 अगस्त की दोपहर के समय की यह घटना कैमरे में कैद हो गई है,जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में दिख रहा है कि एक महिला पेपर के बीच पैसे रखकर दे रही है और फार्मासिस्ट उन्हें निकालकर अपने हाथ में ले रहा है। पैसे लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जिला महिला अस्पताल में हलचल मच गई है। महिला इसलिए फार्मासिस्ट को रिश्वत दे रही है ताकि जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज पिता का नाम सही हो जाए। जिला महिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर देवेंद्र सिंह ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं उन्होंने स्पष्ट किया कि अस्पताल में सभी सेवा एं निःशुल्क हैं और किसी को भी रिश्वत देने की आवश्यकता नहीं है।डॉक्टर सिंह ने कहा कि जांच में दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने 35 वारंटियों को भेजा जेल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने 35 वारंटी को गिरफ्तार कर के जेल भेजा है। विभिन्न मुकदमों में हाजिर नहीं हो रहे थे। जिन की गिरफ्तारी का वारंट जारी हुआ था। नगर प्रभारी विवेक द्विवेदी ने बताया कि 17 वारंटी के खिलाफ न्यायालय से गिरफ्तारी का वारंट जारी हुआ था। मुकदमे में हाजिर नहीं हो रहे थे। जिन को गिरफ्तार कर के जेल भेजा गया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात के संजय कुमार सिंह ने बताया कि न्यायालय से संबंधित 19 वारंटी के खिलाफ में गैर जमानती वारंट जारी हुआ था। जिनको गिरफ्तार कर के जेल भेजा गया है।

## खबरें एक नजर में

### हैंडपंप रिबोर के लिए वर्षों से देख रहा अधिकारियों की राह



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड पंडरी कृपाल के अंतर्गत ग्राम पंचायत दत्तनगर विशेन के मजरा तेलहक पुरवा भोलेनाथ मंदिर के सामने लगा हैंड पम्प वर्षो से खराब पड़ा हुआ है। जहां पर ग्राम पंचायत सचिवालय भी हैं और प्रशासनिक अधिकारियों का आवागमन भी होता है लेकिन लोग कहते हैं चिराग तले अंधेरा वैसे ही यहां देखने को मिला रहा है कि लोगों को मंदिर में जल चढ़ाने हेतु अपने घरों से जल लाना पड़ता हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार सरकारी नल बनवाने के लिए ग्राम विकास अधिकारी से कहा गया। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुआ। जबकि ग्राम प्रधान भी बनवाने की रूचि नहीं ले रहे हैं।

### पारिवारिक पेंशन स्वीकृति के लिए आयुक्त ने दिए जांच के आदेश



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने गोंडा जिले के शिक्षा विभाग से जुड़े एक मामले में त्वरित जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मामला राखी देवी, अनुचर, पत्नी स्व0 हरिकांत बक्स पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोनवा, शिक्षा क्षेत्र हलधरमऊ से संबंधित है, जिन्होंने अपने पति के निधन के बाद पारिवारिक पेंशन स्वीकृत किए जाने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। प्राप्त पत्र के अनुसार, राखी देवी के पति का निधन 6 वर्ष पूर्व हो चुका है, लेकिन अब तक उन्हें पारिवारिक पेंशन का लाभ नहीं मिल पाया है। इस पर आयुक्त ने मुख्य विकास अधिकारी, गोंडा को निर्देश दिए हैं कि मामले में वर्णित तथ्यों का अवलोकन करते हुए पात्रता की जांच की जाए और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए। आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया है कि पात्र व्यक्तियों को पेंशन लाभ दिलाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इस मामले में शीघ्र निर्णय लेकर रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए।

### डिवाइडर निर्माण पर आपत्ति, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नानपारा नगर में सिद्धनाथ मंदिर के सामने नगर पालिका द्वारा रोड पर डिवाइडर निर्माण कार्य शुरू किए जाने का स्थानीय लोगों ने विरोध किया है। बुधवार को बड़ी संख्या में लोगों ने उप जिलाधिकारी नानपारा को शिकायत पत्र सौंपकर निर्माण कार्य रोकने की मांग की। लोगों का कहना है कि डिवाइडर बनने से दोनों ओर का मार्ग संकरा हो जाएगा, जिससे यात्री वाहनों और पैदल चलने वालों के लिए आवाजाही मुश्किल हो जाएगी। साथ ही प्रतिदिन दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाएगी। शिकायत में मांग की गई कि पक्का डिवाइडर बनाने के बजाय पहले की तरह रबर के खंभों का प्रयोग किया जाए, जिससे यातायात बाधित न हो और दुर्घटना की संभावना कम रहे। ज्ञापन सौंपने के दौरान रोहित चौरसिया, आशीष कुमार, शोभित अग्रवाल, राहुल कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से शीघ्र उचित निर्णय लेने की अपील की।

### खाद उपलब्धता पर खाली हाथ लौट रहे किसान



**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** फखरपुर थाना अंतर्गत नकौड़ा सहकारी समिति पर किसानों के लिए खाद बकौल सचिव सात अगस्त से ही मौजूद होते हुए भी आज पांचवें दिन ओवर रेटिंग एवं किसानों को भारी किल्लत और असुविधाओं से गुजरना पड़ रहा है।उपरोक्त मामले के सम्बन्ध में किसानों की माने तो उनसे उनके आधार कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज कई दिनों पूर्व ही सचिव द्वारा जमा करवा लिया,जिसे सचिव ने स्वीकार भी किया है और उन्होंने रेट के मामले में पूर्व में 270 रू प्रति बोरी बेचे जाने की पुष्टी भी मोबाइल वार्ता में की है। किसानों के मुताबिक उन्हें खाद के लिए पिछले कई दिनों से सहकारी समिति के चक्कर लगाना पड़ रहा है। यहां भीड़ में कई महिलाओं के गिरकर चोटिल भी होने की जानकारी दी गई है। उपरोक्त मामले के सम्बन्ध में सचिव ने कहा कि हमें जिले से 300 बोरी खाद प्राप्त हुई थी जिसे पुलिस की मौजूदगी में वितरित किया जाएगा। जबकि ओवर रेटिंग के उन्होंने नकारा भी है और पूर्व बिक्री में कुछ लोगों से फुटकर रुपए न होने पर स्वीकारा भी है। हालांकि सचिव द्वारा दिए गए बयान के मुताबिक आज खाद का वितरण किया जाएगा।

# जैनस इनीशिएटिव्य संस्था ने स्वच्छता पर बच्चों को दिया संदेश- कैसे रहे स्वस्थ

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** जैनस इनीशिएटिव्य के संस्थापक वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज कुमार श्रीवास्तव द्वारा बाल स्वच्छता दिवस सप्ताह के रूप में श्याम बिहारी मेमोरियल स्कूल मुंडेरवा कला बहराइच रोड में बच्चों में स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी देते दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. पीयूष रंजन ने स्वच्छ रहने के गुण बताकर हाइजीन किट का वितरण किया। उन्होंने बच्चों को समझाया कि व्यक्तिगत साफ-सफाई और आसपास के वातावरण की स्वच्छता बनाए रखने से कई तरह की बीमारियों से बचा जा सकता है।

डॉ. पीयूषरंजन ने कहा कि नियमित हाथ धोना, समय-समय पर नाखून काटना, साफ पानी पीना, कचरा निर्धारित स्थान पर फेंकना और भोजन से पहले हाथ धोने जैसी आदतें हमें स्वस्थ रखती हैं। उन्होंने बच्चों को यह भी बताया कि खुले में कूड़ा-कचरा फैलाने से मक्खियां और मच्छर पनपते हैं, जो गंभीर बीमारियों का कारण बनते हैं। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज श्रीवास्तव का मानना है कि समाज की असली सेवा तब होती है जब आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ और जागरूक बनाते हैं और बच्चों में स्वच्छता की नींव बचपन में ही डालनी चाहिए जिससे वह जीवन भर स्वच्छ एवं स्वस्थ रह सके

कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वच्छता से जुड़ी प्रतिज्ञा ली कि वे स्वयं भी साफ रहेंगे और अपने आस-पास के वातावरण को भी स्वच्छ रखने में सहयोग करेंगे। स्कूल प्रबंधक दिनेश श्रीवास्तव ने कहा की बीमारियों से बचने के लिए अपने घर एवं परिवार में स्वच्छता का वातावरण बनाना बहुत आवश्यक है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जैनस इनीशिएटिव्य कोऑर्डिनेटर पंकज सिन्हा, प्रधानाध्यापक अंजू श्रीवास्तव शिक्षिका रूबी गौतम पीए एन अवस्थी, रूपम गुप्ता शिवनाथ शुक्ला, अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।



# जिले में उपलब्ध है 4000 मीट्रिक टन यूरिया : जि. कृषि अधिकारी

समृद्धि न्यूज



**गोण्डा।** आगामी पांच दिनों के भीतर जनपद गोंडा को 4000 मीट्रिक टन यूरिया प्राप्त होने की सूचना जिला कृषि अधिकारी की ओर से सभी किसान भाइयों को दी गई है। यह यूरिया यारा फर्टिलाइजर्स, एचक्यू आरएल एवं आईपीएल कंपनी से उपलब्ध कराई जायेगी। जिले के सभी सहकारी एवं निजी उर्वरक विक्रय केंद्रों पर इसका समान रूप से आवंटन कर किसानों को वितरित किया जाएगा।

जिला कृषि अधिकारी ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी आवश्यकता के अनुसार ही यूरिया खरीदें और इसके लिए अपने नजदीकी विक्रय केंद्र पर खतौनी और आधार कार्ड लेकर जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि धान व गन्ना जैसी फसलों में यूरिया का अत्यधिक प्रयोग करने से बाद में कीट व रोग फैलने की संभावना बढ़ जाती है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनपद में यूरिया की कोई कमी नहीं है, इसलिए किसान किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। यदि किसी किसान को उर्वरक से संबंधित कोई समस्या होती है, तो वे जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 05262-796594 या मोबाइल नंबर 7839882235 पर संपर्क कर सकते हैं। जिला कृषि अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग की सलाह देते हुए कहा कि इससे फसल उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ मिट्टी की सेहत भी बनी रहती है।

## भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह का विवादास्पद बयान



**बहराइच।** महसी विधानसभा से भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह का एक विवादास्पद वीडियो सामने आया है। वीडियो में विधायक पार्टी से जुड़े मुस्लिम पदाधिकारियों को छोड़कर अन्य मुस्लिम समुदाय के लोगों की गाड़ियों से भाजपा का झंडा हटाने की बात कर रहे हैं। यह मामला महसी के रामगांव थाना क्षेत्र का है। दो दिन पहले यहां कुछ लोगों ने एक धार्मिक स्थल का चबूतरा क्षतिग्रस्त कर दिया था। जानकारी मिलने पर विधायक मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस से कहा कि जो मुस्लिम पार्टी के पदाधिकारी नहीं हैं, उनकी गाड़ियों से पार्टी का झंडा उतरवाया जाए। विधायक का कहना है कि कुछ लोग गाड़ियों पर पार्टी का झंडा और विधायक का पास लगाकर गलत कार्य कर रहे हैं। इससे पार्टी की छवि को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत वन विभाग ने निकाली तिरंगा यात्रा



समृद्धि न्यूज

**छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, वन कार्मियों व भारी संख्या में ग्रामीणों ने लिया भाग**

**जरवलरोड, बहराइच।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत वन विभाग जरवल व उच्च प्राथमिक विद्यालय तपेसिपाह के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को विद्यालय परिसर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। भारत माता के जयकारों के साथ निकली तिरंगा यात्रा में स्कूली छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, वन कार्मियों व भारी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए वन दारोगा शीतला प्रसाद ने कहा कि देश को आजादी दिलाने में वीर गति को प्राप्त हुए भारत मां के वीर सपूतों को याद करने व उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है और इसी क्रम में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही हैं। वही तपेसिपाह के ग्राम प्रधान उमेश गुप्ता ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रवाद की भावना जागृत करना है। उन्होंने कहा कि तिरंगा भारत की पहचान और स्वाभिमान का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा में प्रधानाध्यापिका रीता सिंह, सहायक अध्यापिका समसा कमर, ममता यादव, वन विभाग बीट प्रभारी अरुण कुमार, वन कर्मी राम कैलाश, पिंटू वर्मा, धर्मेंद्र यादव, समाजसेवी महेश चन्द्र निषाद समेत काफी संख्या में अन्य लोग मौजूद रहे।

## जीबी हॉस्पिटल में निशुल्क पंजीकरण शिविर का आयोजन

**कैसरगंज, बहराइच।** जन्म से होठ कटे व तालू कटे मरीजों के निःशुल्क ऑपरेशन और उपचार हेतु पंजीकरण शिविर का आयोजन जीबी हॉस्पिटल कैसरगंज में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने फीता काटकर किया। शिविर में पहुंचने पर जिलाध्यक्ष का फूलमालाओं से गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इसके उपरांत उन्होंने शिविर का औपचारिक शुभारंभ किया। जीबी हॉस्पिटल के डायरेक्टर अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि इस्माइल ट्रेन संस्था द्वारा जन्म से कटे होठ और तालू के मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन एवं उपचार किया जाता है, जिससे जरूरतमंद बच्चों और बड़ों को नया जीवन मिलता है। कार्यक्रम के अवसर पर ब्लॉक प्रमुख संदीप कुमार सिंह, भाजपा प्रतिनिधि शिव सहाय सिंह ÷मुनीम जी÷, मंडल अध्यक्ष शिवानंद सिंह, भाजपा नेता अनिल कुमार सिंह, बुध सागर गुप्ता सहित पंजीकरण कराने आए सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# मकान की छत गिरी, मलबे में दबकर युवक की मौत

**जर्जर मकान को तोड़ने के दौरान अचानक भरभरा कर गिर गई छत**

समृद्धि न्यूज





**बहराइच ।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के तिगड़ा गांव में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। कैलाश नाथ वर्मा के जर्जर मकान को तोड़ने के दौरान अचानक छत भरभरा कर गिर गई। इस हादसे में 27 वर्षीय राम प्रसाद मलबे में दब गए। धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि वह अपने भाई राम प्रसाद और तीन अन्य लोगों के साथ सुबह करीब 10 बजे मकान तोड़ने गए थे।

स्थानीय लोगों की मदद से राम प्रसाद को मलबे से बाहर निकाला गया। उन्हें तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें विटाना चंद्रावती निजी अस्पताल ले जाया जा रहा था। लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना से परिवार में शोक की लहर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी खैरीघाट राशिद अली खान ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## स्वतंत्रता दिवस की दौड़ प्रैक्टिस के दौरान छात्र की मौत



**हार्टअटैक की आशंका, भागते समय हो गया था बेहोश**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नानपारा स्थित सआदत इंटर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के दौरान एक दुखद घटना सामने आई। कक्षा 9 के छात्र हिमांशु (16) दौड़ का अभ्यास करते समय अचानक बेहोश होकर गिर गए। स्कूल प्रशासन ने तुरंत छात्र के परिजनों को सूचित किया। स्कूल प्रबंधन और परिवार के लोग हिमांशु को नानपारा स्वास्थ्य केंद्र ले गए। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।कॉलेज के प्रधानाचार्य अरविंद मिश्रा ने पुष्टि की कि दौड़ के अभ्यास के दौरान छात्र की मृत्यु हुई। चिकित्सक सुरेश वर्मा ने हार्ट अटैक से मौत की संभावना जताई है। मृत्यु का सटीक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगा।मृतक के पिता राम कुमार नानपारा के निवासी हैं। परिजनों ने स्कूल प्रबंधन पर सूचना देने में देरी का आरोप लगाया है। नानपारा कोतवाल के अनुसार, परिजनों की ओर से अभी तक कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नारी संघ ने मनाया हर घर तिरंगा अभियान

**बच्चों व महिलाओं में जगाई देशभक्ति की भावना**

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** नारी संघ ने सेवाप्रदाताओं के साथ मिलकर हर घर तिरंगा अभियान को सरायकनहर में एक यादगार उत्सव में बदल दिया, जिसमें बच्चों और महिलाओं की भागीदारी ने देशभक्ति का अद्वितीय संदेश फैलाया। नारी संघ ने बुधवार को सरायकनहर में हर घर तिरंगा अभियान को धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर पीएस मुरावनपुरवा के प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के साथ एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अल्पना भदौरिया ने की।

रैली की शुरुआत विद्यालय परिसर से हुई, जहाँ बच्चों ने ऊर्जावान नारों के साथ गाँव-गाँव घूमकर तिरंगा यात्रा निकाली। हाथों में लहराते तिरंगे और गूंजते नारे पूरे क्षेत्र में देशभक्ति का माहौल बना रहे थे। रैली का उद्देश्य केवल तिरंगा फहराने का आह्वान करना ही नहीं, बल्कि स्वतंत्रता दिवस के महत्व को हर व्यक्ति तक पहुँचाना भी था। संस्था की संस्थापक किरण बैस ने अपने संबोधन में कहा, ÷हर घर तिरंगा केवल एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि यह हमारे देश के प्रति प्रेम, सम्मान और एकता का प्रतीक है। इस अभियान को महिलाओं और बच्चों की शिक्षा से जोड़ना जरूरी है, क्योंकि जब हमारे बच्चे आज़ादी के महत्व, इसके पीछे के संघर्ष और बलिदानों को समझेंगे, तभी वे जिम्मेदार नागरिक बनकर देश को आगे ले जाने में योगदान देंगे।अपराजिता कार्यकर्ता सोनी और सर्वेश ने बताया बच्चे ही देश का भविष्य हैं। उन्हें इस दिन का महत्व जानना चाहिए, आज़ादी कैसे मिली और किन वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति दी—यह पढ़ना और याद रखना हमारे नैतिक कर्तव्यों में शामिल है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को भी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दी गईं और अपील की गई कि वे अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराएँ। यह केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि यह हमारी पहचान और देश की एकता का संदेश है। रैली का समापन विद्यालय प्रांगण में राष्ट्रगान के साथ हुआ, जहाँ सभी ने मिलकर देश की उन्नति और एकता के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम में तकम, ग्रामीण, नारी संघ की महिलाएँ, किशोरियाँ और बच्चे मौजूद रहे।

## बाढ़ राहत शिविर में पशुओं के टीकाकरण व इलाज का आयोजन

**बहराइच।** शिवपुर के तिगड़ा के नौवनपुरवा, भुजंग पुरवा, बढ़हीन पुरवा, चमारन पुरवा और पहलीपुरवा में प्रधान अलका देवी के नेतृत्व में बाढ़ राहत शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामवासियों को बाढ़ से बचाव और पशुओं की सुरक्षा के उपाय बताए गए। शिवपुर के पशु चिकित्सक डॉ. मनोज वर्मा व मोबाइल वेटनरी यूनिट के डॉ. के श्रीवास्तव ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बाढ़ के दौरान पशुओं को सुरक्षित स्थान पर रखने की सलाह दी। शिविर में कीटनाशक दवाओं का वितरण, खुरपका-मुंहपका टीकाकरण और बीमार पशुओं का उपचार किया गया। पशुपालकों को 1962 मोबाइल वेटनरी यूनिट की सेवाओं की जानकारी भी विस्तार से दी गई, ताकि जरूरत पड़ने पर समय रहते पशुओं का इलाज कराया जा सके। कार्यक्रम में पशुमित्र रिंकू, दीपेश और मोबाइल वेटनरी यूनिट सहायक आदर्श कुमार शर्मा भी मौजूद रहे। शिविर में दी गई सुविधाओं से ग्रामीणों और पशुपालकों में खुशी की लहर देखने को मिली।

**निर्देश** — नीति आयोग के निर्धारित सूचकांकों की डीएम ने की समीक्षा

# न्यून प्रगति वाली आशाओं को चिन्हित करके की जाए कार्रवाई

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** आकांक्षी जनपदों के लिए नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांकों की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने स्वास्थ्य एवं पोषण इंडीकेटर्स की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि आशावार प्रगति की समीक्षा की जाये। निष्क्रिय एवं न्यून प्रगति वाली आशाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्रवाई भी की जाय।

डीएम ने निर्देश दिया कि वीएचएसएनडी सत्रों को मानक के अनुसार संचालित करें तथा समस्त लॉजिस्टिक की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। डीएम ने कहा कि सभी पर्यवेक्षणीय अधिकारी वीएचएसएनडी सत्र का भ्रमण करें और यदि सत्र में कोई कमी पायी जाती है उसमें सुधार लाया जाय। सैम मैम बच्चों को चिन्हित कर उन्हें सूचीबद्ध कर उनकी ट्रैकिंग एवं फालोअप कर उन्हें स्वस्थ बच्चों की श्रेणी में लाया जाय। शिक्षा की समीक्षा करते हुए डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया कि ब्लाकवार माध्यमिक विद्यालयों की सूची तैयार कर यू-डायस डाटा को इम्पोर्ट कराया जाय। कक्षा 08 उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं ने किन विद्यालयों में प्रवेश लिया है उनका विवरण रखा जाय तथा छूटे हुए बच्चों को प्रवेश भी दिलाया जाय। आईसीडीएस विभाग को निर्देश दिया गया कि 11 से 14 वर्ष आयु वर्ग की स्कूल न जाने वाली बालिकाओं को चिन्हित कर उन्हें विद्यालयों में प्रवेश दिलाये तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से भी बालिकाओं को आच्छादित किया जाय। डीआईओएस को निर्देश दिया गया कि जिला पुस्तकालय को डिजिटल पुस्तकालय के रूप में विकसित किया जाय तथा पुस्कालय के संचालन में नगर पालिका परिषद से भी सहयोग लिया जाय। कृषि सेक्टर की समीक्षा के दौरान डीएम ने केसीसी की संख्या बढ़ाये जाने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## कामयाबी की राह पर अग्रसर महिलाएं

देश स्वतंत्र होने के बाद स्त्रियों ने खुद के लिए भी कुरीतियों, सामाजिक-पारिवारिक भेदभाव, अशिक्षा और बन्दिशों से आजाद होने का सपना देखा। बेहतर जीवन के लिए बड़े बदलाव लाने थे जिनके लिए उन्हें समाज व परिवार, सभी फ्रंट्स पर बाधाओं से जूझना पड़ा। यह जंग अपनों की संकुचित सोच, भेदभाव व शोषण, रूढ़ियों से व अपनी आवाज उठाने के लिए थी। बरसों-बरस इस संघर्ष में वे कामयाब हुईं। वहीं कुछ बाधाएं आज भी मौजूद हैं पर सफलता की राह पर भारतीय महिलाएं अग्रसर है। आजादी के बाद अपने सपनों को हकीकत बनाने के लिए देश की आधी आबादी ने अनगिनत बाधाओं को पार करने में कामयाबी पाई है। कितने ही अवरोधकों को लांघकर नई दुनिया रची है। आधी सदी से ज्यादा की इस यात्रा में स्त्रियों के हिस्से आईं छोटी-छोटी रुकावटें भी बड़े बदलावों की राह में रोड़ा रहीं। समाज, परिवार और व्यक्तिगत रिश्तों-नातों, सभी फ्रंट्स पर ऐसी रुकावटों से जूझना किसी युद्ध के मोर्चे पर डट जाने से कम न था। यह ऐसी जंग थी, जो अपनों की संकुचित सोच से लड़नी थी। ऐसा संघर्ष, जो सामाजिक रूढ़ियों से करना था। मुड़कर देखने पर अहसास होता है कि इस समर में भारत की महिलाएं जी-जान से जूझते हुए कामयाब भी हुईं। सचमुच, इस रण को जीतना जीवन में इंसानी सहजता के रंग लौटा लाने जैसा था। बरसों-बरस की इस जद्दोजहद में स्त्रियों ने अनगिनत बाधाओं का सामना करते हुए अपनी लड़ाई लड़ी और मुकम्मल पहचान बनाने का हक हासिल किया। स्वतंत्र देश की एक जिम्मेदार नागरिक और जज्बातों भरा मन लिए इंसान के तौर पर अपनी मौजूदगी को हर पहलू पर सशक्त अंदाज में दर्ज करवाया। देश की स्वतन्त्रता की लड़ाई खत्म होते ही स्त्रियों ने खुद के लिए भी कुरीतियों, सामाजिक-पारिवारिक भेदभाव, अशिक्षा और न जाने कितनी ही कही-अनकही बन्दिशों से आजाद होने का सपना देखा। स्वतन्त्रता से बाद स्त्रियों के लिए सबसे बड़ी अड़चन तो समाज की पुरातनपंथी सोच ही रही। इस सोच को बदले बिना सम्मान से जीने का हक पाना आसान नहीं था। सबलता के मार्ग पर आगे बढ़ना मुमकिन नहीं था। घर से लेकर सामाजिक दायरे तक बहू-बेटियों के लिए अनगिनत बंधन मौजूद थे। कहते भी हैं कि बाधाओं की तरफइंसान का ध्यान तभी जाता है, जब उसका ध्यान अपने लक्ष्य से हटता है। महिलाओं की दृष्टि भी बदलाव के क्षितिज पर टिकी रही। जिसके चलते स्त्रियों ने अपने आंगन से लेकर समाज के परिवेश तक रूढ़िवादी सोच के खिलाफ लड़ाई लड़ीं और जीतीं। आज उच्च शिक्षित बेटियों के बढ़ते आंकड़ों की बुनियाद एक पीढ़ी की माताओं के संघर्ष का परिणाम है। कामकाजी स्त्रियों को बराबरी के मौके मिलने के हालात किसी दौर में अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करने वाली बड़ी पीढ़ी की मेहनत का फ्ल है। संकीर्ण सोच की अड़चन से परे आज समानता का दर्जा पाने के खुशनुमा हालात कभी हिम्मत न हारने वाली स्त्रियों की जद्दोजहद का नतीजा है। देश आजाद होने के बाद भी स्त्रियों के लिए मन-जीवन से जुड़े बंधन कम नहीं थे। जिनका कारण बहू-बेटियों के साथ होने वाला दुर्व्यवहार भी रहा। घरों से लेकर गली-मुहल्लों और स्कूल कालेज के परिसर तक, बदसलूकी, छेड़छाड़ और शोषण के हालात उनके लिए अनकहे प्रतिबंधों की सूची लिए थे। जिसके चलते असुरक्षा का भाव स्वतंत्र देश की आधी आबादी के लिए बेड़ियां बन गया। समय देखकर घर से निकलने की हिदायतें और बाहर नौकरी-पढ़ाई के लिए नहीं जाने की बंदिश जीवन को घेरे हुए थीं। ऐसे में अपना सम्बल खुद बनी महिलाओं ने इस दुर्व्यवहार के खिलाफ आवाज उठाते हुए राह बनाई।

# बकुलिहा : यूपी को पहला नमक सत्याग्रही देने वाला गांव

**गौरव अवस्थी**

लालगंज-उन्नाव फोरलेन हाइवे बनने के बाद कई गांव-कस्बों के नाम लिखे दिखने लगे हैं। उनमें एक है- बकुलिहा। करीब पांच हजार की आबादी वाला गांव। आजकल गांव का रास्ता पक्का है। कुछ समय पहले यह कच्चा था। अन्य की तरह इसे साधारण गांव समझने की भूल मत कीजिएगा। स्वाधीनता संग्राम में इस गांव का खासा योगदान रहा है। हालांकि स्वाधीनता से जुड़े अन्य स्थानों की तरह यह भी अब भूला-बिसरा ही है।

उत्तर प्रदेश में नमक सत्याग्रह के लिए पहला सत्याग्रही देने का श्रेय लालगंज से 12 किलोमीटर दूर स्थित इसी गांव के नाम दर्ज है। दांडी में 07 अप्रैल 1930 को समुद्र के खारे जल से नमक बनाकर ब्रिटिश हुकूमत के नमक कर के आदेश का उल्लंघन करने के बाद महात्मा गांधी ने सारे देश में नमक सत्याग्रह का आग्रह किया। उत्तर प्रदेश में नमक सत्याग्रह की सफलता के लिए कानपुर से प्रकाशित होने वाले प्रताप अखबार के प्रतापी पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी की अध्यक्षता में समिति गठित की गई। इस समिति में पंडित जवाहरलाल नेहरू, रफी अहमद किदवई और मोहनलाल सक्सेना सदस्य के रूप में शामिल किए गए। इसी समिति ने उत्तर प्रदेश में नमक सत्याग्रह के शुभारंभ के लिए रायबरेली को चुना। तब यह सवाल उठा था कि आखिर रायबरेली ही क्यों? इस सवाल का जवाब पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इन शब्दों में दिया- रायबरेली में अंगद, हनुमान, सुग्रीव जैसे कार्यकर्ता घड़ी भर की सूचना मिलते ही जान हथेली पर रखकर निकल पड़ते हैं। इसकी दूसरी वजह रायबरेली का 1921 का किसान आंदोलन भी था। रायबरेली का मुंशीगंज गोलीकांड भारतीय स्वाधीनता इतिहास में मिनी जलियांवाला बाग कांड के रूप में याद किया जाता है।

सई नदी के तट पर ब्रिटिश हुकूमत और जमींदार सरदार वीरपाल सिंह के कारिंदों द्वारा बरसाई गई गोलियों से सैकड़ों किसान शहीद हुए। किसानों के खून से नदी का पानी लाल हो गया था। इस गोलीकांड की सूचना पर रायबरेली आए पंडित जवाहरलाल नेहरू को नजर बंद कर दिया गया था। अपनी आत्मकथा में उन्होंने इस कांड का जिक्र भी किया है। गणेश शंकर विद्यार्थी को इस कांड की विस्तार से रिपोर्ट छापने के लिए दंडित भी किया गया था। बाराबंकी में जन्मे रफी अहमद किदवई की कर्मभूमि रायबरेली ही रही। यह तीनों उत्तर प्रदेश में नमक सत्याग्रह के शुभारंभ के लिए गठित की गई समिति के सदस्य थे।

रायबरेली को नमक सत्याग्रह के शुभारंभ के लिए चुने जाने की एक वजह यह भी हो सकती है। समिति ने अपने इस निर्णय की सूचना महात्मा गांधी को भी भेजी। महात्मा गांधी भी मुंशीगंज गोलीकांड भूले नहीं थे। इसलिए उन्होंने फैसले पर तुरंत मोहर लगाते हुए अपने साबरमती आश्रम में रहने वाले रायबरेली के शिवगढ़ के बाबू शीतला सहाय को एक पत्र देकर रायबरेली भी भेजा। यह पत्र था, राजा अवधेश सिंह और उनके भाई कुंवर सुरेश सिंह के नाम। पत्र में इन दोनों को रायबरेली के आंदोलन को नेतृत्व देने का निर्देश दिया गया था।




**उत्तर प्रदेश में नमक सत्याग्रह के लिए पहला सत्याग्रही देने का श्रेय लालगंज से 12 किलोमीटर दूर स्थित इसी गांव के नाम दर्ज है। दांडी में 07 अप्रैल 1930 को समुद्र के खारे जल से नमक बनाकर ब्रिटिश हुकूमत के नमक कर के आदेश का उल्लंघन करने के बाद महात्मा गांधी ने सारे देश में नमक सत्याग्रह का आग्रह किया। उत्तर प्रदेश में नमक सत्याग्रह की सफलता के लिए कानपुर से प्रकाशित होने वाले प्रताप अखबार के प्रतापी पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी की अध्यक्षता में समिति गठित की गई। इस समिति में पंडित जवाहरलाल नेहरू, रफी अहमद किदवई और मोहनलाल सक्सेना सदस्य के रूप में शामिल किए गए। इसी समिति ने उत्तर प्रदेश में नमक सत्याग्रह के शुभारंभ के लिए रायबरेली को चुना।**

जिलास्तर पर रफी अहमद किदवई, मोहनलाल सक्सेना और कुंवर सुरेश सिंह की समिति ने 8 अप्रैल 1930 को डलमऊ के गंगा तट पर नमक बनाने का ऐलान किया और प्रथम सत्याग्रही के रूप में बकुलिहा गांव में जन्मे बाबू सत्यनारायण श्रीवास्तव को चुना गया। डलमऊ के मेहंदी हसन ने सत्याग्रह के लिए शेख सखावत अली का मकान निश्चित किया लेकिन प्रशासन ने 07 अप्रैल को ही मेहंदी हसन को गिरफ्तार कर लिया। रफी अहमद किदवई की तलाश में छापे मारे जाने लगे। ब्रिटिश पुलिस की सक्रियता को देखते ही बाबू सत्यनारायण श्रीवास्तव अंग्रेज हुकूमत की आंखों में धूल झोंकते हुए रफी अहमद किदवई के साथ रायबरेली आ गए। 1921 के मुंशीगंज गोलीकांड को ध्यान रखते हुए पंडित मोतीलाल नेहरू भी प्रयाग से रायबरेली पहुंच गए।

ब्रिटिश पुलिस और प्रशासन की सक्रियता के चलते डलमऊ में गंगा के किनारे नमक बनाने का प्लान फेल हो गया लेकिन पंडित मोतीलाल नेहरू की उपस्थिति में 08 अप्रैल 1930 को बाबू सत्यनारायण श्रीवास्तव ने लोनी मिट्टी से नमक बनाकर नमक कानून तोड़ कर प्रथम सत्याग्रही होने का गौरव प्राप्त किया। बाबू सत्यनारायण 1921 के असहयोग आंदोलन में नौकरी छोड़कर शामिल हुए। कई वर्षों तक जिला कांग्रेस कमेटी के मंत्री रहे। नमक एवं व्यक्तिगत सत्याग्रह, लगान बंदी और भारत छोड़ो आंदोलन में करीब साढ़े 3 वर्ष से ज्यादा दिन जेल में बंद रहे। 200 रुपये जुर्माना भी हुआ। लगानबंदी आंदोलन के दौरान बकुलिहा को बारडोली जैसा बनाने का श्रेय भी बाबू सत्यनारायण श्रीवास्तव को ही है। रायबरेली के कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में नमक कर के विरोध में नमक बनाकर उत्तर प्रदेश में नमक सत्याग्रह की शुरुआत 08 अप्रैल 1930 को हुई। इसके बाद रायबरेली समेत पूरे प्रांत में गांव-गांव नमक बनने का सिलसिला शुरू हो गया। नमक कर के खिलाफ सत्याग्रह प्रारंभ होने के बाद पंडित मोतीलाल नेहरू जैसे ही वापस गए, रायबरेली में अंग्रेज पुलिस ने गिरफ्तारियां शुरू कर दी। बाबू सत्यनारायण श्रीवास्तव, महावीर, चतुर्थी तथा रामदुलारे को गिरफ्तार कर लिया गया। नमक कानून तोड़ने में बाबू सत्यनारायण श्रीवास्तव छह महीने तक जेल में रहे। आजादी के आंदोलन में बकुलिया गांव स्वाधीनता संग्राम सेनानी के केंद्र में रहा। महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, रफी अहमद किदवई से लेकर आजादी के राष्ट्रीय नायकों का गांव में आना-जाना रहा। गांव का कामामाई मंदिर आजादी के आंदोलन कार्यों के कार्यालय की तरह उपयोग में आता रहा। मंदिर से सटे बाग में सभाएं होती रहीं लेकिन सरकार और सरकारी अधिकारियों के लिए यह ऐतिहासिक गांव अब एक साधारण गांव की तरह ही है। हालांकि, ग्राम प्रधान सुरेश त्रिवेदी ने आजादी के आंदोलन की याद दिलाने और बाबू सत्यनारायण श्रीवास्तव की स्मृतियों को जीवंत रखने के लिए गांव के एक प्रवेश द्वार पर बाबू सत्यनारायण श्रीवास्तव द्वार% निर्मित कराया है। नमक सत्याग्रह के लिए प्रथम सत्याग्रही देने वाले बकुलिहा गांव के इतिहास से नई पीढ़ी अनजान है। अब नई पीढ़ी को आजादी के इतिहास से परिचित कराने की जरूरत है।

## सहमति की उम्र घटाने का अर्थ : जनसंख्या वृद्धि व देश को कमजोर करना

**डॉ. निवेदिता शर्मा**

भारत में सहमति की न्यूनतम आयु को घटाकर 18 से 16 वर्ष करने का विचार इन दिनों कानूनी, सामाजिक और नैतिक बहस के केंद्र में है। हाल में कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं और कानून विशेषज्ञों के एक वर्ग ने तर्क दिया कि वर्तमान परिस्थितियों में किशोर पहले से अधिक जागरूक और परिपक्व हो गए हैं। ऐसे में 18 वर्ष की तय सीमा अवास्तविक है। लेकिन वास्तविकता जो सामने दिखाई देती है, उसके अनुसार भारत की सामाजिक संरचना, लैंगिक असमानता और किशोरों की मानसिक परिपक्वता समान नहीं है, इसलिए इस बदलाव का असर न केवल कानून पर बल्कि समाज की स्थिरता और भविष्य की पीढ़ी पर भी गहरा होगा, जिसमें कि जनसंख्या वृद्धि एवं उसकी समस्याओं से निपटना एक अलग तरह का संकट है।

वर्तमान में भारत में 'सहमति' की आयु 18 वर्ष है। बाल लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम, 2012 (पॉक्सो) के तहत 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को 'बालक/बालिका' माना जाता है और उनके साथ किसी भी प्रकार का यौन संबंध, चाहे वह सहमति से ही क्यों न हो, कानूनन अपराध है। भारतीय दंड संहिता की धारा 375 में भी बलात्कार की परिभाषा में सहमति की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तय की गई है। बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 भी विवाह के लिए लड़कियों की न्यूनतम आयु 18 और लड़कों की 21 वर्ष निर्धारित करता है। इस प्रकार कानून में एकरूपता है कि 18 वर्ष से पहले न तो विवाह मान्य है और न ही यौन संबंध। जिन्हें लगता है कि आधुनिक युग में किशोर तेजी से परिपक्व हो रहे हैं, तब उनके लिए यह कहना है कि वे इस संबंध में भारत के नजरिए से सर्वव्यापक विचार नहीं कर रहे। क्योंकि किशोरों का शारीरिक विकास और मानसिक परिपक्वता अलग-अलग चीजें हैं। मनोवैज्ञानिक शोध बताते हैं कि 16 वर्ष के किशोरों में भावनात्मक नियंत्रण, दूरगामी सोच और जिम्मेदारी की भावना पूरी तरह विकसित नहीं होती। वे आवेग में फैसले लेते हैं और सामाजिक दबाव में आकर गलत कदम उठा सकते हैं। यदि सहमति की आयु घटाई जाती है तो यह न केवल बाल विवाह को परोक्ष रूप से बढ़ावा देगा, बल्कि लड़कियों के खिलाफ यौन हिंसा और शोषण के मामलों में भी वृद्धि होगी। ग्रामीण इलाकों में तो यह बदलाव लड़कियों की शिक्षा और करियर के अवसरों को और सीमित कर देगा।

## विचार

# अंडमान-निकोबार से भारत का सशक्त भविष्य की ओर कदम

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

इक्कीसवीं सदी की वैश्विक राजनीति में ऊर्जा संसाधन सिर्फ विकास की कुंजी नहीं, बल्कि भू-राजनीतिक शक्ति संतुलन का सबसे बड़ा आधार बन चुके हैं। ऐसे में भारत ने अब अपने समुद्री भू-भाग, विशेषकर अंडमान-निकोबार बेसिन में मौजूद विशाल हाइड्रोकार्बन संसाधनों की खोज और दोहन पर जिस तरह गंभीरता दिखाई है, वह न केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम है, बल्कि अमेरिका सहित उन ताकतों के लिए भी एक संकेत है, जो दशकों से ऊर्जा आपूर्ति को नियंत्रण में रखकर वैश्विक राजनीति पर प्रभाव डालते रहे हैं। अंडमान-निकोबार बेसिन में हाल के वर्षों में हुई प्रगति इस दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो सकती है, और यही वजह है कि भारत के इस कदम से वैश्विक ऊर्जा बाजार में हलचल है और वह इन दिनों असहज है।

सरकार ने अंडमान-निकोबार बेसिन में तेल और गैस के भंडारों की खोज के लिए हाइड्रोकार्बन अन्वेषण और लाइसेंसिंग नीति (एचईएलपी) के तहत अब तक चार ब्लॉक आवंटित किए हैं, जिनका क्षेत्रफल करीब 23,261 वर्ग किलोमीटर है।




यहां से अब तक 8,501 लाइन किलोमीटर 2डी और 3,270 वर्ग किलोमीटर 3डी भूकंपीय आंकड़े प्राप्त किए जा चुके हैं। तीन कुओं की खुदाई हो चुकी है, और नए चरण में खुले रकबा लाइसेंसिंग नीति (ओएएलपी-एक्स) के अंतर्गत 47,058 वर्ग किलोमीटर के अतिरिक्त चार ब्लॉक पेश किए गए हैं। हाइड्रोकार्बन संसाधन आकलन अध्ययन (एचआरएसएस) के मुताबिक, अंडमान-निकोबार बेसिन में 371 मिलियन मीट्रिक टन तेल के बराबर भंडार होने का अनुमान है। यह आकलन पहली बार 2017 में किया गया था, लेकिन 2024 में हुए 2ष्ठ ब्रॉडबैंड भूकंपीय सर्वेक्षण ने इसमें नई संभावनाओं की पुष्टि कर दी है, जिसमें भारत के अनन्य आर्थिक क्षेत्र के करीब 80,000 लाइन किलोमीटर क्षेत्र को शामिल किया गया। भू-वैज्ञानिक दृष्टि से यह बेसिन बंगाल-अराकान तलछटी प्रणाली का हिस्सा है और भारतीय व बर्मी प्लेटों की सीमा पर स्थित है। यह टेक्टोनिक स्थिति हाइड्रोकार्बन संचय के लिए अनुकूल कई स्ट्रैटिग्राफिक जाल बनाती है। इसकी निकटता म्यांमार और उत्तरी सुमात्रा के पेट्रोलियम क्षेत्रों से है, जहां पहले ही बड़े पैमाने पर गैस की खोज हो चुकी है। इंडोनेशिया में दक्षिण अंडमान अपतटीय में हालिया गैस खोजों के बाद इस क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय रुचि अचानक बढ़ी है, जो यहां भू-वैज्ञानिक निरंतरता का स्पष्ट संकेत देती है।

भारत के लिए यह केवल ऊर्जा स्रोत का मामला नहीं है, बल्कि यह सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह का स्थान हिंद महासागर में एक ऐसे सामरिक बिंदु पर है, जहां से मलक्का जलडमरूमध्य तक सीधी निगरानी संभव है। यह जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री व्यापार मार्गों में से एक है और वैश्विक ऊर्जा परिवहन का अहम केंद्र है। यहां से प्रतिदिन करोड़ों बैरल तेल और गैस का आवागमन होता है। इस क्षेत्र में भारत की सक्रियता न केवल अपने ऊर्जा स्रोतों पर पकड़ मजबूत करेगी, बल्कि समुद्री सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय व्यापार मार्गों पर भी रणनीतिक लाभ दिलाएगी।

**भारत के लिए यह केवल ऊर्जा स्रोत का मामला नहीं है, बल्कि यह सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह का स्थान हिंद महासागर में एक ऐसे सामरिक बिंदु पर है, जहां से मलक्का जलडमरूमध्य तक सीधी निगरानी संभव है। यह जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री व्यापार मार्गों में से एक है और वैश्विक ऊर्जा परिवहन का अहम केंद्र है। यहां से प्रतिदिन करोड़ों बैरल तेल और गैस का आवागमन होता है। इस क्षेत्र में भारत की सक्रियता न केवल अपने ऊर्जा स्रोतों पर पकड़ मजबूत करेगी, बल्कि समुद्री सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय व्यापार मार्गों पर भी रणनीतिक लाभ दिलाएगी।**

अमेरिका और पश्चिमी देशों के लिए भारत का यह रुख असहज कर देने वाला है। अब तक वैश्विक ऊर्जा राजनीति में अमेरिका और ओपेक देशों की बड़ी भूमिका रही है। भारत, जो दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता है, उसकी ऊर्जा आपूर्ति पर निर्भरता अंतरराष्ट्रीय दबाव का एक बड़ा कारण रही है। लेकिन यदि भारत अपने घरेलू संसाधनों का दोहन सफलतापूर्वक करता है, तो न केवल विदेशी तेल पर निर्भरता घटेगी, बल्कि ऊर्जा कीमतों और आपूर्ति को लेकर भी बाहरी दबाव कम होगा। यही वजह है कि अंडमान-निकोबार में भारत की सक्रियता को कुछ पश्चिमी विश्लेषक 'गेम चेंजर' मान रहे हैं।सरकार के हालिया कदमों में एक और महत्वपूर्ण पहल 2021-22 में ऑयल इंडिया लिमिटेड द्वारा किए गए दीप अंडमान अपतटीय सर्वेक्षण है, जिसमें 22,555 लाइन किलोमीटर का 2ष्ठ भूकंपीय डेटा इकट्ठा किया गया। ये आंकड़े भविष्य में संभावित क्षेत्रों की पहचान और व्यावसायिक उत्खनन में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। इस परियोजना की सफलता से न केवल रोजगार सृजन और स्थानीय अर्थव्यवस्था में सुधार होगा, बल्कि भारत को वैश्विक ऊर्जा बाजार में एक मजबूत खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी।

## त्याग और बलिदानों की शान तिरंगा है



त्याग और बलिदानों की शान तिरंगा है।
मेरे प्यारे भारत की पहचान तिरंगा है।
हिम्मत और शौर्य का अभिमान तिरंगा है।
मेरे प्यारे भारत की पहचान तिरंगा है।
रंग रंगीली सजी हुई मुस्कान तिरंगा है।
वीरों की गाथाओं का गान तिरंगा है।
जोश भरे मन की पहचान तिरंगा है।
वीरों के बलिदानो की शान तिरंगा है।
मेरे प्यारे भारत की पहचान तिरंगा है।
तन मन धन समर्पण का मान तिरंगा है।
वतन प्रेम में मिटने का गान तिरंगा है।
खुशियों और उमंगों की मुस्कान तिरंगा है।
मेरे प्यारे भारत की पहचान तिरंगा है।
दिल में जो धड़क रही वो शान तिरंगा है।
देश की माटी का धन धान्य तिरंगा है।
उल्लासों- त्योहारों का पकवान तिरंगा है।
लहराये फसलों का खलिहान तिरंगा है।
मेरे प्यारे भारत की पहचान तिरंगा है।
हिम के गिर से सजा हुआ प्रतिमान तिरंगा है।
नदियों की कल- कल से गुंजित गान तिरंगा है।
त्योहारों से सजा हुआ धर्मो का मान तिरंगा है।
दीप खुशी से रहे सदा प्रकाशवान तिरंगा है।
मेरे प्यारे भारत देश की पहचान तिरंगा है।

(कवयित्री -दीपमाला शाक्य दीप)
छिबरामऊ (कन्नौज)



## राशिफल

**मेष:-** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित होगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। घर में खुशहाली रहेगी।

**वृष:-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मिथुन:-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्क:-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में प्रयत्न सार्थक होगा।

सिंह:- नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें।

कन्या:- कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे।

तुला:- भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में न जियें।

वृश्चिक:- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनों के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें। आलस्य त्यागें।

धनु:- संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

मकर:- कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा।

# अखण्ड भारत बंद आंखों का स्वप्न नहीं, खुली आंखों का संकल्प है

**सुरेन्द्र शर्मा**

**(14 अगस्त विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस विशेष**

**14 अगस्त को उसके दो टुकड़े हो गए। जिस राष्ट्र ने 1905 में अपने एक प्रदेश बंगाल के विभाजन का पुरजोर विरोध किया एवं अंततः 1911 में अंग्रेजों को बंगाल का विभाजन रद्द करना पड़ा, कमजोर नेतृत्व के कारण उसी राष्ट्र ने ठीक छत्तीस वर्ष पश्चात देश का विभाजन स्वीकार कर लिया। स्वाधीनता के जश्न में न कोई जनता के आंसू देखने वाला था और न ही कोई परिजनों के बिछड़ने पर सांत्वना देने वाला था। विभाजन की मांग को विलक्षण मूर्खता कहकर ठुकराने वाले या पकिस्तान मेरी लाश पर बनेगा कहकर जनता को विभाजन न होने देने का आश्वासन देने वाले आज मौन थे। आवाजें थीं तो स्वतंत्रता प्राप्ति के सरकारी आयोजनों की या फिर विभाजन के दंश को झेल रही आम जनता की।**

पंद्रह अगस्त, 1947 का दिन भारत के लिए एक ऐतिहासिक दिन था सदियों की विदेशी सत्ता समाप्त होकर भारत को स्वतंत्रता प्राप्त हुई पर यह स्वतंत्रता खुशी के साथ आंसू भी लेकर आई। अंग्रेज स्वतंत्रता तो दे गए पर अपनी कुटिल चालों से भारत का विभाजन भी कराकर चले गए। 13 अगस्त तक जो राष्ट्र अखण्ड था 14 अगस्त को उसके दो टुकड़े हो गए। जिस राष्ट्र ने 1905 में अपने एक प्रदेश बंगाल के विभाजन का पुरजोर विरोध किया एवं अंततः 1911 में अंग्रेजों को बंगाल का विभाजन रद्द करना पड़ा, कमजोर नेतृत्व के कारण उसी राष्ट्र ने ठीक छत्तीस वर्ष पश्चात देश का विभाजन स्वीकार कर लिया।

स्वाधीनता के जश्न में न कोई जनता के आंसू देखने वाला था और न ही कोई परिजनों के बिछड़ने पर सांत्वना देने वाला था। विभाजन की मांग को विलक्षण मूर्खता कहकर ठुकराने वाले या पकिस्तान मेरी लाश पर बनेगा कहकर जनता को विभाजन न होने देने का आश्वासन देने वाले आज मौन थे । आवाजें थीं तो स्वतंत्रता प्राप्ति के सरकारी आयोजनों की या फिर विभाजन के दंश को झेल रही आम जनता की।

जो भारत वर्ष की विशालता को दर्शाते हैं। सन् 1857 में भारत का क्षेत्रफल 83 लाख वर्ग कि.मी. था। वर्तमान भारत का क्षेत्रफल 33 लाख वर्ग कि.मी. है। जबकि पड़ोसी 9 देशों का क्षेत्रफल 50 लाख वर्ग कि.मी. बनता है। 3 जून, 1947 के दिन अचानक अंग्रेजों द्वारा कहा गया कि भारत अब आजाद हो रहा है लेकिन हमारी जमीन बंटेगी और इसे कैसे बांटना है यह अंग्रेज बहादुर और मुसलमान तय करेंगे। आजादी मिलना वैश्विक प्रक्रिया का एक हिस्सा भर थी जिसके दो ही कारक महत्वपूर्ण थे। एक द्वितीय विश्व युद्ध जिसने ब्रिटेन के बाजार को सड़क पर ला दिया और दूसरा यह डर कि आजाद हिंद फौज के प्रति भारतीय सेना की बढ़ती सहानुभूति कहीं बड़े आंदोलन का रूप न ले ले। इसकी परिणतिस्वरुप माउंटबैटन दम्पति भारत आए। माउंटबेटन और रेडक्लिफ ने बंटवारे के मामले में बहुत जल्दबाज़ी दिखाई, पहले भारत की आज़ादी के लिए जून 1948 तय किया गया था, माउंटबेटन ने इसे पहले खिसका कर अगस्त 1947 कर दिया जिससे भारी अफ़रा-तफ़री फैली और असंख्य लोगों की जानें गईं। रेडक्लिफ को करीब 8.8 करोड़ लोगों के लगभग साढ़े चार लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का न्यायोचित ढंग से बंटवारा करना था। हर राज्य के आयोग में दो कांग्रेस और दो मुस्लिम लीग के प्रतिनिधि भी थे, हालांकि अंतिम निर्णय रेडक्लिफ को ही करना था।

इस विषय में सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि सर सिरिल जॉन रेडक्लिफ को हिन्दुस्तान के भूगोल की जानकारी बहुत कम थी। वे तो पहले कभी हिन्दुस्तान भी नहीं आए थे। 8 जुलाई 1947 को हिन्दुस्तान पहुंचने के बाद उन्हें बताया गया कि उन्हें क्या करना है। यही नहीं, ब्रिटिश सरकार ने महत्वपूर्ण काम के लिए रेडक्लिफ को मात्र 5 सप्ताह ही दिए। यही नहीं, ब्रिटिश सरकार ने उन्हें क्षेत्रीय जानकारी एकत्रित करने का समय भी नहीं दिया था। फौरी तौर पर दो कमीशन बना दिए गए।

पंजाब सीमा आयोग जिसमें कांग्रेस से जस्टिस मेहर महाजन और तेजा सिंह जबकि मुस्लिम लीग से दीन मोहम्मद और मोहम्मद ओमेर शामिल थे। उधर बंगाल सीमा आयोग में जस्टिस बीके मुखर्जी , सी सी बिस्वास कांग्रेस से और जस्टिस एस रहमान और अबू सालेह मुस्लिम लीग की तरफ से शामिल थे। मजेदार कि इनमें से कोई भी जमीनी हकीकत से वाकिफ नहीं था। रेडक्लिफ दोनों कमेटी का चेयरमैन था। बंटवारे की योजना को अमल में लाने का काम एक ऐसे आदमी के जिम्मे था जिसे भारत की भू-राजनीतिक, सामाजिक और भौगोलिक स्थितियों का जरा भी अंदाजा नहीं था।

बंटवारे में संसार की सबसे उपजाऊ जमीन, पंजाब के पंचनद, संसार का सबसे सुंदर सबसे बड़ा गंगा का डेल्टा, संसार की दूसरी सबसे ऊंची चोटी के टू, प्राचीनतम सिन्धु घाटी सभ्यता के अवशेष, गिलगिट बाल्तिस्तान की स्विट्जरलैंड को मात करने वाली खूबसूरती, एशिया का पेरिस कहा जाने वाला लाहौर, पर्यटन योग्य अनेक प्राचीन और प्राकृतिक पर्यटन स्थल और अपनी आबादी के मुकाबले जरूरत से कहीं अधिक भूखंड पाकिस्तान के हिस्से में आया। यहां जनसंख्या के हिसाब से अतिरिक्त भूमि, अतिरिक्त संसाधन, अतिरिक्त सेना, अतिरिक्त रसद और पचपन करोड़ रूपये पाक को मिले। यह दुनिया का सबसे क्रूर, नृशंस, घटिया, बेईमान और बेशर्म बंटवारा था। इस बंटवारे में 10 लाख से अधिक लोग मारे गए एवं 1.5 करोड़ से ज्यादा लोग बेघर हो गए। समाजवादी नेता राममनोहर लोहिया ने अपनी किताब गिल्टी मेन ऑफ पार्टिशन में लिखा है कि कई बड़े कांग्रेसी नेता जिनमें नेहरू भी शामिल थे वे सत्ता के भूखे थे जिनकी वजह से बंटवारा हुआ परंतु इस्लामिक साम्प्रदायिकता इस लालच से भी बहुत बड़ी थी।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### जनपद की 330 ग्राम पंचायतों में झंडा रोहण के साथ शपथ दिलाई



**हमीरपुर।** शासनादेश के अनुरूप जिलाधिकारी घनश्याम मीना के कुशल निर्देशन में हर घर तिरंगा 2025 अभियान के अन्तर्गत जनपद में झंडा बैंक स्थापित कर 2.71 लाख घरों में झंडा फहराए जाने के लिए एनआरएलएम एवं लघु उद्योगों के माध्यम से झंडा निर्माण/ प्राप्त कर वितरित कराए गए। इसके साथ ही बुधवार को समस्त सरकारी भवनों / कार्यालयों एवं समस्त 330 ग्राम पंचायतों के ग्राम सचिवालयों में एक साथ प्रातः 10ः00 बजे झंडा फहराने के साथ ही लगभग 3 लाख ग्रामवासियों द्वारा संविधान और स्वच्छता की शपथ दिलाई गई है। इसके अतिरिक्त समस्त सरकारी भवनों में तिरंगा लाइट लगाई गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल/विद्यालयों में तिरंगा रैली का आयोजन कराया गया। इसके साथ-साथ अभियान अवधि में शहीद स्थलों / स्मारकों में साफ-सफाई एवं रंगाई-पुताई आदि भी कराई गई है।

### खेत देखने गए किसान को सांप ने डसा, मौत

**राठ,हमीरपुर।** जरिया थाने के कैमोखर गांव में एक किसान की सांप के डसने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। किसान की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ था। जानकारी के अनुसार कैमोखर गांव निवासी संतोष कुमार (48) मंगलवार की शाम अपने खेत पर गया। जहां उसे एक जहरीले सांप ने डस लिया। किसान की हालत खराब होने पर परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां किसान को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि संतोष कुमार मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। संतोष के पास करीब दो बीघा जमीन है। मृतक किसान अपने पीछे पत्नी गिरिजा देवी, मां रावरानी, बेटे वीरेन्द्र और धीरेंद्र तथा बेटी नेहा को छोड़ गया है। जरिया पुलिस ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

### अज्ञात कारणों के चलते विवाहिता ने लगाई फांसी, मौत

**मौदहा, हमीरपुर।** अज्ञात कारणों के चलते विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस और फील्ड यूनिट ने घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की जांच की और साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए है। जबकि मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया है। कोतवाली क्षेत्र के उरदना निवासी मालती (22) पत्नी रामबाबू पाल ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के ससुर सुंदर की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस और फील्ड यूनिट ने मौके पर पहुंच मामले की जांच शुरु कर दी और मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। इस सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि यदि कोई आरोप लगाता है या तहरीर देता है तो तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

### तिरंगा यात्रा में दिखा राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संगम



**राठ, हमीरपुर।** गोहांड मण्डल के ब्लॉक परिसर से आयोजित हर घर तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होकर देशभक्ति की उस अदम्य भावना को महसूस करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिसने भारत को आज़ादी दिलाई। सैकड़ों हाथों में लहराता तिरंगा, गगनभेदी देशभक्ति के नारों की गूंज और देश की अखंडता, एकता व गौरव के प्रति समर्पण का यह अद्वितीय दृश्य, मन को गर्व और ऊर्जा से भरता है। राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह किसान, ब्लॉक प्रमुख गोहांड अरविन्द मुखिया, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ आराधना राजपूत, चैयरमैन गोहांड श्रीमती अनीता राजपूत, मंडल अध्यक्ष रामासरे राजपूत, मण्डल महामंत्री रामशरण मिश्रा सहित सभी पार्टी के पदाधिकारियों एवं सामाजिक बंधुजनों के साथ तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के संयोजक के रूप में स्वयं उपस्थित रहें।

### पूर्व चेयरमैन माया बाल्मीकि ने सचिव नगर विकास से की मुलाकात

**कुरारा हमीरपुर।** माया बाल्मीकि पूर्व चेयरमैन सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी समाजवादी पार्टी ने अजय कुमार शुक्ला सचिव नगर विकास उत्तर प्रदेश शासन से मुलाकात कर वर्तमान अध्यक्ष नगर पंचायत कुरारा श्रीमती आशारानी के द्वारा मेरे कार्यकाल के दौरान कराए गए कार्यों में लगे शिलालेख को हटवाने की शिकायत की है। शिकायत में माया बाल्मीकि ने अवगत कराया है कि महर्षि बाल्मीकि पार्क में लगे शिलालेख को तुड़वा कर वंडर पार्क का बोर्ड लगा दिया गया है।इसी प्रकार अंबेडकर पार्क,थाने के सामने बने शौचालय ,नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष के कक्ष में मेरे नाम के लगे शिलालेख को हटवा दिया गया है। इस तरह मेरे द्वारा कराए गए कार्यों में लगे शिलालेख को हटवाने का कार्य आशारानी अध्यक्ष के द्वारा किया जा रहा आशारानी अध्यक्ष के इस तरह के कार्यों पर रोक लगाने की मांग करते हुए हटवाए गए शिलालेख को पुन लगवाए जाने की मांग की है।जिस पर सचिव नगर विकास उत्तर प्रदेश शासन संज्ञान लेते हुए जिला अधिकारी हमीरपुर को पत्र लिखकर तत्काल आख्या शासन को उपलब्ध कराने को कहा गया है।

### नगर पालिका कर्मचारियों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**अतर्रा/बांदा।** नगर पालिका अध्यक्ष संगीता निराला के नेतृत्व में पालिका के कर्मचारी व सभासदों ने पालिका कार्यालय में एकत्र होकर राष्ट्रीय गीत हुआ देश भक्ति के नारों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली यात्रा कस्बे के नरैनी रोड बांदा रोड बदौसा रोड स्टेशन रोड सहित नगर के विभिन्न मार्गो व सार्वजनिक चौराहों से निकल गई तिरंगा यात्रा के दौरान लोगों ने वंदे मातरम सहित भारत माता जयकारा लगाएं पालिका अध्यक्ष श्रीमती निराला ने तिरंगा यात्रा के समापन पर कहा कि यह तिरंगा हमारे आन बान शान का प्रतीक है। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी विजेता गुप्ता, सभासद राजकिशोर बाजपेई, सरिता गुप्ता, अनुराधा गुप्ता, राजेंद्र चौरसिया एवं भाजपा नेता राकेश, मेजर हरिओम त्रिपाठी, अर्जुन गुप्ता, पालिका की लिपिक शिवचरण वाजपेई,अमित सिंह, अरविंदभी उपस्थित रहे।

### बेटालाल पटेल बने परिक्षेत्र अध्यक्ष



**नरैनी/बांदा।** अपना दल(एस)ने बेटालाल पटेल को बाँदा-चित्रकूट परिक्षेत्र का अध्यक्ष बनाया है।संगठन की विभिन्न जुम्मेदारिया सौंपी गई है। अपना दल के प्रदेश अध्यक्ष जाटव आर पी गौतम ने पत्र जारी बताया है कि पार्टी की राष्टीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के अनुमोदन पर प्रदेश के 14 जिलों में नए अध्यक्षो का मनोनयन किया गया है।बेटालाल पटेल क्षेत्र के (परसहर)गांव निवासी हैं।इन्होंने बताया कि दोनो जिलों में तहसील और ब्लाक इकाइयों को सक्रिय कर पार्टी को मजबूत किया जाएगा।

### पशुबाड़े में आग लगने से दो भैसें मरी



**नरैनी/बांदा।** पशुबाड़े में आग लगने से कच्चे घर के साथ चार भैस जल कर घायल हो गई।दो दुधारू भैसों की मौत हो गई है। क्षेत्र के प्रेमपुर गांव निवासी नंदकिशोर पुत्र भागवत प्रसाद ने बताया कि रात में 12 बजे उसने अपने पशुबाड़े से धुआं और आग की लपटें निकलती देखी।शोर मचा कर पड़ोसियों को इकट्ठा किया और दो घंटे की मशक्कत कर घर में लगी आग बुझाई।बताया कि घटना में पशुबाड़े में बंधी 4 भैस गम्भीर रूप से जल गई थी जिसमे दो ने रात में ही दम तोड़ दिया।दो भैसों का इलाज कराया जा रहा है। पीड़ित पशुपालक ने बताया कि हल्का लेखपाल को घटना की सूचना दी गई है।

### आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ इसी माह करायें पूरा: जिलाधिकारी



**बांदा।** जिलाधिकारी श्रीमती जे.रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास खण्ड स्तर पर संचालित विभिन्न योजनाओं की खण्ड विकास अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्यालयों में अवशेष बालमैत्रिक शौचालय का कार्य पन्द्रह दिनों में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने आरआरसी सेन्टरों का संचालन एवं निर्माण तथा आगनवाड़ी केन्द्रों के निर्माण की समीक्षा करते हुए निर्माण किये गये सभी आरआरसी सेन्टरों को संचालित रखने एवं अवशेष सेन्टरों का शीघ्र निर्माण कराये जाने के निर्देश दिये। इसी के साथ आंगनबाडी केन्द्रों का निर्माण कार्य भी गुणवत्ता के साथ इस माह में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने मनरेगा के अन्तर्गत मानव दिवसों के सृजन करने के कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यों की सीमक्षा करते हुए अवशेष आवासों का शीघ्र निर्माण कराये जाने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारियों को दिये। उन्होंने बाढ एवं अतिवृष्टि से जिनके घर गिर गये हैं, ऐसे लोगों की सूची तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने समूह गठन की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए एनआरएलएम समूह का गठन एवं सीसीएल कराये जाने के कार्य के प्रति प्रगति संतोषजनक न मिलने पर डीएमएम का स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडए सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# हमीरपुर डिपो की चलती बस से गिरकर मजदूर की मौत

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



हमीरपुर डिपो की बस में मथुरा पेंटिंग का काम करने जा रहा मजदूर हाईवे में चलती बस से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिचालक ने वहां से गुजर रही एक प्राइवेट कार से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं रोडवेज बस सजेती थाने में खड़ी है।

फतेहपुर जनपद के थाना चांदपुर के दपसौरा गांव निवासी देव सिंह (40) पुत्र स्व.दलजीत सिंह बुधवार की दोपहर दुर्गा मोड से हमीरपुर डिपो की बस में सवार होकर कानपुर होते हुए मथुरा जा रहा था। बस में भीड़ अधिक होने पर देव सिंह बस के गेट पर खड़ा था, जैसे ही बस हमरामऊ के पास पहुंची तभी अचानक चलती बस से गिरकर घायल हो गया। बस के परिचालक संतोष दुबे ने कानपुर की ओर से आ रही इको कार को रुकवाया। जिस पर इको कार के चालक बांदा निवासी गजेंद्र ने घायल देव सिंह को अपनी कार से लेकर जिला अस्पताल पहुंचा। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आनन फानन में परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। घटना की जानकारी मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भांजे रजनेस सिंह ने बताया कि मृतक आठ भाइयों में सबसे बड़ा भाई था। मथुरा में रहकर पेंटिंग का काम करता था। त्योहार को लेकर घर आया था, बुधवार को वापस मथुरा जा रहा था। बताया कि मृतक के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। वहीं सजेती थाना पुलिस ने बस को अपने कब्जे में लेकर थाने में खड़ी करा दी है।

### यमुना नदी में डूबी गुड़िया का भी शव बरामद

**कुरारा, हमीरपुर।** थानाक्षेत्र के जलाला (भटपुरा) गांव में यमुना नदी में नहाते समय चचेरे भाई के साथ डूबी बहन का शव पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बुधवार चंदूपुर गांव के पास से बरामद किया है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है। थानाक्षेत्र के भटपुरा (जलाला) गांव में मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे गांव के शिवम (10) पुत्र राजकुमार, दीपक (11) पुत्र रज्जु, विवेक (12) पुत्र सुरेंद्र, लल्ली उर्फ़ प्रशांत (11) पुत्र अमर सिंह, रूपेश (11) पुत्र राजेंद्र निषाद, गुड़िया (11) पुत्री रमाकांत यमुना नदी किनारे जानवर चराने गए थे। जहां यह सभी नदी में नहाने लगे। इनमें रूपेश व



▶ नदी में नहाते चचेरे भाई के साथ डूबी थी गुड़िया

गुड़िया गहरे पानी में जाने से डूब गए। तभी बच्चों ने परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन रूपेश को नदी से ढूंढकर आनन फानन उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं गुड़िया की तलाश जारी रही। बुधवार को पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से सदर कोतवाली क्षेत्र के चंदूपुर गांव के पास यमुना नदी में उतरा रहे शव को बरामद कर लिया। भटपुरा से चंदूपुर की करीब पांच किमी दूरी है। यमुना नदी के तेज बहाव के चलते बालिका का शव इतनी दूर बहकर पहुंच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नंदराम प्रजापति ने बताया कि किशोरी के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेजा है।

## सरस्वती विद्या मंदिर का छात्र संसद शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में छात्र संसद शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि जयकरन सिंह (वरिष्ठ अधिवक्ता) एवं विशिष्ट अतिथि एड.मथुरा प्रसाद द्विवेदी रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने विद्यालय के नव चयनित प्रधानमंत्री विवेक तिवारी एवं उप प्रधानमंत्री ध्यान सोनी तथा न्यायाधीश कार्तिकेय गुप्ता तथा कन्या भारती की अध्यक्षा राशि पाण्डेय एवं उपाध्यक्षा यशिका सचान एवं सेनापति आयुषी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। तत्पश्चात उन्होंने सभी मंत्रियों एवं सांसदों को शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि ने कहा कि छात्र संसद का गठन छात्रों में नेतृत्व, जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों को विकसित करने के लिए किया जाता हैं। यह छात्रों को स्कूल के मामलों में सक्रिय भूमिका निभाने, बहस में भाग लेने, नीतियों का प्रस्ताव करने और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को समझने का अवसर प्रदान करता है। प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन संगीताचार्य ज्ञानेश जड़िया व आभार प्रदर्शन कन्या भारती की प्रमुख आचार्या अनीता सिंह ने किया। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य वेद प्रकाश शुक्ल ने दी।

### ग्रामीणों को राष्ट्रीय ध्वज के आन बान शान की दिलाई गई शपथ

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधानों ने पंचायत भवनों में ध्वजारोहण करके पंचायत कर्मियों को स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण कराने की शपथ दिलाई। साथ ही तिरंगा यात्रा पंचायतों में निकालकर ग्रामीणों को देश की आन बान शान के प्रति जागरूक किया। ग्राम पंचायत कुंडौरा, बरदहा सहजना, दरियापुर, सौंखर, बांकी, बांक, पलरा आदि में बुधवार को ग्राम प्रधानों ने पंचायत भवनों में ध्वजारोहण करके ग्रामीणों को देश की आन बान शान की शपथ दिलाई। साथ ही प्रत्येक घर में ध्वजारोहण करने की प्रतिज्ञा दिलाई। इस मौके पर साफ सफाई के लिए भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पंचायत सहायक, पंचायत मित्र, ग्राम पंचायत सदस्य एवं ग्रामीणों को शामिल किया गया। इसके बाद गांव में तिरंगा यात्रा निकालकर घर-घर में तिरंगा का वितरण किया गया।

## सपा मुखिया की भेजी सामग्री का सपाइयों ने किया वितरण



**हमीरपुर।** समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में मुख्यालय में यमुना बेतवा नदी की बाढ़ से प्रभावित मोहल्लों में पहुंचकर राहत सामग्री का वितरण कराया गया। समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष मानसिंह यादव ने बताया कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यमुना एवं बेतवा नदी की बाढ़ को संज्ञान में लेकर बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए राहत सामग्री भेजी है। इसका वितरण सपाई निरंतर कर रहे हैं। मंगलवार को युवजन सभा के कार्यकर्ताओं ने मुख्यालय के बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में जाकर सपा मुखिया द्वारा भेजी गई सामग्री का वितरण घर-घर किया है। वितरण के दौरान जिलाध्यक्ष इदरीश खान, अजय यादव, छात्र सभा जिलाध्यक्ष सुनील यादव, जीतेंद्र यादव, युगांक मिश्रा, लाला प्रधान, गोपाल बजाज आदि सपाई मौजूद रहे।

### राधा-कृष्ण के रूप में सजे बच्चों ने बिखेरी छटा

▶ वीजीएम स्मार्ट स्कूल में जन्माष्टमी से पूर्व हुई कृष्ण-राधा रूप सज्जा प्रतियोगिता

**राठ, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बे के जलालपुर रोड़ स्थित वीजीएम स्मार्ट स्कूल में जन्माष्टमी से पूर्व कृष्ण और राधा रूप में सजे नौनिहालों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चों ने कृष्ण के विभिन्न रूपों में सजकर अपनी प्रस्तुति दी।

बुधवार को जन्माष्टमी से पूर्व स्मार्ट स्कूल में दर्जनों की तादाद में नन्हें मुन्ने बच्चों ने कृष्ण और राधा के रूप में सजकर खूब वाहवाही लूटी। जिसने भी बच्चों को सजा धजा देखा मंत्रमुग्ध होकर रह गया। इस दौरान बच्चों ने अपनी अभिनय कला से लोगों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में कृष्ण रूप में सजे खितेश, रूद्रांश, अखिल, वंश, दिव्यम, अनंत, धैर्य, केशव, निष्कर्ष, वेदांत, आदविक रावत, प्रव्यूष, आरुश, अधर्व, सूर्यांश, शिवाय सिंह ने भाग लिया। इसी तरह से राधा रूप में सजी अनाहिता, एंजिला आर्या, प्रगति, नव्या, अंक्षिता, शानवी, योग्यता, मानवी, अनुप्रिया, वैष्णवी, आशी पुरवार, काव्या, प्राची, आरवी और अदिति ने अपनी अदाओं से जलवे बिखेरे।

## शस्त्रमेव जयते के उद्घोष के साथ निकाली गई कस्बे में यात्रा

**सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



शिव शक्ति अखाड़ा के महंत स्वामी मधुराम शरण शिवा जी के नेतृत्व में सशस्त्र यात्रा शस्त्रमेव जयते के उद्घोष के साथ कस्बे के विभिन्न मार्गो में निकली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष शामिल रहे। मौदहा से कस्बे पहुंचे महंत के साथ संतों की टोली मौजूद रही। जिनका नेहा नर्सिंग होम के पास संयोजक केके त्रिवेदी,आदित्य अवस्थी, राजेश शिवहरे, डॉ. ज्ञानेंद्र पाठक, राधे शुक्ला, अरविंद श्रीवास्तव, अमित सिंह आदि ने माल्यार्पण करके स्वागत किया। अल्प विश्राम के बाद यात्रा ठडेश्वरी सरस्वती विद्या मंदिर से शुरू होकर अवतार मोटर्स होते हुए मैथिली शरण मार्ग, रामलीला मैदान, सब्जी मण्डी चौराहे से नेहा नर्सिंग तक गई।

इस दौरान डीजे से हिन्दू राष्ट्र,धर्म से संबंधित गीत प्रसारित किए गए। वहीं संतों की टोली ने चार स्थानों में गदा, तलवार, फरसे से शस्त्र प्रदर्शन भी किया। बाद में बस स्टैंड के पास महंत मधुराम ने विचार व्यक्त किए। सुरक्षा व्यवस्था में थानाध्यक्ष सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

कार्यक्रम में दुर्गा वाहिनी, मातृशक्ति से उर्मिला, दया सिंह, राखी शिवहरे, सुशीला सुनीता, मीना यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं रणवीर सिंह, अरिमर्दन सिंह, आदित्य अवस्थी, भार्गव मिश्रा, संतराम गुप्ता, पुष्पराज सोनी, सीताराम, उमेश व बजरंग दल के लोग उपस्थित रहे।

### चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार




**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बिसण्डा पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि आज थाना बिसण्डा पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि कुछ संदिग्ध लोग ग्राम बाघा मण्डी के पास खड़े है और कोई घटना करने की फिराक में है । सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा टीम के साथ मौके पर जाकर घेराबन्दी कर तीन लोगों को हिरासत में लिया गया । तलाशी के दौरान उनके कब्जे से कुल 70 हजार रुपए बरामद हुए। कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा विभिन्न स्थानों से चोरी किए जाने की घटना स्वीकार करते हुए बताया कि पिछले महिने उनके द्वारा कस्बा ओरन में तथा 4-5 माह पूर्व थाना बबेरु क्षेत्र के ग्राम कायल व भदेहदू में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था । जांच के क्रम में पाया गया कि इनके द्वारा को कस्बा ओरन में, ग्राम भदेहदू में तथा ग्राम कायल में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया गया है । गिरफ्तार अभियुक्तों में मुकेश बंजारा पुत्र चन्द्रपाल निवासी मंसूर नगर थाना सकीट जनपद एटा,सोनू पुत्र अमर सिंह निवासी अर्जुन नगर थाना सिकरी बाजार जनपद भटीन्डा (पंजाब) व मुकेश बंजारा पुत्र राजवीर सिंह निवासी शिवपुरी कालोनी थाना टुन्डला जनपद फिरोजाबाद शामिल हैं।

## जसपुरा थाना परिसर में एसडीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई शांति समिति की बैठक

**जसपुरा (बांदा), समृद्धि न्यूज़।**



थाना जसपुरा परिसर में मंगलवार को आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी (एसडीएम) पैलानी अंकित वर्मा ने की, जबकि व्यवस्थाएं थाना प्रभारी अनिल कुमार की देखरेख में की गई। बैठक में आगामी जन्माष्टमी, स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) और चेहल्लुम जैसे महत्वपूर्ण पर्वों को शांति और सौहार्द के साथ मनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। एसडीएम अंकित वर्मा ने सभी जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों और संभ्रांत नागरिकों से अपील की कि वे त्योहारों के दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखें और प्रशासन को सहयोग दें। उन्होंने साफ-सफाई, बिजली, पानी, यातायात और सुरक्षा को लेकर भी जरूरी निर्देश दिए। एसडीएम ने थाना प्रभारी को संवेदनशील स्थानों की निगरानी बढ़ाने और आवश्यकतानुसार पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में राकेश सिंह दादा, सीरजध्वज तिवारी, लालबाबू मिश्रा , शिवम सिंह सहित क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिक और ग्राम प्रधान मौजूद रहे। पुलिस विभाग की ओर से उपनिरीक्षक दिलीप यादव, दिनेश सिंह, आकाश, परिवेश सहित अन्य कर्मचारी भी बैठक में उपस्थित रहे। सभी ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि त्योहारों को शांति और सौहार्द के साथ मनाया जाएगा तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या उन्माद फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

## हर घर झंडा के तहत महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा निकाली गई रैली

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



शासन के निर्देशानुसार हर घर झंडा अभियान के अन्तर्गत राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाँदा में प्राचार्य प्रोफेसर दीपाली गुप्ता के निर्देशन में समारोहिका डा. सबीहा रहमानी के संयोजन में सेल्फी विद तिरंगा तथा ष्हर घर तिरंगाष् अभियान के प्रति जागरूकता हेतु हर घर झंडा महाविद्यालय के आसपास छात्राओं द्वारा रैली निकाली गई।

आसपास रैली विभागाध्यक्ष डाक्टर सबीहा रहमानी, माया वर्मा, सपना सिंह द्वारा किया गया। महाविद्यालय की छात्राओं यशी द्विवेदी, अदिति अवस्थी, मन्नू शुक्ला, दुर्गा, प्रियांशी शुक्ला, श्रुति गुप्ता एवं समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर जितेन्द्र कुमार ने की सम्मानित अतिथि के रुप में समाजसेवी, इतिहासकार शोभाराम कश्यप उपस्थित रहे । उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करने हेतु राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत विचारों पर प्रकाश डाला । मेरा युवा भारत की ओर से ष्हर घर झंडा अभियान को प्रोत्साहन देने हेतु आज भी सेल्फी प्वाइंट की व्यवस्था रही ।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत संभागीय परिवहन विभाग ने निकाली तिरंगा यात्रा

▶ तिरंगा यात्रा में स्टाफ के साथ-साथ ट्रक, बस यूनियन के लोग भी रहे भारी संख्या में शामिल



**बांदा।** 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा यात्रा निकाले जाने हेतु दिये गये निर्देशों तहत संभागीय परिवहन कार्यालय से पल्हरी बाईपास चौराहे से होते हुए पुनः सम्भागीय परिवहन कार्यालय तक तिरंगा यात्रा निकाली गयी, जिसमे सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) उदयवीर सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी श्याम लाल, यात्री। मालकर अधिकारी राम सुमेर यादव व वीरेन्द्रनाथ राजभर, संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) गुलाब चन्द्र एवं कार्यालय के समस्त स्टॉफ एवं जनपद के डीलरों सहित बस एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष पटेल व सचिव मयंक गुप्ता, ट्रक यूनियन से जय सिंह, अभिनव गुप्ता, मधुराम सिंह, दिनेश सिंह, प्रमोद, दुष्यंत सिंह, आलोक सिंह, अरविन्द, संग्राम सिंह,रूबल सिंह, एवं आमजनमानस के सैकड़ों लोग उक्त तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए।

# तिरंगा यात्रा में दिखा देश भक्ति का जज्बा

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।**





स्वाधीनता दिवस के पूर्व राष्ट्रभक्ति और सद्भावना का संदेश देने के उद्देश्य से बुधवार को पनवाड़ी के ब्लॉक परिसर स्थित शहीद स्मारक और मैन बाजार से अलग अलग तिरंगा यात्राएं निकाली गई। जिसमें बहुसंख्यकों के साथ साथ मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम से जुड़ी इस यात्रा में आगामी 15 अगस्त के दिन घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराए जाने की अपील की गई। सुबह 11 बजे के आसपास ब्लॉक परिसर से आरंभ हुई रैली में ब्लॉक प्रमुख अंजना अनुरागी के साथ पनवाड़ी प्रधान संजय द्विवेदी, श्रीप्रकाश अनुरागी, डॉक्टर दृग्विजय दुबे, श्रीप्रकाश मिश्रा, बीजेपी मंडल अध्यक्ष संतोष विश्वकर्मा एवम महामंत्री संतोष पाठक कुलदीप गौतम महेंद्र मिश्रा युवा नेता अमन शर्मा, शिक्षक ओम प्रकाश द्विवेदी, फूल सिंह राजपूत, नीरज द्विवेदी डॉ मुरली मनोहर तिवारी भाजपा के वरिष्ठ नेताऔरजिला उपाध्यक्ष हर नारायण यादव सहित दर्जनों भाजपा नेता साथ साथ चले विभिन्न ग्रामपंचायतों से आए लोगों के साथ स्कूली बच्चे शामिल हुए। जिसमे स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज पनवाड़ी व नेहरू इण्टर कालेज पनवाड़ी के छात्र छात्राओं ने भागीदारी सुनिश्चित की ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री प्रकाश अनुरागी ने बताया कि हर घर तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करना है। उन्होंने लोगों से आगामी 15 अगस्त को घर और प्रतिष्ठानों में तिरंगा झंडा फहराने की अपील की। इसके उपरांत दोपहर एक बजे सांप्रदायिक सौहार्द को दर्शाती नगर के मैन बाजार से राठ तिराहे तक निकाली गई। जिसमें हिंदुओं के साथ बड़ी तादाद में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। डीजे पर बज रहे देशभक्ति के गाने लोगों में जोश भरते नजर आए। यात्रा का मुख्य आकर्षण 151 फिट लंबा तिरंगा रहा, जिसे देखने के लिए गलियों में बच्चों और महिलाओं की भीड़ लगी रही।

# विधायक के नेतृत्व में निकली भव्य तिरंगा यात्रा



**दिया राष्ट्र भक्ति का संदेश**

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर हर घर तिरंगा अभियान और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के तहत आज ब्लॉक हैदरगढ़ में विधायक दिनेश रावत के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई।

इस अवसर पर विधायक दिनेश रावत ने कहा कि तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को आम जनता तक पहुंचाना है तिरंगा यात्रा से न केवल राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा बढ़ती है एवं उन सैनिकों के बलिदान को भी याद किया जाता है जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। वीर शहीदों के बलिदान से ही हम स्वतंत्र वातावरण में जी रहे हैं उन सभी शहीदों के बलिदान को कभी बुलाया नहीं जा सकता। सैकड़ो मोटरसाइकिल पर निकली तिरंगा यात्रा के दौरान देशभक्ति गीत बजते रहे और लोगों ने हाथों में तिरंगे को लेकर भारत माता की जय के जयकारे लगाए। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा युवा नेता गोविंद पाठक महादेव पाठक वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मी नारायण साहू कुशमेश चंद्र मिश्रा प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह प्रधान आसाराम वर्मा प्रधान प्रतिनिधि अरुण शुक्ला युवा नेता शक्ति सिंह युवा नेता राहुल दीक्षित विष्णु शुक्लापूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश द्विवेदी उपाध्यक्ष शादाब खान वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया राजकुमार सोनी रण बहादुर सिंह शेखर मिश्रा भाजपा नेत्री चांदनी रावत सविता रावत सहित भारी संख्या में देश प्रेमी उपस्थित रहे।

## पूर्व सांसद के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा



**रामसनेहीघाट।** आज़ादी के अमृत महोत्सव की गूंज और 15 अगस्त की आहट के बीच रामसनेहीघाट देशभक्ति के रंग में पूरी तरह रंग से सराबोर होती दिखी बुधवार को पूर्व सांसद लल्लू सिंह के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा बाबा रामसनेही दास मंदिर से निकाली जो छोटी हनुमान गढ़ी भिटरिया पहुचने पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कल्याणी नदी के तट स्थित बाबा रामसनेहीदास से शुरू हुई यह यात्रा भिटरिया स्थित छोटी हनुमानगढ़ी तक पहुंची। यात्रा में सैकड़ो कार्यकर्ता व देशभक्त शामिल हुए—सभी के हाथों और मोटरसाइकिल में तिरंगा, चेहरों पर गर्व की चमक और दिलों में आज़ादी का जोश। डीजे पर गूंजते वंदे मातरम् और भारत माता की जय के नारों ने माहौल को भावविभोर कर दिया। सांसद श्री सिंह ने कहा कि तिरंगा सिर्फ कपड़े का टुकड़ा नहीं, यह हमारे पूर्वजों के बलिदान, साहस और सपनों का प्रतीक है। इस 15 अगस्त को हर घर पर तिरंगा लहराकर हम न सिर्फ स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करेंगे, बल्कि यह संकल्प भी लेंगे कि देश की एकता और अखंडता की रक्षा हर कीमत पर करेंगे। यात्रा में नगर और ग्रामीण क्षेत्र के लोग, युवा, व्यापारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह, जिला उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह रिंकू, ब्लॉकउपाध्यक्ष दीपक वर्मा,प्रदीप सिंह, विनीत श्रीवास्तव, वरिष्ठ नेता रुपेश प्रताप सिंह लकी और प्रदीप द्विवेदी ने भी इस अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। तिरंगे से सजी यह यात्रा सड़क से जहां–जहां से गुजरी,तो लोग दुकानों से हाथ हिलाकर स्वागत करते रहे। रामसनेहीघाट की गलियां देशभक्ति के रंग में डूब गईं, और संदेश साफ था — इस बार 15 अगस्त पर हर घर पर तिरंगा लहराएगा, और हर दिल में तिरंगे का मान बढ़ेगा।

# भारत-पाक महासंघ मसले पर विचार करे भारत सरकार : अमीर हैदर



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

हिन्दुस्तान और पाकिस्तान की जनता को चाहिए अब महासंघ के मसले पर सोचना शुरू करें। इसके बने बिना हम दुनिया में हमेशा किसी न किसी के मोहताज या शिकार बनते रह जाएंगे। बंटवारे से मेरा विरोध निरंतर और मुखर रहा है। भारत के बंटवारे से सिर्फ बड़े लोगों और राजनेताओं को फायदा हुआ। आज हिंदूओं और मुसलमानों को फिर से अलग किया जा रहा है। लेकिन इन्हें एक करने और महासंघ बनाने की कोशिश राजनाथ शर्मा लगातार 60 साल से कर रहे है। वह एक दिन जरूर कामयाब होंगे। यह बात बुधवार को गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट द्वारा गांधी भवन में आयोजित 60वें भारत पाकिस्तान बांग्लादेश का महासंघ बनाओं सम्मेलन के मुख्य अतिथि वरिष्ठ राजनेता एवं अधिवक्ता अमीर हैदर ने कही। महासंघ के संयोजक गांधीवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने कहा कि तीनों मुल्कों में बहुत से लोग महासंघ के समर्थक है। लेकिन सियासत उन्हें एक करने से रोकती है। अगर सरकारों की तरफ देखें, तो सचमुच माहौल बहुत बिगड़ा हुआ है। इसमें शक नहीं है। जरा-जरा-सी बातों को बढ़ावा दिया जा रहा है और लड़ रहे हैं। अखबार और टीवी चैनल दिन-रात एक दूसरे को गरमा रहे हैं। ऐसी सूरत में मैं आपसे पाकिस्तान हिन्दुस्तान के महासंघ की बात करना चाहता हूं। एक देश तो नहीं, एक राज नहीं लेकिन दोनों कम से कम कुछ मामलों में शुरुआत करें एका की। ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष मो. उमैर किदवई ने कहा कि मजहबी दीवारों ने तीनों मुल्कों की आवाम पर पहरा लगा दिया है। वरिष्ठ अधिवक्ता शऊर कामिल किदवई ने कहा कि डॉ लोहिया ने जिस सोच के साथ महासंघ का सपना देखा था उसे राजनाथ शर्मा ने धरातल पर उतारने का प्रयास किया। सभा की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक सरवर अली ने कहा कि डॉ अबुल कलाम आजाद और सरदार पटेल जामा मस्जिद की सीढ़ियों पर खेड़े होकर मुलमानों से गुजारिश कर रहे थे कि तुम पाकिस्तान मत जाओ, लेकिन लोग गुमराह हुए। सभा को मोहम्मद कासिम अंसारी, साकेत संत मौर्य, शिवशंकर शुक्ला, जमील उर रहमान, सलाउद्दीन किदवई ने सम्बोधित किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से समाजवादी अध्येता मृत्युंजय शर्मा, अहमद सईद दिकवर्द, वरिष्ठ सपा नेता ज्ञान सिंह यादव, शौकत अली, पाटेश्वरी प्रसाद, विनय कुमार सिंह, वरिष्ठ रांकापा नेता धनंजय शर्मा, विजयपाल गौतम, भागीरथ गौतम, अशोक कुमार शुक्ला, अंकित शर्मा, आयुष यादव, अशोक जायसवाल, सियाराम वर्मा, मनीष सिंह, रणंजय शर्मा, वीरेन्द्र सिंह, रामचन्द्र यादव आदि कई लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### विद्यालय परिसर से गुजरी हाई टेंशन बिजली लाइन को हटाने की मांग



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** प्राथमिक विद्यालय परिसर से गुजरी 11000 विद्युत लाइन हटाने को लेकर ग्राम प्रधान ने अधिशासी अभियंता विद्युत उपखंड हैदरगढ़ को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग की है। ग्राम प्रधान सुजीत कुमार बताया कि प्राथमिक विद्यालय जरौली आबादी के मध्य स्थित है जिसमें सैकड़ो बच्चे पढ़ते हैं विद्यालय परिसर में लगे वृक्षों के बीच से 11000 की विद्युत लाइन संचालित है जिससे वृक्ष में करंट उतरने का खतरा लगातार बना रहता है।

### तालाब में डूबने से युवक की मौत



**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है गौरा करौंदी ग्राम पंचायत के करौंदी गांव में 26 वर्षीय रंजीत कुमार की तालाब में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार घटना बुधवार सुबह की है।रंजीत नित्य क्रिया से लौटकर घर के सामने लगे नल पर हाथ–पैर धो रहा था इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया।वह बगल में स्थित गहरे तालाब में जा गिरा।युवक की चीख–पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने बचाने का प्रयास किया।लेकिन तब तक रंजीत पानी की बहुत गहराई में समा चुका था।ग्रामीणों ने तुरंत तालाब में खोजबीन कर उसे बाहर निकाला।मगर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।रंजीत चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। उसके पिता रामकुमार का पहले ही निधन हो चुका था। इस हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

### चौपाल लगाकर पुलिस ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** ठाकुरपुर ग्राम पंचायत भवन में पुलिस चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल की अध्यक्षता ग्राम प्रधान विकेश वर्मा ने की। क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंत ने महिलाओं को पुलिस हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बुधवार को यह चौपाल आयोजित की गई। सीओ गरिमा पंत ने कोतवाली बदोसराय पुलिस के साथ ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने पुलिस से संबंधित शिकायतों का समाधान भी किया।चेहल्लुम और श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मद्देनजर सीओ ने ग्रामीणों से शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहार पुरानी परंपरा के अनुसार ही मनाएं। कोई नई परंपरा शुरू न करें। कार्यक्रम में सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### चोरी के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा बरामद हुआ चोरी का मोबाइल



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** जैदपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने मोबाइल चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।अहमदपुर चौकी पुलिस को क्षेत्र के कई घरों से मोबाइल चोरी की शिकायतें मिल रही थीं।बुधवार को मुखबिर की सूचना पर अहमदपुर चौकी प्रभारी सौम्य कुमार जायसवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।उन्होंने अटवा चौराहे के पास से आरोपी को पकड़ा।आरोपी की पहचान जहांगीराबाद के दरहरा गांव निवासी महफूज के रूप में हुई।आरोपी के पास से चोरी के तीन मोबाइल फोन और 650 रुपए नकदी बरामद हुई।पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि तीनों मोबाइल अहमदपुर गांव के घरों से चुराए थे।थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओ मे मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

### भैंस चराने गई किशोरी की गड्ढे में डूबने से मौत

**इकदिल, इटावा, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में भेंस चराने गई किशोरी की पानी भरे गड्ढे मे गिर जाने डूबने से उसकी मौत हो गई। गांव मुरैथा के डेरा बंजारा शहजादपुर में रहने वाले जयवीर सिंह की 12 वर्षिय बेटी सुप्रिया मंगलवार दोपहर गांव के बाहर भैंस चराने गई थी तभी शमशान घाट के पास पानी भरे गहरे गड्ढे में पैर फिसलने से किशोरी गिर गई जबकि गड्ढे से थोड़ी दूर उसके पैर की चप्पल और डण्डा पड़ा हुआ था। वहां पर गांव की दादी भी अपने पशु चराने गई थी उसने घर जाकर सूचना दी काफी देर हो गई बेटी दिखाई नही दे रही है। जिसके बाद ग्रामीणों के साथ परिजन लोग पहुंचे और चारो ओर बेटी तलाश की तभी करीब चार घंटे के बाद पानी भरे गड्ढे के पास उसकी चप्पल और डंडा पड़ा देख उन्होंने पानी भरे गड्ढे में देखा तो बेटी पड़ी देख उनके होश उड़ गए उन्होंने गड्ढे से किशोरी को बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गड्ढे से शव को निकलवाकर जांचपड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतिका के पिता जयवीर सिंह ने बताया बेटी भैंस चराने गई थी तभी गड्ढे में गिरने उसकी मौत हो गई। वह दो भाइयों और चार बहनों में घर की छोटी बेटी थी। वह कक्षा पांच की छात्रा थी। किशोरी की मौत के बाद दो भाई नीरज,धीरज,और बहन वंदना, अर्चना, रंजना के साथ माँ शीला देवी सहित परिजनों का रोरोकर हाल बेहाल हैं।

# नशामुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगांठ पर नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

- चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के छात्रों ने तिरंगा यात्रा निकाल कर दिया राष्ट्रभक्ति का संदेश



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

नशामुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगाँठ पर बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम छंदवल में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान (बिरजू संस्थान) द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के छात्र छात्राओं ने तिरंगा रैली निकाली और देशभक्ति नारो के साथ नशामुक्ति संदेशों से ग्रामीणों को जागरूक किया। खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने तिरंगा लहराकर तिरंगा रैली का शुभारंभ किया। बीईओ ने कहा कि छात्रों में राष्ट्रीय भावना जागृत रहे इसलिए यह तिरंगा रैली बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि छात्र नशे से दूर रहकर राष्ट्र भक्ति को आत्मसात करें। संकुल प्रभारी ने भी छात्रों का उत्साहवर्धन किया। रैली ग्राम छंदवल, ककरहा की गलियों में जब पहुंची तो घरों से महिलाएं बच्चे निकलकर नारे लगाने लगे और छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। रैली के समापन पर गोष्ठी हुई।

संस्थान के अध्यक्ष व स्कूल के प्रबंधक रत्नेश कुमार ने नशे के दुष्प्रभाव बताए और छात्र छात्राओं को नशे से दूर रहने के लिए शपथ दिलाई। छात्रों को अपने अभिभावकों नशा धूम्रपान से दूर रहने के लिए प्रतिज्ञा पत्र पर हस्ताक्षर कर स्कूल में जमा करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगाँठ की बधाई दी और मंत्रालय द्वारा दिये गए निर्देशों को बताया।

इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने रैली का नेतृत्व किया और प्रेरक नारों से वातावरण राष्ट्रीय भावना से भर दिया। शिक्षिका वन्दना वर्मा, शारदा रावत, प्रिया मौर्य, सरिता यादव, प्रिंसी वर्मा, पलक कनौजिया, अर्चना स्टाफ से जियालाल, सरोज सरस्वती सहित 170 छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

### नगर पालिका अध्यक्ष ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली रैली



**उन्नाव।** नगर पालिका परिषद तथा आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वाधान में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' अभियान के अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता मिश्रा अधिशासी अधिकारी संजय कुमार गौतम ब्रांड एंबेसडर प्रवीण मिश्रा भानु सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अशोक कुमार एवं रश्मि पुष्कर मोहल्ला स्वच्छता समिति के सदस्य गुरुनानक इंटर कॉलेज के विधार्थियो एवं शिक्षको के द्वारा बृहद स्तर पर तिरंगे का वितरण करते हुए रैली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देते हुए इस अभियान के बारे मे बताया गया कि हर भारतीय को अपने घरों में तिरंगा लाने और हमारे देश की आजादी के जश्न में गर्व से इसे फहराने एवं हर घर स्वच्छता के लिए आमंत्रित करता है। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज सिर्फ़एक प्रतीक नहीं है, बल्कि हमारे सामूहिक गौरव और एकता का गहरा प्रतिनिधित्व करता है। इस ऐतिहासिक रूप से, ध्वज एवं स्वच्छता के साथ हमारा रिश्ता अक्सर औपचारिक और दूर का रहा है लेकिन यह अभियान इसे एक गहरे व्यक्तिगत और दिल को छू लेने वाले रिश्ते में बदलने का प्रयास करता है। हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता की पहल, हर नागरिक के अंदर देशभक्ति की गहरी भावना जगाने और हमारे राष्ट्रीय ध्वज व स्वच्छता के महत्व को बेहतर ढंग से समझने का प्रयास करती है।

# वित्तीय समावेशन कैम्प : बैंक अधिकारियों ने साइबर अपराध के प्रति किया जागरुक



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक ग्राम पंचायत स्तर पर चलाये जा रहे वित्तीय समावेशन अभियान के तहत बुधवार को प्रबन्धक जिला अग्रणी बैंक कार्यालय द्वारा विकास खण्ड बिछिया की ग्राम पंचायत तारगांव स्थित बैंक आफ इण्डिया शाखा परिसर में वित्तीय समावेशन एवं वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक आरके गौतम ने किया। उन्होंने वित्तीय समावेशन एफआई योजनाओ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक आम जनमानस के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रहा है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति, अटल पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना आदि के माध्यम से आप लोग अल्प बचत करके अपने खराब समय में अधिक लाभ उठा सकते हैं।

यह योजनाएं सभी बैंको में लागू हैं। उन्होंने कहा कि अपने बैंक खातो को हमेशा अपडेट रखें और समय-समय पर केवाईसी कराते रहें। साथ ही बैंक खातो में नामिनी जरूर बनायें। उन्होंने लोगो से अधिक से अधिक योजनाओ का लाभ लेकर बैंको से जुड़ने की अपील की।

साथ ही शिक्षित बेरोजगार लोगों को मुद्रा योजना के तहत लोन लेकर स्वरोजगार अपनाने एवं आत्मनिर्भर बनने की सलाह दी। भारतीय रिजर्व बैंक के वित्तीय सलाहकार बीएन शुक्ला ने बढ़ते साइबर अपराध एवं डिजिटल अरेस्ट की जानकारी देते हुए बताया कि आप लोग समय के साथ स्वयं में भी बदलाव करें। आज स्मार्ट फोन जहां लोगो की जरूरत बन गया है तो अराजक लोग इसके माध्यम से लोगों को आर्थिक नुकसान भी पहुंचा रहे हैं।

उन्होंने सलाह दी कि अपनी कोई भी गोपनीय जानकारी या दस्तावेज किसी अन्जान व्यक्ति से कभी शेयर न करें। यदि कोई व्यक्ति आपसे आपकी गोपनीय जानकारी या बैंक खाते की डिटेल, ओटीपी आदि प्राप्त कर लेता है तो तुरन्त इसकी सूचना अपने संबंधित बैंक या पुलिस को दें। इसके अतिरिक्त बैंक आफ इण्डिया तारगांव के शाखा प्रबन्धक विपुल शुक्ला ने बैंक द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर रूपेश, मयंक वर्मा, रामबालक यादव एवं आधा सैकड़ा से अधिक बैंक ग्राहक उपस्थित रहे।

# आपरेशन मुस्कान : गुम हुए मोबाइल पाकर खिले चेहरे

- पुलिस ने बरामद किए 101 मोबाइल पीड़ितों को सौंपे
- सितंबर 2024 से अब तक पुलिस ने बरामद किए 606 मोबाइल



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश ऑपरेशन मुस्कान के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत जिले की पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। सर्विलांस टीम ने विभिन्न थाना क्षेत्रों से खोए 101 एंड्रॉएड मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन मोबाइल फोन की कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई जा रही है। कार्यक्रम के दौरान खोए मोबाइल पाकर पीड़ितों के चेहरे खिल उठे। एसपी ने टीम की सराहना करते हुए उन्हें सतर्कता और त्वरित कार्रवाई का संदेश दिया।

बताते चले कि एसपी के निर्देश पर संचलित किए जा रहे इस अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर दीपक यादव का सहयोग रहा। प्रभारी सर्विलांस सेल उपनिरीक्षक विनोद सिंह के नेतृत्व में टीम ने यह कार्य किया। पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सभी मोबाइल उनके मालिकों को सौंपे गए। पीड़ितों ने बताया कि मोबाइल के साथ उनका महत्वपूर्ण डेटा, फोटो और जरूरी दस्तावेज़ वापस मिलने से उन्हें राहत मिली है। बताते चले कि सर्विलांस सेल ने सितंबर 2024 से अब तक 606 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। जिनकी कीमत लगभग एक करोड़ रुपये आंकी गयी है। एसपी ने बताया कि इस उपलब्धि के लिए टीम के सदस्यों को प्रशंसा पत्र दिए जाएंगे। कहा कि यह कार्य पुलिस और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करता है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा संपत्ति और लापता लोगों की खोज जारी रहेगी।

### स्कूली बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**ऊसराहार, इटावा, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड ताखा के कंपोजिट विद्यालय बकौली में स्कूली बच्चों ने तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा हाथ में लेकर बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत कंपोजिट विद्यालय बकौली में तिरंगा यात्रा निकाली गई। विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा, वंदे मातरम, भारत माता की जय आदि नारों के साथ व तिरंगा हाथ में लिए बच्चे काफी उत्साह के साथ कदम से कदम मिलाते हुए यात्रा में शामिल हुए। बीईओ अनुपम शुक्ला के निर्देशन व प्रधानाध्यापक अवधेश सिंह राठौर के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर गांव के मुख्य मार्ग से होती हुई बाजार, गली, मोहल्ले से गुजर कर विद्यालय परिसर में समाप्त की गई। प्रधानाध्यापक ने कहा हर घर तिरंगा पहल का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के भीतर देशभक्ति की गहरी भावना जगाना और हमारे राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के बारे में अधिक समझ विकसित करना है। इस मौके पर गीता दोहरे, ओमप्रकाश, दिनेश बाबू चौधरी,प्रदीप पाल,प्रदीप चौहान, अवनीश दुबे शिक्षकों समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# मुठभेड़ में दो शातिर चोर गिरफ्तार



- पैर में गोली लगने से हुए दोनों घायल

**बकेवर, इटावा, समृद्धि न्यूज।**

महेवा चौराहे के नजदीक मंगलवार की रात्रि वाहन चौकिंग के दौरान हुई पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है जबकि दो चोर भाग जाने में सफल रहे। गिरफ्तार चोरों के पास से घटना में प्रयुक्त एक बाइक दो तमंचे कारतूस सोने चांदी के आभूषणों के अलावा 58 हजार की नगदी बरामद की है।

रात्रि के समय महेवा चौराहे के नजदीक बकेवर थानाध्यक्ष विपिन मलिक पुलिस टीम के साथ संदिग्ध व्यक्ति और वाहन की चौकिंग कर रहे थे। इसी दौरान दो मोटर साइकिल कस्बा महेवा चौराहे की ओर से पुलिस को आती हुई दिखाई दी दोनों मोटर साइकिल पर दो दो लोग सवार थे। पुलिस ने जब मोटर साइकिले रोकने का प्रयास किया तो मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर भागने लगे। जिस पर पुलिस ने भाग रहे लुटेरों का पीछा करते हुए मोबाइल पुलिस को भी सूचना दी जिसपर मोबाइल वैन पुलिस ने भाग रहे चोरों का घिराव करना शुरू कर दिया। दोनों ओर से घिरता देख चोरों ने पुलिस पर दुबारा फायर करना चालू कर दिया बदले में पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ जबाबी फयरिंग की जिसमें दो चोरों के पैरों में गोली लगी और जख्मी होकर वहीं गिर पड़े जबकि दो चोर मोटर साइकिल पर सवार होकर भागने में सफल रहे। मुठभेड़ के बाद पुलिस की गिरफ्त में आरोपियों ने अपना नाम शिवकरन उर्फ बब्लू पुत्र रतिराम दलवीर पुत्र ओमकार बताया। शिवकरन उर्फ बब्लू के दाहिने पैर में गोली लगी वहीं दलवीर के बांय पैर में गोली लगी । पुलिस की गिरफ्त में आये दोनों आरोपी फकीरेपुरवा थाना सहायल जनपद औरैया के बताएं गए हैं। जामातलाशी लेने पर दो तमंचे 315 बोर 4 जिन्दा कारतूस 3 खोखा के अलावा एक सोने की अंगूठी एक कमर करधनी चांदी के साथ 58 हजार की नगदी भी पुलिस ने बरामद की। थानाध्यक्ष विपिन मलिक ने बताया कि मुठभेड़ में गिरफ्तार आरोपियों ने 11 अगस्त को रात्रि के समय में महेवा में एक घर का ताला तोड़कर चोरी करने की बात स्वीकारने के साथ थाना क्षेत्र के इन्दौसी में 4 जून 2025 को भी चोरी की घटना अंजाम दी थी। शिवकरन उर्फ बब्लू पर विभिन्न थानों में आठ मुकदमा दर्ज है वहीं दलवीर पर तीन। थानाध्यक्ष ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है। इस मुठभेड़ में थानाध्यक्ष विपिन मलिक के अलावा लखना चौकी इंचार्ज हाकिम सिंह, उपनिरीक्षक किशन पाल के अलावा हेड कांस्टेबल रवि शशि अवस्थी, जितेन्द्र, गजेन्द्र और दुर्वेश शामिल रहे।

# कारपोरेट लुटेरो भारत छोड़ो, खेती छोड़ो मुक्त व्यापार समझौता स्वीकार नहीं



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** संयुक्त किसान मोर्चा एसकेएम के देशव्यापी आहवान पर कारपोरेट लूटेरो भारत छोडो, खेती छोडो, मुक्त व्यापर समझौता स्वीकार नही जैसे ललकारपूर्ण नारो के साथ जुझारू प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को डीएम के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया गया।

किसानो की मांग है कि नवउदारवादी आर्थिक नीतियों को रदद करो, मुक्त व्यापार समझौता रदद करो। ट्रम्प के 50 फीसदी टैरिफ का खुलकर विरोध करो। एसकेएम उ.प्र. के नेता एवं किसान सभा के प्रांतीय महामंत्री मुकुट सिंह ने कचहरी पर सभा में मोदी–योगी सरकारो की किसान विरोधी नीतियों की कडी आलोचना करते हुए कहा कि किसानो से स्वामीनाथन के अनुरूप एमएसपी की गारंटी, कर्जा मुक्ति, किसानो की आमदनी दोगुनी करने, बिजली निजीकरण, बिल वापस करने जैसे वादो को पूरा नही किया गया। उल्टा खेती किसानी का संकट दोगुना हो गया। बिट्रेन के साथ हो चुके मुक्त व्यापार समझौता और अमरीका से होने वाला समझौता भारत की खेती–किसानी को बर्बाद करेगा। ट्रम्प का 50 फीसदी टैरिफ भारत को व्यापार के नाम पर लूटने की करतूत है। सभा की अध्यक्षता कर रहे नाथूराम यादव ने कहा कि मोदी सरकार ने ट्रम्प के सामने घुटने टेक दिए हैं, ये भारत जैसे महान देश के सम्मान के खिलाफहै। अमर सिंह शाक्य ने संचालन करते हुए आशा–रसोइयों के शोषण का मामला उठाया। आशा यूनियन की प्रांतीय महामंत्री संगीता कश्यप ने केन्द्र सरकार द्वारा आशाओं के मानदेय में बढोतरी को लागू करने और उसमें संगनियो को जोडने की भी मांग उठायी। किसान सभा के प्रांतीय संयुक्त मंत्री जिलामंत्री संतोष शाक्य, किसान सभा के उपाध्यक्ष वैध विश्राम सिंह व रामवरन यादव, संयुक्त मंत्री संतोष राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष विश्राम सिंह यादव, प्रेमशंकर यादव, डा. शौकीन सिंह, मोनू यादव आदि ने भी सम्बोधित किया। किसान सभा कार्यालय से जुलूस गगनभेदी नारे लगाते हुए कचहरी में सभा में तब्दील हो गया। जिलाधिकारी के प्रतिनिधि मजिस्ट्रेट ने मंच पर आकर ज्ञापन ग्रहण किया।

# अज्ञात युवती का शव बरामद, हत्या की आशंका

- युवती की नहीं हो सकी शिनाख्त



**बकेवर, इटावा, समृद्धि न्यूज।**

बकेवर थाना की बिजौली चौकी क्षेत्र में आमाहार बेरीखेड़ा रोड़पर एक अज्ञात युवती का शव बरामद हुआ। गले मे जिस दुपट्टे से फंदा लगा था उसी के दूसरे छोर से उसके दोनों पैर बंधे थे। शव को कहीं से लाकर फेका गया जान पड़ रहा हैं। शव करीब एक दिन पहले का लग रहा है। सुबह खेतों पर आए लोगों ने शव को पड़े देख बिजौली चौकी पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर बिजौली चौकी इंचार्ज विनय द्विवेदी हाइवे सेविन मोबाइल पुलिस की गाड़ी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी युवती के शव की उम्र लगभग 24 वर्ष के बीच आँकी गयी। उसके शरीर पर कुर्ता व सलवार था। युवती निम्न वर्गीय परिवार की लग रही थी।युवती के मुंह से खून निकला हुआ था।युवती की कहीं अन्यत्र हत्या कर शव को यहां लेकर फेके जाने की संभावना जतायी जा रही है।युवती का शव सड़क किनारे एक खेत में यूकेलिप्टस के पेड़ के सहारे पड़ा था। किसान रामकुमार का खेत है।खेत में यूकेलिप्टस के पेड़ ही खड़े हैं जिस मार्ग पर युवती का शव पड़ा था वह मार्ग बिजौली ओवरब्रिज से निकला है और बेरीखेड़ा होते हुए लखना बाईपास पर निकलता हैं।

लखना व आसपास के गांवों में रहने वाले लोग इटावा जाने को इस मार्ग से सीधे निकल जाते हैं इस मार्ग पर देखा जाय तो पूरे दिन और देर रात तक आवागमन बना रहता है।

इस सम्बंध में थानाध्यक्ष बकेवर विपिन कुमार मलिक ने बताया कि अज्ञात युवती का शव मिला है शव कहीं से लेकर फेंका गया लग रहा हैं। शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।मामले की छानबीन की जा रही है।

# हर घर तिरंगा महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब

▸ देशभक्ति की लहर में सराबोर हुआ जालौन



उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

राजकीय मेडिकल कॉलेज का ऑडिटोरियम में तिरंगे के रंग में रंगा नजर आया, जब हर घर तिरंगा महोत्सव का भव्य आयोजन उत्साह, जोश और देशभक्ति के माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने संयुक्त रूप से मंच साझा करते हुए राष्ट्रध्वज को सलामी दी और जनपदवासियों से राष्ट्रीय एकता एवं देशभक्ति का संकल्प लेने का आह्वान किया। ऑडिटोरियम में जनसैलाब उमड़ा हुआ था। मंच पर पुष्प सज्जा, रंग-बिरंगे पर्दे और पृष्ठभूमि में राष्ट्रध्वज की विशाल छवि माहौल को और भव्य बना रही थी।

स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत और नृत्य ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। वंदे मातरम और जन गण मन की गूंज से पूरा परिसर देशप्रेम के तरानों से गूंज उठा। सभागार के भीतर और बाहर, हर हाथ में लहराता तिरंगा और झूमते हुए लोग इस महोत्सव की सफलता का प्रमाण थे। जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। यह केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि हमारे स्वतंत्रता संग्राम की अमर गाथा और बलिदानियों के सपनों का प्रतीक है। आज जनपद के कोने-कोने में तिरंगे की शान लहर रही है, यह हमारे राष्ट्रप्रेम की जीवंत तस्वीर है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार 2 अगस्त से 15 अगस्त तक जनपद में तीन चरणों में विविध देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। तिरंगा यात्रा, तिरंगा मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जिस उत्साह के साथ सभी वर्गों ने भाग लिया है, वह अद्वितीय है। 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने के लक्ष्य को ग्राम प्रधानों और नगर निकायों के माध्यम से सफल बनाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने कहा कि तिरंगा महोत्सव केवल देशभक्ति का पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सामूहिक जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। हमारा तिरंगा हमें यह याद दिलाता है कि हम सब एक हैं और हमारे भीतर अपार शक्ति है। जिस तरह जनपद के नागरिकों ने तिरंगा महोत्सव में सहभागिता की है, वह सुरक्षा और सम्मान की उस भावना को और प्रबल करता है, जो राष्ट्र निर्माण की नींव है।कार्यक्रम के अंत में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को नमन करते हुए सभी उपस्थित लोगों ने राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। पूरा जालौन देशभक्ति की इस लहर में सराबोर हो उठा।इस अवसर पर पूर्व विधायक नरेंद्र जादौन, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान एमएलसी के प्रतिनिधि मयंक त्रिपाठी, समस्त ग्राम प्रधान, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, जिला विकास अधिकारी निशांत पांडे, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# मदरसा गुलशने रजा के बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा

▸ यात्रा में शामिल बच्चों ने उत्साहपूर्वक तिरंगे को लहराते हुए राष्ट्रभक्ति का दिया संदेश



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

मोहल्ला बिरतिया स्थित मदरसा गुलशने रजा के बच्चों ने तिरंगा यात्रा निकालकर सभी में देशभक्ति का जुनून पैदा किया। वीरों का बलिदान याद रखेगा हिंदुस्तान, गली-गली में नारा है हिंदुस्तान हमारा है, हाथ से हाथ मिलाएँगे, हर घर तिरंगा फहराएँगे जैसे जोशीले नारों के साथ तिरंगा यात्रा मोहल्ला सैयदवाड़ा, बिरतिया, उंचा जेरकिला, लाहौरी टोला होते हुए वापस मदरसे में पहुंचकर समाप्त हुई। इस अवसर पर मदरसे के प्रधानाचार्य कुमैल इदरीस ने कहा कि तिरंगा हमारी एकता, अखंडता और स्वतंत्रता का प्रतीक है। इस यात्रा का उद्देश्य बच्चों में देशप्रेम की भावना जागृत करना और शहीदों के बलिदान को याद करना है। उन्होंने बच्चों को देश की संस्कृति और इतिहास के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। यात्रा में शामिल बच्चों ने उत्साहपूर्वक तिरंगे को लहराते हुए राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। इस दौरान कारी कलीमुद्दीन, गुलशन आरा, फरहा इदरीस, परवेज, अब्दुल रहमान, मोहर रिजवान, मुर्शिद नईम अहमद, अजमत खान, चाँद मियाँ, मुजाहिद हुसैन, कारी उवैस, शफकत हुसैन, मोहम्मद अकरम सहित अन्य शिक्षक और स्टाफ मौजूद रहे।

# किसान संगठनों ने बनाया संयुक्त किसान मोर्चा



▸ एकजुट होकर संघर्ष करने का लिया संकल्प

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

विशुनगढ़ रोड स्थित गणपति लॉन गेस्ट हाउस में आयोजित विभिन्न किसान संगठनों की बैठक में संयुक्त मोर्चा के गठन का निर्णय लेकर सभी ने किसानों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया। भारतीय किसान यूनियन संयुक्त किसान मोर्चा की इस बैठक में जनपद के सक्रिय एवं संघर्ष शील किसान संगठन भाकियू (अवधेश), भाकियू (किसान), भाकियू (भानु), भाकियू (औनू), भाकियू (अराजनैतिक) भाकियू (हलधर) एवं इनके प्रमुख किसान नेता व सदस्य मौजूद रहे। सभी ने यह निर्णय लिया कि भारतीय किसान यूनियन संयुक्त किसान मोर्चा जनपद का एकमात्र सक्रिय किसान संगठनों का संयुक्त मोर्चा बनेगा। यह मोर्चा किसानों के हितों के लिए सदैव एकजुटता से संघर्ष करेगा। सभी संगठनों ने अपनी अपनी राय रखी एवं भविष्य में किसान हित के कार्यों में साथ चलने का संकल्प लिया। सर्वसम्मति से तय कार्यक्रम के अनुसार 15 अगस्त दिन शुक्रवार को नवीन मंडी से प्रातः 10 बजे से संयुक्त किसान मोर्चा मिलकर तिरंगा यात्रा निकालेंगेट्ठजो बाजार होते हुए पूर्वी बाईपास स्थित विकासखंड कार्यालय में समाप्त होगी। बैठक में जिले के किसान नेता एवं किसान बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



## हर घर तिरंगा अभियान को बनाएं सफल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** आवास विकास कॉलोनी में फर्रूखाबाद चौराहे के पास संपन्न हुई अखिल भारतीय पाल महासभा की बैठक में स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की अपील की गई। राजमाता अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण के बाद बैठक में इस बात की भी चर्चा हुई कि समस्त पदाधिकारी एवं कोर कमेटी के सदस्य अपने घर में अहिल्याबाई होल्कर की फोटो रखें। भविष्य में होने वाली बैठकों में कोर कमेटी तथा कार्यकारिणी दोनों के सदस्यों का उपस्थित होना आवश्यक है। हरिश्चंद्र पाल की अध्यक्षता एवं अमर सिंह पाल के संचालन में हुई बैठक में अखिल भारतीय पाल महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह पाल, जबर सिंह पाल, रमेशचंद्र पाल, कमल सिंह, सत्येंद्र सिंह पाल, हरिश्चंद्र, महाराम पाल, सत्यपाल सिंह, अनिल कुमार, राजेंद्र बाबू, उमेशचंद्र पाल, अनूप कुमार, स्वदेश पाल, विश्राम सिंह, रामवीर सिंह, जसवंत पाल, उपेंद्र सिंह एवं रामऔतार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# आन-बान-शान से मनाएं स्वाधीनता दिवस: भीमसैन मुकुंद

▸ जेल में बंदियों एवं सुरक्षा कर्मियों ने निकाली तिरंगा यात्रा



तिरंगा यात्रा निकालते सुरक्षा कर्मी

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

क्षेत्र के अनौगी स्थित जिला कारागार कन्नौज में जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद के पर्यवेक्षण में बंदियों एवं सुरक्षा कर्मियों द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा के दौरान जेलर विनय प्रताप सिंह, उपजेलर अजय कुमार , बद्री प्रसाद, श्रीमती उर्मिला सिंह, राम बहल दुबे, जेल वॉर्डर राहुल चौधरी, गौरव कुमार, दीपक कुमार, दीपांशु मालिक ,मोहित सेन आदि ने हाथों में तिरंगा लेकर आजादी के नारों के उदघोष के साथ तिरंगा रैली निकाली गई। कारागार के संपूर्ण आवासीय परिसर जेल लाइन में तिरंगा यात्रा निकली गई जिसमें सभी अधिकारियों कर्मचारियों के परिवारी जनो ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

तिरंगा रैली में महापुरुषों सरदार बल्लभ भाई पटेल , महात्मा गांधी, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद के नाम के उदघोष से संपूर्ण कारागार एवं कारागार आवासीय परिसर गुंजायमान रहा। जेल अधीक्षक ने तिरंगा यात्रा रैली को संबोधित करते हुए आग्रह किया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर अपने आसपास विशेष सफाई अभियान चलाकर सफाई करे। सभी आवासों पर सम्मान सहित तिरंगा फहराए । आजादी के जश्न को पूरे मनोयोग से पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाए। तिरंगा यात्रा रैली का समापन कारागार के मुख्य द्वार पर हुआ।

## छात्रों ने बनाई रंगोली निकाली तिरंगा यात्रा




**छिबरामऊ, कन्नौज।** आजादी के अमृतकाल में उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के अनुपालन में राजकीय महिला महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत रंगोली कार्यकम एवं हर घर तिरंगा रैली कार्यकम का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों का संचालन महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ0 भोजराज सिंह ने किया। प्राचार्यडॉक्टर पवन सिंह चौहान ने बताया कार्यक्रमों में महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारीगण एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

# सभासद के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी पंकज दूबे ने दर्ज की जीत

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

नगर के वार्ड नंबर 23 चंद्र शेखर नगर में सभासद पद के लिए हुए उपचुनाव की मतगणना बुधवार 13 अगस्त की सुबह 8 बजे से तहसील सभागार में शुरू हुई, जिसमें भाजपा प्रत्याशी पंकज दूबे ने 200 मतों से जीत दर्ज की।



छिबरामऊ नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 23 चंद्रशेखर नगर सभासद पद के लिए 11 अगस्त को हुए मतदान की मतगणना में भाजपा प्रत्याशी पंकज दुबे ने 481 मत प्राप्त कर 200 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। इनके अलावा मुईद्दीन उर्फ पट्टू (कार) 281 मत पाकर दूसरे नंबर पर रहे। वहीं शबनम (कुर्सी) को 107, नौसीन इकबाल (पतंग) को 50 और चंदन खान (तराजू) को 22 वोट मिले। 12 वोट खराब हुए। मतगणना की निगरानी आरओ आनंद द्विवेदी ने की। सुरक्षा के लिए तहसील परिसर में स्ट्रांग रूम के बाहर भारी पुलिस बल तैनात रहा, जिसकी निगरानी सीओ सुरेश कुमार ने की। प्रशासन ने मतगणना के बाद विजयी प्रत्याशियों के जुलूस पर रोक लगा दी थी। इसके कारण कोई जुलूस नहीं निकला।

# छात्र संसद के पदाधिकारियों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

सरस्वती शिशु, विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शिशु भारती, कन्या भारती व छात्र संसद के पदाधिकारियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।




इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा विद्या भारती के विद्यालयों से शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों की कार्यपद्धति सबसे अलग होती है।विशिष्ट आतथि इंदिरा दुबे ने कहा विद्या मन्दिरों में छात्र संसद का गठन किया जाता है। इससे छात्र-छात्राओं में नेतृत्व के गुण विकसित होते हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राठौर ने भैया बहिनों को आशीर्वाद देते हुए कहा सभी सांसद अपने कर्तव्य का निष्ठापूर्वक पालन करें और विद्यालय के विकास में सहयोगी बनें। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शुक्ला ने निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। छात्र संसद व कन्या भारती के प्रधान मंत्री ने कहा कि हम निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्य का पालन करते हुए विद्यालय के विकास में सहयोगी सिद्ध होगे तथा छात्र संसद के सभी पदाधिकारी निष्ठा पूर्वक अपने अपने कर्तव्यों का पालन करते रहेंगे। शिशु भारती के भैया बहिनों को मनोज कुमार दुबे ने, कन्या भारती की बहिनों को श्रीमती इन्दिरा दूबे नै और छात्र संसद के भैयाओं को देवेन्द्र सिंह राठौर ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शिशू भारती प्रमुख संजीव पाल ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कन्या भारती की प्रमुख पायल सिंह व छात्र संसद के प्रमुख अरुण कुमार त्रिपाठी के दिशा निर्देशन में हुए कार्यक्रम का संचालन अनुराग त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में संजय सिंह, हरेन्द्र सिंह, अरुण प्रकाश, योगेन्द्र, विशाल, बलराम, अनन्त, सपना, प्रिया, आलोक व आंशिका उपस्थित रहे।

## एनसीसी कैडेट्स की भर्ती आज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** हीरालाल वन इंटर कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स की भर्ती 14 अगस्त को सुबह 8 बजे से होगी प्रधानाचार्य राधावल्लभ मिश्रा ने कहा इसमें कक्षा 11 के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। सभी इच्छुक छात्र छात्राएं जिन्होंने फॉर्म भरा है वे सभी कॉलेज यूनिफॉर्म में मूल प्रपत्रों व लेखन सामग्री के साथ समय उपस्थित हों। हाई स्कूल अंक सहप्रमाण पत्र, आधार कार्ड, विद्यार्थी परिचय पत्र, क्लिप बोर्ड साथ लाएं। उन्होंने कहा इस भर्ती से वंचित विद्यार्थी को पुनः मौका नहीं मिलेगा इसलिए आवश्यक प्रपत्रों के साथ ससमय विद्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें । विद्यालय में एनसीसी कम्पनी कमांडर मेजर संदीप कुमार माधव ने बताया कि भर्ती अधिकारी कर्नल अमरजीत सिंह मलिक, कमान अधिकारी 12 यू पी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा संपन्न कराई जाएगी। भर्ती शारीरिक माप तौल , शारीरिक दक्षता के बाद लिखित परीक्षा व चिकित्सकीय परीक्षण के आधार पर होगी।

## लखनऊ से मथुरा तक दंडवत यात्रा



**छिबरामऊ, कन्नौज।** लखनऊ से मथुरा तक पैदल दंडवत यात्रा करते हुए अखिल यादव, श्री प्रेमानन्द महाराज जी के दर्शन हेतु निःस्वार्थ भाव से निकले हैं। यह यात्रा केवल शारीरिक कठिनाई नहीं, बल्कि अटूट भक्ति, संकल्प और आस्था का प्रतीक है। इस महान संकल्प के दौरान जब वे रास्ते में मामा होटल पर पहुँचे, तो वहाँ उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने उनका माल्यार्पण कर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर डॉ. सरित दुबे ने कहा अखिल यादव की यह यात्रा हम सभी के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है। हम उनके संकल्प को नमन करते हैं और श्री प्रेमानन्द महाराज जी के चरणों में उनकी भक्ति स्वीकार हो, यही कामना करते हैं। इस दौरान पारस मिश्रा, बंटी, अक्षय पालीवाल, सक्षम पाण्डेय, सोनू दूबे समेत कई गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव

**कोंच,जालौन।** थाना एट के अंतर्गत एक 24 भारती युवक का रेलवे क्रॉसिंग खंबा नंबर 166 के आगे ब्रिज वहां की ओर संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला जैसे ही राय हीरो ने शव को देखा तो इसकी सूचना थाना एट पुलिस को दी। जानकारी के अनुसार थाना एट के ग्राम बिरगुवां के पास रेलवे लाइन के खम्भा नम्बर 166 के पास एक 24 वर्षीय युवक का शव मिलने से हड़कम्प मच गया इसकी सूचना जैसे ही पुलिस को मिली तो घटना स्थल पर थान एट प्रभारी पंजक पांडेय एवं हल्का इंचार्ज नरेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ पहुंच गए और शव का परीक्षण कर कब्जे में लेकर पोष्ट मार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस की पूंछतांछ के दौरान मृतक की शिनाख्त सर्वेश कुमार पुत्र रामशंकर यागिक निवासी ग्राम पिण्डारी के रूप में हुई है।

# सपा कार्यकर्ताओं की एकजुटता पर दिया जोर



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी की पीडीए बैठक पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव के आवास पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे पूर्व ब्लॉक प्रमुख सोनू यादव ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार किसानों को खाद तक मुहैया नहीं करा पा रही है। ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जनता पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर सरकार की नाकामियों को उजागर करने और पार्टी के लिए समर्थन जुटाने की अपील की। हिमांशु यादव के संचालन में हुई बैठक में सतीश यादव, गौरव सिंह, लालू चौहान, लाखन सिंह, अंकुर सिंह यादव, मीडिया प्रभारी विवेक यादव, अजय सिंह, धीरज कठेरिया, अमन खान, तस्लीम वारसी, मोनू यादव, हृदय नारायण दुबे, साकेत जाटव, लाखन सिंह और जितेंद्र सादव मौजूद रहे।

# आयोग के अध्यक्ष का किया जोरदार स्वागत



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

अनुसूचित जाति, जनजाति आयोग उत्तर प्रदेश के सदस्य मिठाई लाल का माल्यार्पण करके जोरदार स्वागत किया गया। निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनूप निषाद व राष्ट्रीय लोक दल के जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य अतुल शर्मा ने पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में निषाद पार्टी व राष्ट्रीय लोक दल के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान अनूप कुमार कश्यप जिलाध्यक्ष, रामरतन कश्यप जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष

रामशरण जिला संरक्षक, दिलीप कश्यप जिला संगठन अध्यक्ष, उमाशंकर कश्यप जिला उपाध्यक्ष, बीनू कश्यप जिला सचिव व नरेश चंद्र कश्यप नगर अध्यक्ष प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# कूड़ा बीनने वाले बच्चे के प्रति एडीएम ने दिखाई दरियादिली

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

जनपद में जहां तिरंगा महोत्सव के लिए तिरंगा यात्राएं एवं महोत्सवों के आयोजनों से लोगों में जोशा खरोस की भावना का संचार हुआ है वहीं पर कलेक्ट्रेट परिसर में कंधे पर प्लास्टिक की बोरी लटकाए बच्चे के प्रति अपर जिलाधिकारी संजय कुमार की दरियादिली लोगों के दिलों के दिलों में घर कर गई।



हुआ यू कि स्थानीय मुहल्ला पटेल नगर रामकुंड के समीप झोपड़ी बनाकर परिवार के साथ रहने वाला बच्चा नूर नबी पुत्र सलीम कूड़ा बीनते हुए अपर जिलाधिकारी आफिस गेट ठीक बगल में कूड़े की बोरी रखकर थकान मिला रहा था कि एडीएम संजय कुमार जैसे ही अपनी गाड़ी पर बैठने के लिए लपके तभी उनकी नजर उस बच्चे पर पड़ गयी उन्होने तत्काल स्टेनो मोहित श्रीवास्तव व अन्य कर्मचारियों को बुलाकर बच्चे अपनी चेम्बर में लाने को कहा।

जहां उन्होने बच्चे के नाम पते के साथ पढाई के बारे में पूंछा। उन्होने स्टेनों को रुपये देकर बच्चे को नये कपड़े लाने के साथ ही उसके माता पिता से संपर्क करने के निर्देश दिए। जिससे अगर वह पढ़ना चाहता है तो उसका किसी स्कूली दाखिला कराया जा सकता है। एडीएम की इस दरियादिली को देखकर लोग उनकी सराहना किए बिना नही रह सके।

# कार और बाइक की टक्कर दो युवक गंभीर रूप से घायल

कोंच, जालौन समृद्धि न्यूज।

कोतवाली क्षेत्र के उरई-कोंच मार्ग पर एक भीषण सड़क दुर्घटना में कार और बाइक की टक्कर हो गई जिसमें बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच ले जाया गया जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार खूनी सड़क पर दिन बुधवार को आशीर्वाद क्लब व कोल्ड स्टोर के बीच मे घटित हुआ जब ग्राम पड़री की ओर से यूपी 92 ए क्यू 5016 एच एफ डीलक्स मोटर साइकिल सवार अलफ़ पुत्र कमाल बाबा निवासी मुहल्ला आजाद नगर अभिषेक सक्सेना पुत्र विजय निवासी मुहल्ला प्रताप नगर कोंच की ओर आ रहे थे व एक अन्य कोंच की ओर आ रहे थे और कोच से हमीरपुर जनपद के सरीला निवासी चार पहिया बाहन रेनॉल्ड कुईड यूपी 35 ए जेड 6721 से रतनगढ़ माता के दर्शन कर उरई की ओर जा रहे थे तभी तभी दोनों में सीधी जोरदार भिड़ंत हो गयी जिसमें बाइक सवार गिरकर बुरी तरह घायल हो गए और कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जा गिरी जैसे ही राहगीरों ने उक्त घटना को देखा तो वह मौके पर पहुंच गए।

# डीएम ने लहरियापुरवा आश्रय गृह का किया निरीक्षण

उरई, जालौन समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज मोहल्ला लहरियापुरवा स्थित आश्रय गृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कई खामियां सामने आई, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए।

निरीक्षणकेदौरान आश्रय गृह का कार्यालय बंद पाया गया और मौके पर केयर-टेकर भी मौजूद नहीं था। उन्होंने निर्देश दिया कि आश्रय स्थल का कार्यालय 24 घंटे खुला रहना चाहिए, ताकि किसी भी समय शरणार्थियों को ठहराने में दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि शरणार्थियों की पहचान कर के ही प्रवेश दिया जाए।इसके अलावा, आश्रय गृह में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे भी लंबे समय से बंद पाए गए।

उपस्थिति प्रबंधक के अनुसार कैमरे पिछले तीन महीने से खराब हैं, जिलाधिकारी ने कहा कि यह गंभीर लापरवाही है और कैमरों को तत्काल दुरुस्त कर संचालन में लाया जाए।जिलाधिकारी ने आदेश दिया कि आश्रय गृह की सुरक्षा और व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित संस्था और अधिकारियों को चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि निर्धारित समय-सीमा में सभी खामियां दूर की जाएं, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यालय ग्रा0पं0 बरारिख वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2025-2026 — दिनांक 13/08/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बरारिख वि0ख0 मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 14/08/2025 से 20/08/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 20/08/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | श्रीकृष्ण के घर से बंजर तालाब तक इंटरलॉकिंग कार्य | 1,26,316 | 2 प्रतिशत | 100 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान-(ओमवती) ग्रा0पं0 बरारिख वि0ख0 मोहम्मदाबाद सचिव-(रामवीर शाक्य)

# बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचे प्रधान, हर संभव मदद करने का दिया भरोसा



गांव का निरीक्षण करते प्रधान

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर क्षेत्र में गंगा और रामगंगा नदियों के लगातार बढ़ते जलस्तर से भीषण तबाही का माहौल बन गया है। अमृतपुर तहसील क्षेत्र से फर्रुखाबाद मुख्यालय तक पहुंचने के लिए लोगों को अब डबरी मार्ग से होकर जाना पड़ रहा है। तहसील क्षेत्र के सैकड़ों गांव पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं। जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। तटवर्ती गांवों के ग्रामीणों ने प्रशासन की अपील पर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन शुरू कर दिया है। तहसील प्रशासन लगातार बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को राहत सामग्री पहुंचा रहा है। जिसमें घरेलू उपयोग की सभी आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं। प्रशासन का दावा है कि गंगा और रामगंगा के बढ़ते जलस्तर से निपटने के लिए पूरी तैयारी की गई है। स्थिति इतनी गंभीर है कि तहसील मुख्यालय भी जलमग्न हो चुका है। कर्मचारियों को कार्यालय तक पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कस्बा अमृतपुर को भी चारों तरफ से बाढ़ के पानी ने घेर लिया है। बाढ़ का पानी कस्बे में घुसने की सूचना मिलते ही अमृतपुर प्रधान सचिन देव तिवारी ग्रामीणों के बीच पहुंचे और हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

## बाढ़ की तेज धार में बाइक सवार तीन युवक बहे

**किनारे खड़े लोगों ने तत्परता का परिचय देकर बचाया**

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** बाढ़ की तेज धार में बाइक सवार तीन युवक बह गए। किनारे पर खड़े लोगों ने तीनों युवकों को सकुशल बाहर निकाल लिया। इसके बाद तीनों वापस घर लौट गए। जनपद शाहजहांपुर के थाना जलालाबाद के गांव गुनारा निवासी इलियास गांव में फेरी लगाकर सामना बेचने का कार्य करते हैं। बुधवार दोपहर वह बाइक से साथी इकलहरा निवासी नाज़ेश व नसरुद्दीन के साथ बाइक से कंपिल की तरफआ रहे थे। तीनों बाइक सवार कंपिल बदायूं मार्ग पर गांव राईपुर चिनहटपुर के निकट पुलिया को पार करने लगे। उसी समय एक ही बाइक पर सवार तीनों युवक पुलिया पर चल रही तेज धार में वह गए। जबकि इलियास ने किनारे पर लगी रस्सी को पकड़ लिया। वहां मौजूद ग्रामीणों ने पानी में कूदकर तीनों युवकों को सकुशल बाहर निकाल लिया, जबकि बाइक, मोबाइल व रुपए पानी में वह गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों युवकों को घर भेज दिया। इलियास ने बताया कि कंपिल-बदायूं मार्ग पर किसी जगह पुलिस न मिलने से वह पुलिया पार करने लगे। जबकि मौजूद ग्रामीणों के अनुसार दो होमगार्ड पुलिया पर तैनात हैं। उनके मना करने के बावजूद भी युवक नहीं माने और देखते देखते पानी में वह गए। ग्रामीण पुलिस को गुमराह कर पड़ोसी गांव का बताकर खाने पीने का सामान का बहाना लेकर आवागमन कर रहे हैं। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया पुलिस के मना करने पर भी लोग आवागमन कर रहे हैं। कंपिल बदायूं मार्ग पूर्ण रूप से बंद है। लोग खाने पीने की वस्तुओं की बात कहकर आवागमन कर रहे हैं।

# घर से निकले युवक का पुलिया के नीचे पड़ा मिला शव



मृतक का फाइल फोटो



रोते बिलखते मृतक के परिजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीते दिन घर से निकले वृद्ध का शव नाले की पुलिया के नीचे पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव रायपुर खास निवासी राशिद उम्र 55 वर्षीय पुत्र रंगी खाँ बीते दिन मंगवार की दोपहर लगभग 3 बजे घर से निकले थे। शाम तक वापस न लौटने पर परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई अता पता नहीं चला। बुधवार सुबह राशिद का शव कायमगंज क्षेत्र के मेहन्दिया वाली मजार के पास नाले की पुलिया के नीचे पड़ा होने की सूचना पुलिस को दी गयी। जिस पर मन्डी चौकी इन्चार्ज अवधेश यादव ने कांस्टेबिल अंकित गंगवार के साथ मौके पर पहुंचकर जाँच पड़ताल कर मृतक के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं मृतक की पत्नी जमीला बेगम ने आरोप लगाया है कि उसके पति की किसी ने ले जाकर हत्या कर दी। मौत की सूचना पर पत्नी सहित बेटा आमिर, बेटी हिना, शाहिस्ता, गुलिस्ता, सुनैना, हुमैरा का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# डीएम ने वितरित की बाढ़ राहत सामग्री व पके भोजन



लंच पैकेट वितरित करते जिलाधिकारी

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

डीएम व एसडीएम ने बाढ़ प्रभावित गांवों का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित की। साथ की ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। डीएम ने काशीराम कालोनी में पहुंच पीड़ितों को खाना के पैकेट वितरित किए। बुधवार दोपहर डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी व एसडीएम अतुल कुमार बुधवार दोपहर बाढ़ प्रभावित गांव बहबलपुर, मिस्तनी, अहिवरन नगला सहित अन्य गांवों का मोटर वोट से निरीक्षण किया। उन्होंने बहबलपुर गांव पहुंचकर बैठक कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और राहत सामग्री वितरित की। डीएम ने गांव बहबलपुर, कमरुद्दीननगर, रौकरी, चौखड़िया आदि गांवों में लगे स्वास्थ्य शिविर कैंप का निरीक्षण किया। कायमगंज चिकित्साधिकारी डॉक्टर शोभित शाक्य ने बताया बहबलपुर में 107 मरीज, रोकरी में 54 मरीज, कमरुद्दीननगर में 25 मरीज, चौखड़िया में 46 मरीजों का परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गई। इसके बाद वह गांव निजामुद्दीनपुर स्थित काशीराम कालोनी में बाढ़ पीड़ितों के रुकने की व्यवस्था को परख वहां मौजूद ग्रामीणों को खाने के पैकेट वितरित किए। उन्होंने वहां बिजली के लिए नया ट्रांसफार्मर लगाने, पानी आदि की व्यवस्थाएं कराने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम अतुल कुमार, तहसीलदार विक्रम चाहर, ब्लॉक प्रमुख पति अरुण दुबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# खेत की मेड़ के विवाद के मामले में पिता-पुत्र सहित तीन को दस-दस वर्ष का कारावास

**प्रत्येक आरोपी 17 हजार रुपए के अर्थदंड से किए गये दंडित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष ई.सी. एक्ट न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह ने गैर इरादातन हत्या के मामले में मुन्नू पुत्र नत्थूलाल, सोवरन, हसना उर्फ कमलेश पुत्रगण मुन्नू निवासी दानमंडी जहानगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दस-दस वर्ष के कारावास से दण्डित किया है। बीते लगभग 11 वर्षों पूर्व थाना जहानगंज पुलिस को रामबरन पुत्र रामफेरे द्वारा दिनांक 23 जुलाई 2014 को मौखिक सूचना दी गई। जिसमें बताया कि समय करीब आठ बजे सुबह खेत की मेड़ काटने को लेकर विपक्षीगणों द्वारा गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मुझे व मेरे पिता व मां को मारा पीटा। जिससे हम लोगों के काफी चोटें आयीं। पुलिस ने सूचना के आधार पर एन.सी.आर. दर्ज कर ली। घायल रामफेरे व गुड्डी देवी को इलाज के लिए डॉ0 राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान रामफेरे की मृत्यु हो गई थी। उक्त एन.सी.आर. गैर इरादातन हत्या में तरमीम हो गयी। पुलिस ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह ने मुन्नू, सोवरन सिंह, हसना उर्फ कमलेश को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दस-दस वर्ष का कारावास व प्रत्येक आरोपी को 17-17 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

# सपा की पूर्व विधायिका को सरकारी काम में बाधा डालने के मामले डेढ़ वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विशेष एम.पी./एम.एल.ए. न्यायाधीश ज्ञानेंद्र कुमार सिंह प्रथम ने लोक सेवक कर्मचारी को उसके कार्य से रोकने के मामले में उर्मिला राजपूत पत्नी डॉ. रामकिशन राजपूत निवासी पलरा कोतवाली फर्रुखाबाद को डेढ़ वर्ष के कारावास व दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।



जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

**दस हजार रुपए के अर्थदंड से भी किया गया दंडित**

बीते लगभग 24 वर्षों पूर्व कांस्टेबिल बृजेश कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि तीन दिसंबर 2001 को वह अपने साथी कांस्टेबिल शिशुपाल के साथ यातायात चौराहे पर ड्यूटी कर रहे थे। स्कूल की छुट्टी की वजह से चौराहे पर काफी भीड़भाड़ थी। उसी समय पूर्व विधायिका उर्मिला राजपूत अपनी कार से चौराहे पर आईं और गाड़ी खड़ी कर दी। जिससे चौराहे पर जाम लग गया। उनसे गाड़ी हटाने के लिए कहा, तो वह अन्य लोगों के साथ नीचे उतरी और गली-गलौज करने लगीं और कहा कि दो टके के सिपाही तेरी हिम्मत कैसे हो गई गाड़ी हटाने को कहने की। मेरे ऊपर हाथ चला दिया। कोतवाली फर्रुखाबाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर सरकारी काम में बाधा के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व अभियोजन की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने पूर्व विधायिका उर्मिला राजपूत को दोषी करार देते हुए डेढ़ वर्ष का कारावास व दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

# गैंगेस्टर के आरोपी को तीन वर्ष का कारावास

**पांच हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 के तहत अवैध गतिविधियों व समाज में भय व्याप्त करने के मामले में फहीम पुत्र स्व. जाहिर निवासी मोहल्ला खटकपुरा कोतवाली फर्रुखाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर तीन वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

# विद्युत शिविर में बकायेदारों ने जमा किये 1 लाख 40 हजार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

उपखंड अधिकारी धर्मेंद्र कुमार राजपूत ने विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए संबंधित विद्युत बिल बकायेदार उपभोक्ताओं से विद्युत बिल जमा कराने हेतु अवर अभियंताओं को गांव-गांव जाकर बिल जमा करने हेतु शिविर लगाने का निर्देश दिया।

बुधवार को नवाबगंज विद्युत उपकेंद्र से संबंधित गांव चांदपुर में अवर अभियंता अब्दुल मजीद के द्वारा उपखंड लिपिक मुकेश दास के साथ शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 1,40,000 रुपए संबंधित बकायेदार उपभोक्ताओं के द्वारा जमा किए गए एवं 07 लोगों के बिल को मौके पर ही संशोधन किया गया शिविर में बिल जमा करने से इन्कार करने पर अवर अभियंता अब्दुल मजीद ने अपनी टीम के द्वारा 38 विद्युत उपभोक्ताओं पर 8,53000/- रुपये का विद्युत बिल बकाया होने पर उनके कनेक्शन की केबिल को पोल से काटकर नीचे गिरा दिया गया। शिविर का औचक निरीक्षण उपखंड अधिकारी धर्मेंद्र कुमार राजपूत ने किया एवं मौके पर उपस्थित लोगों से प्रत्येक माह बिजली के बिल जमा करने हेतु अपील की। उपखंड अधिकारी ने कहा कि सभी लोग अपने-अपने बिजली के बिलों का भुगतान प्रत्येक माह अवश्य करते रहें।



शिविर में बिल जमा करते अधिकारीगण

# बाजार से वापस लौटते प्रधान की पानी में डूबने से मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव मोती नगला निवासी भूरे यादव उम्र 56 वर्षीय पुत्र नत्थूलाल जो की पूर्व प्रधान हैं। बुधवार को वह घरेलू सामान लेने के लिए कायमगंज आये थे। सामान लेकर वापस घर लौटते समय जैसे ही वह सिनौली रोड बुढ़िया पुल के पास पानी में डूब गये। दूसरा साथी निकल आया, लेकिन पूर्व प्रधान का कोई पता नहीं चला। सूचना पर पहुँचे उपजिलाधिकारी अतुल कुमार, तहसीलदार विक्रम सिंह, कानूनगो जगदीश यादव, क्षेत्रीय लेखपाल आशीष वर्मा, दीपक कुमार, ग्राम प्रधान अनिल कुमार मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों व गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद पूर्व प्रधान को निकाल लिया, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। वहीं घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# खतरे के निशान से 35 सेंमी ऊपर बह रहीं गंगा

**रामगंगा भी उफान पर, 87 गांवों में पहुंचा पानी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



सड़क पर चल रहे पानी से होकर निकल रहे टेंपो चालक

बुधवार सुबह गंगा का जल स्तर खतरे के निशान से 35 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया। वहीं रामगंगा खतरे के निशान से महज 20 सेंटीमीटर दूर रह गयीं हैं। दोनों नदियों में बाढ़ से निचले इलाकों में चारों ओर पानी ही पानी दिखायी दे रहा है।

बताते चलें कि बीते मंगलवार शाम को जलस्तर 137.30 मीटर पर दर्ज किया गया था। लगभग 16 घंटे में ही गंगा में यानी बुधवार सुबह जल स्तर 137.45 मीटर पर पंहुच गया है। यानी 16 घंटे में गंगा में 15 सेंमीटर का उछाल आ गया। गंगा व रामगंगा में खतरे का निशान 137.10 पर दर्ज है। गंगा में 191442 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। वहीं बात करें तो रामगंगा की तो राम गंगा का जल स्तर सुबह 136.90 मीटर पर दर्ज किया गया है। राम गंगा में 14939 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। बाढ़ से राजेपुर कस्बे में भी सड़कों पर पानी चल रहा है। पुलिस ने राजेपुर निबिया मार्ग को फिलहाल बंद करा दिया है। राजेपुर तिराहे पर दो फिट पानी है। जिला आपदा विशेषज्ञ आयुषमेंद्र परिहार ने बताया की अभी तक बाढ़ की चपेट में लगभग 87 गाँव आ चुके है। सभी गांवों में राहत व बचाव कार्य जारी है। बाढ़ पीड़ितों की प्रशासन हर संभव मदद कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। साथ ही पल-पल पर अपनी नजर भी बनाये हुये है। प्रशासन ने बाढ़ पीड़ितों से ऐतियात बरतने के निर्देश दिये हैं।

# प्रॉपर्टी डीलर की कार पर बाइक सवार हमलावरों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



गाड़ी के शीशे में लगी गोली

फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार की रात एक प्रॉपर्टी डीलर की कार पर बाइक सवार हमलावरों ने फायरिंग कर दी। घटना धंसुआ स्थित एक बियर शॉप के पास की है। घटना के पीछे पुरानी रंजिश बतायी जा रही है। प्रॉपर्टी डीलर सूरज ठाकुर गांव रूनी चुरसाई के रहने वाले हैं। रात में अपनी कार से उतरकर दूसरी कार में बैठे थे। इसी दौरान 10-12 बाइक सवार हमलावरों ने उनकी खाली कार पर फायरिंग कर दी। एक गोली कार के शीशे में जा फंसी। जिससे शीशा टूट गया। एक गोली कार के शीशे में फंस गई। टना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस को मौके से कारतूस के खोखे भी मिले। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज भी देखे। फायरिंग की घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। सेंट्रल चौकी प्रभारी तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार कुछ समय पहले सूरज का किसी से विवाद हुआ था। पुलिस इसी रंजिश को मानकर घटना की जांच कर रही है।

# न्यायालय ने अभियुक्तगणों को 20 हजार रुपये के निजी बंधपत्र पर किया रिहा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विवेचक द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 1732/2025 धारा 196 (2) बीएनएस थाना कायमगंज में अभियुक्तगण सुनील व आकाश को गिरफ्तार कर प्रभारी न्यायिक मजिस्ट्रेट कायमगंज के समक्ष पेश किया गया तथा अभियुक्तगण का रिमाण्ड दिये जाने की याचना की गई है। विवेचक द्वारा प्रस्तुत एफ.आई.आर., केस डायरी तथा सुसंगत प्रपत्र आदि का परिशीलन किया। अभियुक्तगण को अवगत कराया गया कि यह विधिक सहायता के रूप में अधिवक्ता नियुक्त करा सकता है। रिमाण्ड के समय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सहायक कानूनी सहायता बचाव वकील उपस्थित थे। वहीं रिमाण्ड का विरोध किया गया। प्रपत्रों के अवलोकन से विदित होता है कि अपराध अधिकतम 05 सात तक की सजा से दण्डनीय है। अभियुक्तगण पर अन्तर्गत धारा 35)3) बी0एन0एस0एस0 के अन्तर्गत नोटिस भी तामील नहीं कराया गया है। विवेचक द्वारा दंगा फैला देने का उल्लेख गिरफ्तारी मीमो में किया गया है, परन्तु इस सम्बन्ध में कोई साक्ष्य पत्रावली पर उपलब्ध नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय की विधि व्यवस्था अरनेश कुमार बनाम बिहार राज्य व अन्य अपील संख्या 1277/2014 निर्णय दिनांक 02.07.2014 में यह अवधारित किया गया है कि मजिस्ट्रेट रिमाण्ड करते समय इस तथ्य का ध्यान रखेगा कि 41(ए) द0प्र0सं0 का अनुपालन विवेचक द्वारा किया गया अथवा नहीं। इसी प्रकार उच्च न्यायालय की विधि व्यवस्था शौकीन बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य दाण्डिक प्रकीर्ण रिट याचिका संख्या 174108/2011 में पारित निर्णय दिनांकित 11.10.2011 में यह अवधारित किया गया है कि यदि 07 वर्ष तक के कारावास से दण्डित मामले में अभियुक्त को गिरफ्तार करता है तो विवेचक को ठोस कारण देने होंगे। जिनका वह केस डायरी में कर सकता है। विवेचक द्वारा उपरोक्त का अनुपालन नहीं किया गया है। अतः उपरोक्त समस्त तथ्य एवं परिस्थितियों में अभियुक्तगण का रिमाण्ड अस्वीकार किये जाने योग्य है। रिमाण्ड प्रार्थना पत्र निरस्त किया जाता है। अभियुक्तगण को मु0 20,000/- रूपये का व्यक्तिगत बंधपत्र प्रस्तुत करने पर रिहा किया जाता है। विवेचक दौरान विवेचना अभियुक्तगण को साक्ष्य पाये जाने पर पुनः गिरफ्तार करने के लिए स्वतंत्र रहेगा।

# शिवरई मठ स्थित मजार को लेकर चल रहे विवाद में दो गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में सुनील चक व आकाश

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गॉव शिवरई मठ गांव स्थित खान बहादुर बाबा सैय्यदना की प्राचीन मजार को लेकर चले आ रहे विवाद ने मंगलवार को फिर तूल पकड़ लिया। पुलिस की ओर से दोनों पक्षों के कुल 44 नामजद और करीब 100 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज करने के बाद अगले ही दिन बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष शिवरई मठ गांव के मोड़ स्थित तिराहे के पास एकत्र होकर विरोध दर्ज करने लगे। ग्रामीणों की नाराज़गी का कारण गांव के प्रधान ललिता के पति सुनील चक व गौरक्षा समिति जिला प्रभारी आकाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर मेडीकल परीक्षण करवाकर न्यायालय में पेश किया।

# धूमधाम से मनायी गयी वीर दुर्गादास राठौड़ की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



वीर दुर्गादास की जयंती मनाते मंथन ठाकुर आदि

वीर दुर्गादास राठौड़ की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया।

पदाधिकारियों ने वीर दुर्गादास राठौड़ के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दुर्गादास राठौड़ का जन्म 13 अगस्त 1638 को मारवाड़ रियासत के सालवा गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम आसकरण राठौड़ था। जन्म के बाद माता-पिता अलग हो गए। दुर्गादास के पिता आसकरण राठौड़ जोधपुर दरबार में महाराजा जसवंत सिंह के यहां मंत्री थे। कहा जाता है कि दुर्गादास के जन्म के बाद उनके माता-पिता में विवाद हो गया था। इसके बाद दोनों अलग हो गए थे। मां के साथ खेती करने चले गए। इसके बाद दुर्गादास अपनी मां के साथ लूणवा गांव चले गए। यहां अपनी मां के साथ खेती बाड़ी करने लगे थे। एक बार किसी ने अपने ऊंट दुर्गादास राठौड़ के खेतों में छोड़ दिए। खेत की फसल बर्बाद कर दी। इसके बाद दुर्गादास शिकायत लेकर गए। इस पर उसने दुर्गादास को खूब बुरा भला बोला। बताया जाता है कि दुर्गादास को बुरा भला कहने पर वह भड़क गए थे और उन्होंने तलवार निकाल कर उस सिर धड़ से अलग कर दिया था। इसके बाद दुर्गादास को महाराजा जसवंत सिंह के दरबार में पेश किया गया। इस पर दुर्गादास ने महाराजा को बताया कि उसने जोधपुर दरबार को लेकर गलत कहा था। इसलिए उसे मार डाला। इस पर महाराजा जसवंत सिंह ने उन्हें अपने पास बुलाकर पीठ थपथपाते हुए कहा था कि तुम बहुत साहसी और वीर बालक हो मारवाड़ का उद्धारक बनेगा। कुछ समय बाद महाराज जसवंत की मौत हो गयी। उनका कोई वारिस नहीं था।

इस दौरान औरंगजेब ने मेवाड़ को सरदार इंद्र सिंह को बेच दिया। इस पर दुर्गादास राठौड़ ने औरंगजेब के खिलाफ जंग छेड़ दी थी और अंत में मुगल शासक औरंगजेब को दिल्ली की गद्दी छोड़कर भागना पड़ गया था। कार्यक्रम में सिप्पू ठाकुर, शिवम् राठौर, ठाकुर सत्यम सिंह, ठाकुर शिवम् सिंह, हिमांशु सोमवंशी आदि लोग मौजूद रहे।

# अज्ञात बाइक की टक्कर से बालक घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

अज्ञात मोटर साइकिल की टक्कर से बालक घायल हो गया। उसे एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। पीड़ित पिता ने अज्ञात बाइक सवार के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज के गांव ममरेजपुर निवासी जयराम का 6 वर्षीय पुत्र रितिक मंगलवार रात 7 बजे नए घर से पुराने घर पर जा रहा था। रितिक जैसे ही सड़क के किनारे पहुंचा, तभी नवाबगंज की तरफ से तेज रफ्तार में आ रहे मोटरसाइकिल के चालक ने रितिक के टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रितिक सड़क पर गिरकर घायल हो गया। वहां मौजूद ग्रामीण ने रितिक को उठाया और उसके परिजनों को सूचना दी। परिजन घायल रितिक को लेकर नवाबगंज के एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

जहां रितिक का प्राथमिक उपचार किया गया। पुत्र का इलाज होने के बाद रात लगभग साढ़े दस बजे थाने पहुंच कर रितिक के पिता जयराम ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने सुबह 10 बजे आने की बात कहकर जयराम को टरका दिया। बुधवार सुबह थाने पहुंचकर जयराम ने अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ तहरीर दी।

## साइबर अपराधियों द्वारा फ्राड कर ठगे गये 1,64,000/- रुपये कराये गये वापस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साइबर क्राइम फतेहगढ़ पुलिस के द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर पंजीकृत साइबर शिकायत संख्या 33104250038987 के आवेदक आशीष कुमार पुत्र मंशाराम निवासी सिविल लाइन कोतवाली फतेहगढ़ के 1,00,000/- रूपये तथा साइबर शिकायत संख्य- 23112240153331 के आवेदक आनन्द प्रकाश पाल पुत्र जिलेदार सिंह पाल निवासी मोहल्ला मेंहदीबाग कोतवाली कायमगंज के 64,000/- रूपये फ्राड करने वाले खातों को फ्रीज कराकर न्यायालय के आदेश के क्रम में कुल 1,64,000/- रूपये आवेदकों के बैंक खातों में कुल 1,64,000/-रूपये वापस कराये गये।

# जीवन का सबसे बड़ा उपहार है अंगदान : प्रो. डॉ. वेणु

- मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में मनाया गया ऑर्गन डोनेशन-डे
- अंगदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा: डॉ. विजय मोहन गुप्ता



कार्यक्रम में मौजूद प्रशिक्षु चिकित्सक व विद्यालय स्टाफ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में ऑर्गन डोनेशन-डे बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन रचना शरीर विभाग द्वारा किया गया। संचालन प्रोफेसर डॉ. वेणु (एचओडी) ने किया। उन्होंने कहा अंगदान वह महान कार्य है, जिसमें हम अपनी मृत्यु के बाद अपने अंग किसी जरूरतमंद को देकर उसकी जिंदगी बचा सकते हैं। यह केवल दान ही नहीं, बल्कि जीवन का सबसे बड़ा उपहार है। आज हम सभी संकल्प लें कि हम अंगदान के प्रति जागरूकता फैलाएंगे और इसे समाज की एक सकारात्मक सोच बनाएंगे।

डॉ. विजय मोहन गुप्ता ने कहा अंगदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। एक व्यक्ति के अंगदान से कई लोगों को नया जीवन मिल सकता है। यह ऐसा पुण्य है, जो मृत्यु के बाद भी हमें जीवित रखता है। हमें इसे जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए और दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए। डॉ. गगन देवी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा आज के युवा ही कल के समाज का भविष्य हैं, इसलिए अंगदान के प्रति जागरूकता सबसे पहले युवाओं में होनी चाहिए। हमें डर और भ्रम को छोड़कर विज्ञान और मानवता को अपनाना होगा। आपकी एक सकारात्मक सोच किसी के जीवन में उम्मीद की किरण बन सकती है। डॉ. अविधा द्रराज ने प्रेरणादायी शब्दों में कहा जीवन का असली अर्थ केवल खुद जीने में नहीं, बल्कि दूसरों के लिए जीने में है। अंगदान ऐसा अमर कर्म है, जो हमें मृत्यु के बाद भी अमर बना देता है। डॉ.कविता शर्मा ने कहा अंगदान से बड़ा कोई उपहार नहीं है। यह इंसानियत का सबसे पवित्र रूप है और हमें इसे समाज की सोच का हिस्सा बनाना चाहिए और इसी के साथ 2024 बैच के छात्र-छात्राओं द्वारा एक लघुनाटिका अंगदान महादान प्रस्तुत कर सभी को अंगदान का महत्व एवं उपयोगिता के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर डॉ. जितेन्द्र गौड़, डॉ. शीलू गुप्त, डॉ. ज्ञानेन्द्र गुप्ता, डॉ. मनीष उपाध्यय, डॉ. मधु रजन, डॉ. रूमा डे, डॉ. अरूण कुमार पाण्डेय, डॉ. सुहेबा, डॉ. स्वेता सिंह, डॉ. अरीब हुसैन, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. सुमन कुंदू, डॉ. सर्मिपिता आदि मौजूद रहे।

# सरकार की योजनायें आम जन तक पहुंचे: प्रोबेशन अधिकारी


बैठक में मौजूद अधिकारी व अन्य

**फर्रुखाबाद/नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड नवाबगंज में ब्लॉक (बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति) बैठक का आयोजन जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्र एवं खण्ड विकास अधिकारी अमरेश सिंह चौहान की अध्यक्षता में किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्र ने कहा कि हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के विषय में अधिक से अधिक जानकारी आमजन तक पहुंचें। जिससे समाज के ऐसे लोग जिन्हें किसी प्रकार की आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, वे उसका लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आंगनबाड़ी अपनी ग्राम पंचायत में ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक अनिवार्य रूप से कराकर कार्यवृत्त उपलब्ध कराएं। उन्होंने बाल विवाह, चाइल्ड हेल्प लाइन नं0 (1098), महिला हेल्पलाइन 181, इमरजेंसी नंबर 112 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। खण्ड विकास अधिकारी अमरेश सिंह चौहान ने कहा कि किसी भी योजना में लाभ प्राप्त करने के लिए जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है, यदि प्रमाण पत्र बनवाने में कोई समस्या हो तो तत्काल सूचित करें। विधि सह परिवीक्षा अधिकारी गिरजा व प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी सुनीता उपाध्याय ने कहा कि प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकत्री पुष्टाहार का वितरण नियमित रूप से करें। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत किशन पाल सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता अखलेश कुमार, परामर्शदाता प्रवीन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



तिरंगा लहराते शिक्षक

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत जश्ने आजादी कार्यक्रम सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत बुधवार को भारतीय महाविद्यालय में प्राचार्य रमन प्रकाश सचान के नेतृत्व में स्वतंत्रता एवं जश्ने आजादी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में स्वतंत्रता का जश्न मनाया गया। प्राचार्य रमन प्रकाश ने आजादी के महत्व पर प्रकाश डाला। अन्य प्राध्यापको ने भी स्वतंत्रता आंदोलन पर भी छात्र-छात्राओं को जानकारी दी और हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए संकल्प दिलाया कि सभी लोग अपने घरों पर तिरंगा फहराये और भारतीय होने का गर्व महसूस करते हुए तिरंगा लहराये। इस मौके पर शिक्षक, कर्मचारी व छात्र-छात्रायें मौजूद रही।

# भाजपा आज मनायेगी विभाजन विभीषिका दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता में 14 व 15 अगस्त को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी बैठक एवं तिरंगा यात्रा की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया कि 14 अगस्त विभाजन विभीषिका दिवस पर भाजपा कार्यालय पर संगोष्ठी आयोजित होगी।

जिसमें कानपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश राय मुख्य वक्ता के रूप में रहेंगे। साथ ही सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौन जुलूस के साथ पैदल मार्च आवास विकास तिराहे निकालेंगे। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर सभी शक्ति केंद्रो पर झंडारोहण कार्यक्रम होंगे एवं जनपद में जहां भी महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित है वहां पर स्वच्छता अभियान एवं माल्यार्पण कार्यक्रम किए जाएंगे। भाजपा कार्यालय पर भी झंडारोहण का कार्यक्रम होगा। विभाजन विभीषिका दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विभाजन के दौरान उत्पन्न हुए हिंसात्मक विषयों पर चर्चा की जाएगी एवं भारत के विभाजन के बारे में संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। इन सभी कार्यक्रमों के लिए संयोजक नियुक्त किए गए हैं। इस अवसर पर डीएस राठौर, हिमांशु गुप्ता, अशनील दिवाकर, अभिषेक बाथम, अमरदीप दीक्षित, शिवांग रस्तोगी, अभिषेक बाजपाई, मयंक बुंदेला, विक्रांत तिवारी, अंकित गुप्ता, अंकित तिवारी, छोटू दुबे, धर्मेंद्र राजपूत, विकास पांडे, कृष्ण मुरारी राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद भाजपा नेता

# विधिक माप विज्ञान विभाग द्वारा प्रयोगशाला एवं सत्यापन का हुआ आयोजन


प्रयोगशाला कार्यक्रम में मौजूद व्यापारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विधिक माप विज्ञान विभाग प्रयोगशाला द्वारा कायमगंज, में तीन दिन सत्यापन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभाग के अधिकारियों में वीनू तिवारी एवं कर्मचारियों में ठेकेदार पंछी यादव सहित विभिन्न लोगों ने भाग लिया। प्रमुख रूप से भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री, संजय गुप्ता ने विभिन्न प्रकार के वाणिज्यिक बाट-कांटे, इलेक्ट्रॉनिक मशीनें एवं माप उपकरणों का परीक्षण एवं सत्यापन हुआ। उपभोक्ताओं एवं व्यापारियों को विधिक माप विज्ञान अधिनियम के प्रावधानों, सटीक माप के महत्व तथा समय-समय पर सत्यापन की अनिवार्यता के बारे में जागरूक किया। विभाग के अधिकारियों ने व्यापारियों से अपील की कि वे केवल सत्यापित एवं मोहरबंद उपकरणों का ही प्रयोग करें, ताकि उपभोक्ता का विश्वास और पारदर्शिता बनी रहे।

# संभागीय शास्त्रीय एवं सुगम संगीत प्रतियोगिता 18 व 19 अगस्त को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ संस्कृति विभाग द्वारा संभागीय शास्त्रीय एवं सुगम संगीत प्रतियोगिता का आयोजन जनपद में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के विषय में बताते हुए संयोजक सुरेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि प्रतियोगिता में शास्त्रीय गायन में ख्याल-तराना, ध्रुपद-धमार, ठुमरी-दादरा, तंत्र वादन में सितार, सरोद, संतूर, वीणा, गिटार, मेंडोलिन, गज वाद्य में वायलिन, सारंगी, इसराज एवं दिलरुबा, सुषिर वाद्य में बांसुरी, शहनाई एवं क्लेरिनेट, अनवद्य वाद्य में तबला, पखावज, नृत्य में कथक और सुगम संगीत में भजन एवं गजल विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता तीन वर्गों में होगी। बाल वर्ग 8 वर्ष से 14 वर्ष तक किशोर वर्ग 14 वर्ष से 20 वर्ष तक युवा वर्ग 20 वर्ष से 25 वर्ष तक, यह प्रतियोगिता 18 एवं 19 अगस्त को आयोजित होगी।

## खबरें एक नजर में

### वोटर लिस्ट में अनियमितता वार्ता कांग्रेसियों ने देखी एलईडी पर


एलईडी पर राहुल गांधी का भाषण सुनते कांग्रेसी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आदेशानुसार लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के निर्देशानुसार वोट चोरी का पर्दाफाश करते हुए आम जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा हेतु वोटर लिस्ट में हुई व्यापक पैमाने पर अनियमितताओं को लेकर केंद्र की मोदी सरकार एवं चुनाव आयोग के गठजोड़ का खुलासा किया। सारे साक्ष्य मीडिया के समक्ष रखे थे। राहुल गांधी ने निडरता पूर्वक किए गए खुलासे को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जनपद स्तर पर नेताओं को निर्देशित किया। जिसके चलते शहर कांग्रेस अध्यक्ष अंकुर मिश्रा द्वारा पलरिया मोहल्ले में राजन शुक्ला के निवास पर कांग्रेस जन व आम लोग एकत्र होकर राहुल गांधी की प्रेंस कॉन्फ्रेंस एलईडी पर देखते हुए रुबरु हुए। इस अवसर पर राकेश सारस्वत, सलीम खान, अशोक राठौर, नजर, अतीक सलमानी, वीरेंद्र मिश्रा, अंकित शर्मा, अंशु, अमर मिश्रा, जुल्फिकार फैसल, लियाकत, मुकीम, विष्णु मिश्रा, शब्बू, राजन शुक्ला, वात्सल्य मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

### इलेक्ट्रानिक मर्चेंट एण्ड वेलफेयर एसो. का कार्यक्रम 15 को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** इलेक्ट्रानिक मर्चेंट एण्ड वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा स्वतंत्रता दिवस शुक्रवार को प्रातः 10 बजे उत्सव गेस्ट हाउस में मनाया जायेगा। जिसमें झण्डा रोहण के साथ परिवार मिलन कार्यक्रम होगा। यह जानकारी जिलाध्यक्ष मनोज कुमार ने दी है।

### स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम कम्प्यूटर सेंटर पर कल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मण्डल द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त प्रातः 9:30 बजे गुरुगांव देवी मंदिर के निकट प्रवक्ता लाखन सिंह के प्रतिष्ठान एलएसटीटीसी कम्प्यूटर सेंटर पर होगा। यह जानकारी प्रवक्ता लाखन सिंह ने दी है।

### चेहल्लुम पर अवकाश घोषित की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष ने मांग की है कि 14 अगस्त चेहल्लुम पर अवकाश घोषित किया जाये। जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान रजलामई में प्रतिभाग कर रहे शिक्षक-शिक्षिकाओं को अवकाश नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में शिक्षकों ने मांग की कि अवकाश घोषित किया जाये। शिक्षिका प्रीती, आशा शीला सिंह, संजुला, भारती, गुलजाना, नेहा वर्मा, गरिमा दुबे, नीलम पाल, रिंकी, निहारिका, अनिल कुमार आदि शिक्षिकों ने मांग की।

# बाढ़ पीड़ित गांव में शिविर लगाकर 185 मरीजों का हुआ परीक्षण


मरीज का परीक्षण करते डॉ. सुरेन्द्र सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय कढ़हर द्वारा राजेपुर ब्लॉक के बाढ़ ग्रस्त गांव बदनपुर में एक निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर लगाया गया। चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह एवं कक्ष सेवक आकाश मसीह के सहयोग से कुल 185 (110 पुरुष-75 महिला) बाढ़ पीड़ित रोगियों को निःशुल्क होम्योथिक चिकित्सा उपलब्ध करवाई गई। होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में दाद, खाज खुजली, एक्जिमा, सांस, जोड़ रोग, उल्टी, दस्त, बुखार, पेट दर्द इत्यादि से पीड़ित रोगी पाए गए। जिन्हें रोगानुसार उचित होम्योपैथिक उपचार देने के साथ साथ सभी ग्राम वासियों को बाढ़ के दौरान पानी उबालकर पीने की सलाह दी गई, साथ ही उन्हें अपनी व्यक्तिगत साफ सफाई रखने के तौर तरीके भी समझाए गए।

# भाकियू की तिरंगा यात्रा में दिखा देशभक्ति का जज्बा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय आवाह्न पर ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। पंद्रह सूत्रीय राष्ट्रीय ज्ञापन और पंद्रह सूत्रीय जिला स्तरीय ज्ञापन जिला अधिकारी सम्बोधित नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। सात किलोमीटर की ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाल कर एवं लिंक एक्सप्रेसवे के विरोध में और जनपद में गंगा नदी पर बांध बनाए जाने के बैनर भी किसान लेकर शामिल हुए। सातनपुर आलू मंडी में नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा गया।

जनपद के सातों ब्लॉकों से किसान अपने अपने ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा में शामिल हुए हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य ने कहा कि किसान की जमीन कोई नहीं ले सकता, जब तक किसान नहीं चाहेगा। मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मी शंकर जोशी ने कहा कि ये सरकार अन्नदाता का अपमान कर रही है, किसानों को झूठे सपने दिखा रही है। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि जनपद में लिंक एक्सप्रेसवे की कोई जरूरत ही नहीं है, जिस तरह से लिंक एक्सप्रेसवे बनाया जाएगा उसी के समानांतर पहले से ही राष्ट्रीय राजमार्ग 730 सी उपलब्ध है, इसी हाइवे को सिक्स लेन के दिया जाए और लिंक एक्सप्रेसवे की जगह जनपद में बांध बनाया जाए, जिससे जनपद का किसान हर वर्ष बाढ़ की विभीषका को झेलता है उससे बचाया जा सके और जनपद की तरक्की तभी होगी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में बाढ़ का विकराल रुप है, प्रभावित क्षेत्र में आश्रय स्थल बनाये जाये। उन्होंने कहा कि खाद किसानों को समय से उपलब्ध नहीं हो रही है। जिससे किसानों में आक्रोश है। इस अवसर पर छविनाथ शाक्य, कृष्ण गोपाल मिश्रा, ब्रजेश गंगवार, संजीव सिंह सोमवंशी, सुबोध यादव, अभय यादव, गोपी शाक्य, मुकेश शर्मा, संजय उर्फबिजनेश यादव, पुजारी कटियार, सुशील दीक्षित, सुग्रीव सिंह पाल, संजीव यादव, राजेश उर्फगुड्डु यादव, राजेश गंगवार, संजीव मिश्रा, अरविंद गंगवार, अनीश सिंह, सोनू सोमवंशी, कश्मीर गंगवार, राजीव, शिवराम शाक्य, पवन जोशी, अजीत कुमार उर्फ टिंकू यादव, सतीश कठेरिया, अंकेश गंगवार, संजीव कुमार, राजीव ठाकुर, अभय गंगवार, रजत गंगवार, बिट्टो अवस्थी, तारा देवी, मनोरमा, कुसुमलता, सीतादेवी आदि उपस्थित रहे। वहीं भारतीय किसान यूनियन जन शक्ति तिरंगा यात्रा में जिलाध्यक्ष सर्वेश सिंह यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। कमालगंज से यात्रा शुरु होकर सातनपुर मण्डी पहुंची। इस मौके पर शिवेन्द्र सिंह, हिमांशु सिंह, अमित, आदेश कुमार, संगीता गुप्ता, रेनू कश्यप, अंजली दीक्षित, चांदनी, कुंती, सुरजीत, निर्दोश यादव, सदन सिंह, दुर्गेश, देवेन्द्र, जितेन्द्र सिंह, आकाश कटियार, विजेन्द्र आदि लोग मौजूद रहे।


जन चौपाल में मौजूद किसान

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की डीएम ने ली बैठक, दिये आवश्यक निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना विषय की बैठक का आयोजन किया गया।

परियोजना अधिकारी यूपीनेडा द्वारा पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के सम्बन्ध में जानकारी दी। उन्होंने पीएम सूर्यधर का जनपद का लक्ष्य 5314 है, जिसके अन्तर्गत एक अदद सोलर पावर प्लाण्ट स्थापित कराये जा चुके है। मेसर्स वाश इनर्जी सोलर शैल्यूशन ने बताया कि आरती देवी भगुवा नगला तथा आकाश कुमार तथा नवल किशोर मिश्रा 4-175 के बिजली के बिल में काफी त्रुटियां है। बिजली के बिल को सही कराने की मांग की। मेसर्स नव ज्योति ट्रेडर्स ने बताया कि लाभार्थी जमुना देवी तथा हरिज्ञाता नन्द की पीएम सूर्यघर की लोन की पत्रावली सेन्ट्रल बैंक शाखा फतेहगढ़ में लम्बित हैं। लोन की पत्रावली स्वीकृत न होने की कारण लाभार्थियों को पीएम सूर्यधर का लाभ नहीं मिल पा रहा है। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी उपस्थित वेण्डर्स बिजली विभाग एवं बैंक से सम्बन्धित समस्याओं को सम्बन्धित अधिकारियों से निराकरण कर लें। विद्युत विभाग के अधिकारी/कर्मचारी, विद्युत बिल एवं अन्य आने वाली समस्याओ को दूर करायें।

जिससे जनपद की प्रगति में बाधा न हो, जो भी वेण्डर्स को विद्युत विभाग या बैंकों से समस्यायें आती है, उनका निराकरण शीघ्र सम्बन्धित अधिकारी करायें। इस असवर पर जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, ध्रुव कुमार सीनियर मैनेजर ग्रामीण बैंक, मो. मशीउल्लाह अधिशाषी अभियन्ता टेस्ट विद्युत ग्रामीण, वृजभान सिंह अधिशाषी अभियन्ता शहरी, सुशील कुमार अधिशाषी अभियन्ता विद्युत, भूपेन्द्र सिंह प्रतिनिधि जीएमआर, बी.के. सिह कृषि विभाग, राहुल देव सिंह वेण्डर कैमिया टेक्नालोजी, अकूर ट्रेडर्स वेण्डर, गार्गी एजेंसीज, अवधेश कुमार वेण्डर ब्राइट इण्डिया, मेसर्स एकेएनएस ग्रीन इंजीनियर, प्रशान्त दीक्षित वेण्डर वाश इनर्जी, आर.के. राठौर एलडीएम कार्यालय के अलावा आलोक दुबे, आशीष मिश्रा, शैलेन्द्र कुमार शाक्य, सुनील शाक्य, रामानन्द यादव, एपी सिंह, पियूष कुमार त्रिपाठी, सुरेन्द्र यादव, राघवेन्द्र सिंह, पुष्पेन्द्र यादव, राजेश कुमार, सत्य नारायण सिंह, अंकुर सिंह आदि मौजूद रहे।


बैठक लेते डीएम

# नेशनल पब्लिक स्कूल पर लगा एक लाख का जुर्माना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने नेशनल पब्लिक स्कूल को पत्र भेजकर स्कूल न बंद करने पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। खण्ड शिक्षाधिकारी द्वारा 4 अगस्त को अवगत कराया गया था कि नेशनल पब्लिक स्कूल जूनियर हाईस्कूल कैंट चौराहा फतेहगढ़ की प्रबंधिका की मान्यता को प्रत्याहरित किया गया है। ऐसे में अध्ययनरत्न छात्र-छात्राओं का नामांकन पास के दूसरे विद्यालय में कराये गये जाने के निर्देश दिये गये थे। स्कूल बंद न करने पर व संचालन बंद न करने पर अपने अधिवक्ता से दूरभाष से वार्ता करायी गई। प्रबंधिका द्वारा कार्यालय के आदेश की अवहेलना करते हुए विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। ऐसे में मान्यता व शर्तों का उल्लंघन माना गया है। प्रारंभिक शिक्षा 99-प्रकीर्ण प्राप्तियां में जुर्माना धनराशि 1 लाख रुपये 14 अगस्त को लगाते हुए जमा करने का आदेश जारी किया गया है और विद्यालय का संचालन तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिये गये है। 16 अगस्त को विद्यालय संचालित करने पर प्रति दिवस 10 हजार रुपये की दर से संस्था पर और जुर्माना लगाया जायेगा। धनराशि न जमा कर विद्यालय का संचालन जारी रखने पर बिना शर्त सूचना न देने पर संस्था के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज होगी। जिसके उत्तरदायी वह स्वयं होंगी। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी द्वारा भेजे गये पत्र में एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# विभागों की वसूली लक्ष्य से कम होने पर डीएम ने जतायी नाराजगी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ0 आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

समीक्षा में वाणिज्य कर विभाग की वसूली लक्ष्य से कम पाई गई। प्रदेश में 30 स्थान प्राप्त हुआ। स्टाम्प एवं निवन्धन विभाग की राजस्व प्राप्ति कम पाई गई। आबकारी विभाग की वसूली कम पाई गई।

परिवहन विभाग का वसूली ठीक पाई गई। परिवहन विभाग वसूली में प्रदेश में 8वें स्थान पर रहा। खनन विभाग की वसूली कम पाई गई। जिलाधिकारी ने खनन अधिकारी को प्रवर्तन कार्य में सख्ती बरतने व तेजी लाने के निर्देश दिए। मंडी फर्रुखाबाद की वसूली कम पाई गई। विद्युत विभाग की वसूली अच्छी पाई गई। डीएम ने निर्देशित किया कि खनन विभाग, वाणिज्य कर विभाग, स्टाम्प व निबंधन विभाग प्रवर्तन का कार्य बढ़ाये, जिन विभागों की वसूली कम है वह बढ़ाये। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी प्रतिदिन सी.एम. डैशबोर्ड के पैरामीटर चेक करेंगे व उसमे सुधार लायेंगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सभी को नशीली दवाएं न लेने के लिये शपथ दिलाई गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, नगर मजिस्ट्रेट व सम्बंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


बैठक लेते डीएम

# डीएन कालेज में एनएसएस द्वारा नशा मुक्ति की दिलायी गई शपथ


नशा मुक्ति की शपथ लेते छात्र-छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

डीएन पीजी कॉलेज फतेहगढ़ में शासन के आदेशानुसार एनएसएस के तत्वाधान में महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान, नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. राम नरेश सिंह के दिशा निर्देशन में छात्र-छात्राओं को तम्बाकू से होने वाली स्वास्थ्य सम्बन्धी हानियों से अवगत कराते हुए जागरूक किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मो. अमीन ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं समस्त स्टाफ को नशामुक्ति से सम्बन्धित शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. सत्येन्द्र मिश्रा, डॉ. पंचम कुमार, विनय कुमार बाथम, सरस पाठक, वीरभान सिंह वं शिक्षणेत्तर कर्मचारी श्याम सुन्दर, ओम प्रकाश सिंह, प्रशान्त कुमार, योगेन्द्र यादव आदि उपस्थित रहे।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का सपा नेताओं ने दौरा कर जाना हाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने महासचिव इलियास मंसूरी के नेतृत्व में बाढ़ पीड़ित इलाकों का दौरा किया गया। उनके साथ सह मीडिया प्रभारी राधेश्याम सविता, रामू गुप्ता, रामपाल सिंह, अखिल कठेरिया, शीलू खां के साथ स्टीमर से बाढ़ ग्रस्त इलाकों का दौरा किया। बाढ़ का प्रकोप झेल रहे बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों से भी वार्ता की और उनकी परेशानियों को सुना तथा पार्टी की तरफ से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने बताया कि गंगा नदी के किनारे का जिला होने के कारण यहां गंगा के किनारे बसे हुए गांव हर वर्ष बाढ़ के प्रकोप का शिकार होते हैं। ऐसे में उनका जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। पार्टी जिला प्रशासन से मांग करती है कि बाढ़ से हो रहे कटान को रोकने के हर संभव प्रयास किए जाएँ। बाढ़ में अपना घर गंवाने वाले लोगों की सूची तैयार की जाए और उन सभी बे-घर हुए परिवारों को प्राथमिकता के साथ आवास देना सुनिश्चित किया जाए। बाढ़ ग्रस्त गांवों में खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए प्रशासन व्यवस्था करें। जो परिवार बाढ़ के प्रकोप से अपना घर/गांव छोड़कर सड़कों पर डेरा डाले हैं, उनके लिए प्रशासन राहत कैम्पों में रहने की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करें। बाढ़ ग्रस्त इलाकों में बीमारियों का भयंकर प्रकोप फैलता है इसलिए जिला प्रशासन स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा नियमित कैम्प लगाकर सभी पीड़ितों का इलाज/जांच एंव दवाओं का निःशुल्क वितरण कराना सुनिश्चित कराया जाए, आदि मांग की है।


स्टीमर से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र की जानकारी करते सपा नेता

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार



# राजकीय महाविद्यालय के तत्वावधान में निकली तिरंगा रैली

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चुनार में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में तिरंगा रैली निकाली गई। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. डॉ. माधवी शुक्ला ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों एवं विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि तिरंगा रैली से जनमानस में राष्ट्रवाद की भावना और प्रबल होगी। रैली में विद्यार्थियों ने हर मन तिरंगा, हर घर तिरंगा, तिरंगा घर लाएं और सम्मान से फहराएं, तिरंगा हमारी शान है, भारत की पहचान है जैसे राष्ट्रवादी भावना से ओतप्रोत नारों से जन सामान्य को प्रेरित किया। समाजशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. दीप नारायण ने विजयी विश्व तिरंगा प्यारा झंडा गीत के माध्यम से स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों में जोश भर दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपक कुमार सिंह ने रैली का संयोजन एवं डॉ. विद्या सिंह ने सह– संयोजन किया। रैली में डॉ. कुसुम लता, डॉ रजनीश, डॉ. अवधेश सिंह यादव, डॉ. विद्या सिंह, डॉ. शिखा तिवारी, डॉ. चंदन द्विवेदी, डॉ. अमित यादव, डॉ. रमेश चंद्र, कुर्बान अली, अंजली दूबे, अभय यादव, विकास साहनी सहित 90 स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। साथ ही महाविद्यालय में उमंग कल्चरल क्लब द्वारा आयोजित सात दिवसीय कजरी कार्यशाला में कजरी कार्यशाला के पंचम दिवस पर भातखंडे उमंग कल्चरल क्लब की प्रभारी डॉ. कुसुम लता के नेतृत्व में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आराधना देवी पंचम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान स्वाति कुशवाहा बी ए प्रथम सेमेस्टर, तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से काजल भारती बीए प्रथम सेमेस्टर एवं खुशी कुशवाहा बी ए प्रथम सेमेस्टर रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिखा तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अदिति सिंह ने किया। निर्णायक मंडल में डॉक्टर अवधेश सिंह यादव, डॉक्टर अदिति सिंह एवं डॉक्टर शिखा तिवारी रहे। इस अवसर पर भातखंडे कल्चरल क्लब समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



# भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी सीखड़ मंडल द्वारा स्वच्छता अभियान चला कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्तंभ मगरहा पर मंडल अध्यक्ष विजय भारद्वाज पटेल के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया व माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता घर का तिरंगा अभियान चला रहे हैं। देश की स्वतंत्रता में आहुति देने वाले सभी महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अवसर पर फुल्ल कुमार सिंह, एस पी पाठक शिवेंद्र सिंह, राजेश कुमार सिंह, वी के सिंह, मनीष कुमार आदि कार्य कर्ता उपस्थित रहे।




## उपेंद्र तिवारी अध्यक्ष, अमित कुमार मंत्री निर्विरोध निर्वाचित

### तहसील फरेंदा में लेखपाल संघ का सामान्य निर्वाचन निर्विरोध सम्पन्न

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज ,** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ जनपद महाराजगंज के शाखा तहसील फरेंदा के सामान्य निर्वाचन का चुनाव निर्विरोध निर्वाचित हुआ। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ जनपद महाराजगंज की शाखा फरेंदा के सामान्य निर्वाचन में सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचित होने वाले पदाधिकारीयों में उपेंद्र तिवारी अध्यक्ष,अमित कुमार त्रिपाठी मंत्री,राजेंद्र प्रताप चौधरी वरिष्ठ उपाध्यक्ष ,गुलशन भारती कनिष्ठ उपाध्यक्ष, जितेंद्र कुमार उप मंत्री, सूरज कुमार कोषाध्यक्ष तथा सोनालिका प्रसाद को ऑडिटर पद पर निर्वाचित किया गया। लेखपाल संघ फरेंदा तहसील के पदाधिकारी के निर्विरोध निर्वाचन पर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ महाराजगंज एवं फरेंदा तहसील के सभी लेखपाल एवं राजस्व कर्मियों ने नव निर्वाचित सभी लेखपालों को बधाई दिया।

## 15 अगस्त को बंद रहेगी मादक पदार्थों की दुकान




**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** जिला मजिस्ट्रेट ध्लाइसेंस प्राधिकारी पवन कुमार गंगवार ने जारी अपने आदेश के तहत आबकारी अनुज्ञापन नियमावली के निबंधन एवं शर्तों के अनुसार 14 अप्रैल अम्बेडकर जयन्ती, 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस, 02 अक्टूबर गांधी जयन्ती तथा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर आबकारी की समस्त दुकानों को बन्द रखने का प्राविधान हैं। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त 2025 (स्वतंत्रता दिवस) के अवसर पर जनपद की समस्त दुकानों को बन्द रखना आवश्यक है।




नगर पालिका परिषद छिबरामऊ
जनपद – कन्नौज
स्वच्छ सर्वेक्षण

स्वतन्त्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की
हार्दिक शुभकामनाएं

नागरिकों से अपील

1. स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 आरम्भ हो रहा है, जिसमें अपने शहर छिबरामऊ को नं० 1 बनाने में सहयोग करें।
2. आपका शहर छिबरामऊ ओ०डी०एफ० + घोषित हो चुका है।
3. सार्वजनिक मार्गों पर पशुओं को न बांधे, पालन न करने पर चालानी कार्यवाही की जायेगी।
4. आप सभी सफाई सम्बन्धित शिकायत 1533/14420 व सुझाव Swachhata Mohua App के माध्यम से दर्ज करा सकते हैं।
5. प्रतिबन्धित पॉलीथीन/थर्माकोल/सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें। नगर के सभी गेस्ट हाउस, होटल, धर्मशाला संचालकों से अपील है कि अपने यहां सम्पन्न होने वाले वैवाहिक एवं अन्य किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रमों में प्रतिबन्धित पॉलीथीन/थर्माकोल/सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न होने दें।
6. रोड पटरी पर निर्माण / विध्वंस सामग्री एकत्रित न करें, पालन न करने पर चालानी कार्यवाही की जायेगी।
7. अपने दरवाजे पर आने वाले ई–रिक्शा / कूड़ा गाड़ी में गीला एवं सूखा कचरा पृथक–पृथक डालें एवं घरेलू खतरनाक कचरे को अलग से सौंपे।
8. 03 वर्ष के अन्दर सेप्टिक टैंक की सफाई अवश्य करायें एवं केवल पंजीकृत ऑपरेटर से ही सफाई करवायें।
9. घर से उत्पन्न गीले कूड़े (प्राकृतिक कूड़ा) का निपटान अपने घर पर होम कम्पोस्टिंग द्वारा करें।
10. आप सभी नागरिकों से अनुरोध है कि RRR (Reuse] Recycle] Reduce) सिद्धांतों को अपनी जीवन शैली में अपनाएं।
11. गौवंशों को आवारा न छोड़ें एवं नाला/नाली, फुटपाथ, सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण न करें।
12. नगर पालिका के करों का भुगतान समय से करें एवं भवन निर्माण करवाने से पूर्व भवन मानचित्र अवश्य स्वीकृत करवायें।
13. पालिका से सम्बन्धित सुझाव/शिकायत के लिए Google Play Store से Nagar Sewa App (Chhibramau) डाउनलोड कर अपना सुझाव/शिकायत ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं

समस्त सम्मानित सभासदगण
नगर पालिका परिषद
छिबरामऊ – कन्नौज

मनोज दुबे
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद

# आप सभी को 79वें स्वतंत्रता दिवस तथा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की ढेरों मंगलकामनाएँ

## (छिबरामऊ परिशिष्ट)

CITY CHILDREN'S ACADEMY
(Affiliated to CISCE New Delhi Reg. No.- UP. 325)
Chhibramau (Kannauj)
• Facility of Water Cooler • Well Furnished Computer Lab
• Audio Visual (Multimedia) Classrooms Powered by Mexus
• Air Conditioned Activity Room
ADMISSION OPEN
Our Branches
Khubariyapur Road
Talgram Road
CEO Vishvas Pradhan
Administrator Sudha Pradhan
Chairman Pradeep Pradhan

डॉ० प्रदीप सिंह
डॉ० राहुल सिंह
बी० डी० एस०, दंत रोग विशेषज्ञ
कमला सिंह अस्पताल
डॉ० दीपिका सिंह
कमला सिंह
संरक्षक
पुराने सौरिख बस स्टॉप के पास,बनवारीनगर,छिबरामऊ

स्वतंत्रता दिवस
की दिली मुबारकबाद
कुमैल इदरीस
प्रधानाचार्य
मदरसा गुलशने रज़ा
बिरतिया,छिबरामऊ
(कन्नौज)
9936673548

स्वतंत्रता दिवस
की दिली मुबारकबाद
हाफ़िज़ एहतिशाम
प्रबन्धक
ग्लोबल एजुकेशन
फर्रुखाबाद रोड,छिबरामऊ (कन्नौज)
जे.बी.जी. नेशनल हा० से० स्कूल
नगला दिलू रोड,छिबरामऊ (कन्नौज)

स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबन्धन
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रभात गौतम
जिलाध्यक्ष आजाद समाज पार्टी
7388437131
नेम सिंह उर्फ पुच्चू
अध्यक्ष युवा मार्चा
7388506340

" बचपन की है यही पुकार, शिक्षा है सबका अधिकार "
समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
आनन्द द्विवेदी
खण्ड शिक्षा अधिकारी
राजेश पाठक
प्रधानाध्यापक
कम्पोजिट विद्यालय (नगर क्षेत्र)
विकास खण्ड छिबरामऊ,जनपद – कन्नौज

स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन
जन्माष्टमी की दिली मुबारकबाद
अच्छी एवं किफायती शादी मतलब....
Raju Tent
Event & Wedding Planner
प्रदेश सचिव
उ० प्र० टेन्ट कैटर्स एण्ड डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन
M.9559737317
9453302543
तालग्राम रोड,बहवलपुर,छिबरामऊ (कन्नौज)

समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
नीरज पाल
(स्टोरी मिरर ऑफ द इयर अवार्ड से सम्मानित)
इंचार्ज प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय
खानपुर कसावा, छिबरामऊ
Mob-9956686068

समस्त नागरिकों को
स्वतंत्रता दिवस,रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश द्विवेदी
"एडवोकेट"
सुभाष नगर छिबरामऊ
Mob-9415472985

समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
संजीव ठाकुर
(राष्ट्रीय उपाध्यक्ष /जिलाध्यक्ष कन्नौज)
भारतीय किसान यूनियन (भानु)
मै० संजीव ठाकुर ट्रेडर्स
नवीन मण्डी छिबरामऊ मो.9569699195, 9415444655

स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबन्धन व जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
उमेश पाल
विधानसभा अध्यक्ष
9604383287
स्वदेश पाल
जिला उपाध्यक्ष
पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ समाजवादी
9793645405

समस्त नागरिकों को
स्वतंत्रता दिवस
रक्षाबंधन
एवं जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
सुषमा पाल
ब्लाक प्रमुख छिबरामऊ
बादाम सिंह पाल
ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि
राहुल पाल
जिला मंत्री भाजयुमो
मनीष सिंह पाल
प्रधान ग्राम पंचायत अन्नपुर
विकास खण्ड – छिबरामऊ
जनपद – कन्नौज

हीरालाल वी.एन. इण्टर कॉलेज
• स्मार्ट क्लासेस
• स्काउटिंग,एन.सी.सी. व खेलकूद
• अत्याधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी
• प्रार्थना सभा में प्रतिदिन योगा व नैतिक शिक्षा
मीनू -आलोक गुप्ता
प्रबन्धक
राधावल्लभ मिश्रा
प्रधानाचार्य
श्री गंगेश्वर नाथ मन्दिर रोड,छिबरामऊ (कन्नौज)

समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
J.S.SENIOR SECONDARY SCHOOL
(Aff. to CBSE, Aff. No.-2133729)
SUPRABHASH ACADEMY
(Awas Vikas Colony, Chhibramau )
JSITM GT Road Chhibramau
M.9936166654
Smt. VIBHA SAXENA
CHAIR PERSON
HIMANSHU SAXENA
(MANAGER)
Founder-
Late Er.SUPRABHASH CHANDRA SAXENA
Dr. JIWAN SHUKLA ,KANNAUJ

स्वतंत्रता दिवस,रक्षाबन्धन,जन्माष्टमी
मंगलमय हो
लाल बहादुर सिंह (लालू)
राजकीय ठेकेदार
किराये पर
जेसीबी
उपलब्ध है।
छिबरामऊ (कन्नौज) मो.9415472725

समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
मनमोहन सिंह
(मोनू भईया) एडवोकेट
जिला कोषाध्यक्ष
उ० प्र० टेन्ट कैटर्स एण्ड डेकोरेटर्स
वेलफेयर एसोसिएशन
अथर्व राठौर
न्यू गोविन्द टेन्ट हाउस
गमा देवी मन्दिर के सामने बहवलपुर मो.9695033209